www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 7 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –232 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





सिर्फ वादे ही करती आ रही केंद्र सरकार : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस
■ चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित पृष्ठ 6
■ गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं : दुजारिक
■ पन्नून पर भारत की जांच के नतीजों का उत्सुकता से इंतजार पृष्ठ 7
दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जीत के लिए बल्लेबाजी अहम होगी : राहुल द्रविड़ पृष्ठ 8

# जम्मू-कश्मीर ने नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेली : अमित शाह

## पूर्व प्रधानमंत्री ने सही कदम उठाए होते, तो पीओके हमारा होता

**नई दिल्ली**, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा से जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर से संबंधित जिन दो विधेयकों पर सदन में विचार हो रहा है, वे उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाए गए हैं, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई और जिन्हें अपमानित किया गया। अमित शाह ने देश के पहले प्रधानमंत्री पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर ने जवाहर लाल नेहरू की दो गलतियों की वजह से समस्याओं को झेला है। इनमें पहली संघर्ष विराम की घोषणा और फिर कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना शामिल था। यदि जवाहरलाल नेहरू ने सही कदम उठाए होते, तो पीओके हमारा हिस्सा होता। उन्होंने सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों का दर्द समझते हैं तथा एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने पिछड़ों के आंसू पोंछे हैं।

**लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाए विधेयक**

उन्होंने कहा कि मैं यहां जो विधेयक लेकर आया हूं, वह उन लोगों को न्याय दिलाने और



उनका अधिकार दिलाने से संबंधित है, जिनके खिलाफ अन्याय हुआ, जिनका अपमान हुआ और जिनकी उपेक्षा की गई। किसी भी समाज में जो लोग वंचित हैं उन्हें आगे लाना चाहिए, यही भारत के संविधान की मूल भावना है। उन्हें इस तरह से आगे लाना होगा जिससे उनका सम्मान कम न हो। अधिकार देना और सम्मानपूर्वक अधिकार देना दोनों में बहुत अंतर है। इसलिए इसका नाम कमजोर और वंचित वर्ग की बजाय अन्य पिछड़ा वर्ग किया जाना जरूरी है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने इसे कम आंकने की भी कोशिश की। किसी ने कहा कि सिर्फ नाम बदल रहा है। मैं उन सभी से कहना चाहूंगा कि अगर हमारे अंदर थोड़ी सी भी सहानुभूति है तो हमें देखना होगा कि

■ कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना थी गलती
■ जम्मू कश्मीर से जुड़े विधेयक लोकसभा में पास

किसी भी समाज में जो लोग वंचित हैं उन्हें आगे लाना चाहिए, यही भारत के संविधान की मूल भावना है : अमित शाह, गृह मंत्री

नाम के साथ उनका सम्मान जुड़ा है। ये वही लोग देख सकते हैं जो इन्हें अपने भाई की तरह समझकर आगे लाना चाहते हैं, वे इसे नहीं समझ सकते जो इसे अपने राजनीतिक फायदे के लिए वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते हैं। नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं, जिनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ और आज देश के प्रधानमंत्री बन गए। वे गरीबों का दर्द जानते हैं।

**तो कश्मीरी पंडितों छोड़कर नहीं जाना पड़ता**

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाया गया है, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई और जिन्हें अपमानित किया गया। करीब 46,631 परिवार और

इस मुद्दे पर सदन में एक बार पूरे दिन चर्चा करा ली जाए तो 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा : अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता



1,57,967 लोग जम्मू कश्मीर से देशभर में विस्थापित होने को मजबूर हुए, उन्हें न्याय दिलाने के लिए सरकार विधेयक लाई है। अगर वोट बैंक के बारे में सोचे बिना शुरुआत में ही आतंकवाद से निपटा जाता तो कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़कर नहीं जाना पड़ता।

बॉक्स में

**तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया : अधीर रंजन**

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के मंत्री और बीजेपी के कई नेता कश्मीर की बात आने पर पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की अनावश्यक आलोचना करने लगते हैं।

कांग्रेस नेता ने यहां तक कहा कि इस मुद्दे पर सदन में एक बार पूरे दिन चर्चा करा ली जाए तो 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा। इस पर शाह ने कहा कि वो ऐसी चर्चा के लिए तैयार हैं।

# मिचौंग तूफान से चेन्नई में तबाही, 20 की मौत



■ वायु सेना हेलिकॉप्टर से पहुंचा रही खाना
■ 72 घंटे से बिजली नहीं, इंटरनेट भी है बंद

**चेन्नई**, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराया। उससे पहले तूफान ने चेन्नई में काफी तबाही मचाई। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश हुई। बारिश के चलते कई इलाके पिछले दो दिनों से बाढ़ में डूबे हैं। कई इलाकों में 72 घंटे से बिजली नहीं आ रही, इंटरनेट बंद है। भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से बाढ़ में फंसे लोगों तक खाना पहुंचाया जा रहा है। तमिलनाडु में तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई शहर पानी में डूब गया, जिससे 20 लोगों की मौत हो गई। राज्य के चेन्नई, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर और कांचीपुरम जिलों में स्कूलों में होने वाली छमाही परिक्षाएं पोस्टपोन कर दी गईं। पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर चक्रवात के चलते जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई। मौसम विभाग के महानिदेशक ने बुधवार को कहा- तूफान मिचौंग कमजोर हो गया है। अब इससे किसी नुकसान का खतरा नहीं है। उधर, साइक्लोन के चलते ओडिशा में बारिश हो रही है।

**स्टालिन ने मोदी को लिखा पत्र 5,060 करोड़ की मदद मांगी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5,060 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत देने और चक्रवात मिचौंग से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए एक केंद्रीय टीम भेजने की भेजने की अपील की। मिचौंग तूफान के कारण चेन्नई और उसके तीन पड़ोसी जिलों में भारी बारिश हुई। श्री स्टालिन ने कहा कि राज्य सरकार ने भी चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करना शुरू कर दिया है और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी तथा केंद्र सरकार से अतिरिक्त धन का अनुरोध करेगी।

**राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग**- लोकसभा में बुधवार को द्रमुक के वरिष्ठ सदस्य टी आर बालू ने शक्तिशाली चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण तमिलनाडु और राजधानी चेन्नई में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हुई तबाही को देखते हुए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गयी। श्री बालू ने शून्य काल में कहा कि चक्रवाती तूफान के प्रकोप के कारण तमिलनाडु के कई इलाकों और राज्य की राजधानी चेन्नई में भारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है।

**सार संक्षेप**

### अंबेडकर को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन परिसर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संविधान के शिल्पकार कहे जाने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बुधवार को संसद भवन परिसर में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिन दहाड़े श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगमेड़ी की हत्या कर देने के मामले की सघन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आज इस मामले की सघन जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एन एम के पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की। श्री मिश्रा ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों अभियुक्त की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होते ही दोनों अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित होगा और इन अभियुक्तों के बारे में जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपए का इनाम मिलेगा।

# प्रोटेम स्पीकर के लिए बृजमोहन अग्रवाल का नाम सबसे ऊपर

**रायपुर**, 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रोटेम स्पीकर को लेकर रमन सिंह ने कहा, जो सबसे ज्यादा विधानसभा में जीत के आया होता है वह प्रोटेम स्पीकर बनता है। उस क्रम में यदि देखा जाए तो मुझे लगता है सबसे पहला नाम बृजमोहन अग्रवाल का आता है। आठवीं बार जीत कर आए हैं। बृजमोहन का नाम सबसे ऊपर है।



छत्तीसगढ़ को नए मुख्यमंत्री को लेकर पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा, पार्लियामेंट का सत्र चल रहा है। सारे वरिष्ठ लोग की व्यस्तता भी है। दो-तीन दिन के अंदर पर्यवेक्षक आ जाएंगे और निर्णय हो जाएगा। मुख्यमंत्री पद को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा, मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। पार्टी का जो निर्देश होगा उसका पालन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में बैकडेट में किए जा रहे साइन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने अफसरों को समझाइश दी है। उन्होंने कहा, प्रशासनिक क्षेत्र से जानकारी आ रही है वह चिंताजनक है। 3 तारीख के डेट में कुछ वित्तीय विषय को लेकर कुछ अन्य विषय को लेकर बैकडेट पर साइन कराई जा रही है। काफी सारी फाइलों पर 3 तारीख के बाद बैक डेट पर साइन की गई है।मैं समझता हूं कि यह सरासर गलत है और उचित नहीं है।रमन सिंह ने कहा, जो भी मुख्यमंत्री बनेगा छत्तीसगढ़ में इस विषय की विवेचना तो करेगा। यह ऐसा समय है जब तक सरकार का गठन ना हो जाए कोई नए निर्णय नहीं लिए जा सकते। कोई नए आदेश जारी नहीं हो सकते। वह अधिकारी जो आज भी पुराने जितने भी किए हुए काम है उसको सही साबित करने में लगे हुए हैं। उनको मैं स्पष्ट चेतावनी दे रहा हूं कि ऐसी गड़बड़ी करना अब तो बंद करो अब तो सरकार बदल गई है। कम से कम छत्तीसगढ़ के हित में काम करना पड़ेगा।

बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा, जो इस प्रकार अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में रायपुर में और आसपास जो अवैध कब्जे थे प्रशासन समझ गया है। आने वाली सरकार इस तरह के अवैध कब्जे अवैध धंधे को बर्दाश्त नहीं करेगी इसलिए प्रशासन सरकार बदलते ही अपने रवैया में परिवर्तन ला रहा है। अच्छी बात है। अभी कोई सरकार नहीं है तो आदेश अधिकारी को लेकर कोई सवाल नहीं होता। सरकार के मंशा के अनुरूप काम कर रहे हैं। महादेव एप और भ्रष्टाचार को लेकर रमन सिंह ने कहा, महादेव एप पर इतने सारे मामले जांच किए हैं पूरे प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है। सरकार बदल गई है तो सरकार बदलने के बाद प्रक्रिया में तेजी आएगी। महादेव एप या भ्रष्टाचार के दूसरे मामले हैं उसमें रफ्तार आएगी। सरकार का भी इस पूरे मामले में जितने भी तेजी के साथ निराकरण हो सके करने का प्रयास करेंगे।

# विधानसभा चुनाव जीतने वालों ने छोड़ी सांसदी

## सांसदी से अब तक 11 ने दिया इस्तीफा, अरुण साव और गोमती साय के नाम शामिल

**नई दिल्ली**, 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 सांसद चुनाव जीते, जबकि 9 हार गए। जीते हुए 12 सांसदों में से 11 ने बुधवार को लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। सिर्फ राजस्थान से चुनाव जीतने वाले बालकनाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। संसद सदस्यता छोड़ने वालों में मध्य प्रदेश से नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। वहीं छत्तीसगढ़ से अरुण साव, रेणुका सिंह और गोमती साय जबकि राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल हैं।

**रेवंत का भी संसद सदस्यता से इस्तीफा**-तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने भी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रेवंत कल तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

राजस्थान से बीजेपी की तरफ से सात सांसदों ने चुनाव लड़ा। जिनमें बाबा बालकनाथ, किरोड़ीलाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भागीरथ चौधरी, नरेंद्र खीचड़ और देवजी पटेल शामिल थे। इन सात में से सिर्फ चार ही चुनाव जीत सके। चुनाव जीतने वालों में राज्यवर्धन, बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ीलाल का नाम है। राजस्थान से जिन तीन सांसदों ने इस्तीफा दिया है, वे संसद सदस्यता छोड़कर विधानसभा की सदस्यता लेंगे। पार्टी इन तीनों विधायकों को मंत्री पद दे सकती है। राजस्थान से बाबा बालकनाथ ने सांसद पद से इस्तीफा अभी लोकसभा स्पीकर को नहीं सौंपा है। ऐसे में वह या तो आने वाले दिनों में इस्तीफा देंगे। अगर नहीं देते हैं तो उन्हें विधायक पद छोड़ना पड़ेगा। जहां पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

मायावती ने अन्न योजना पर उठाए सवाल

### गरीबों को सरकारी अन्न का मोहताज बना दिया

**लखनऊ**, 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की मुफ्त राशन योजना पर कटाक्ष करते हुये बहुजन समाज पार्टी मायावती ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के चलते देश की 81 करोड़ से अधिक गरीब आबादी का जीवन सरकारी अन्न का मोहताज बनाना संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के विकसित भारत के सपने को तोड़ने के समान है। डा अंबेडकर की जयंती के मौके पर सुश्री मायावती ने कहा कि विभिन्न चुनाव परिणामों से लगता है कि ये दबे-कुचले व उपेक्षित लोग अगर अपने परिवार के ऐसे बेहाल और बदहाल जीवन से खुश नहीं हैं।

# रेवंत रेड्डी आज मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ

**हैदराबाद**, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के मनोनीत मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य के लोगों को गुरुवार को अपने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रेवंत रेड्डी ने लोगों को लिखे एक खुले पत्र में उन्हें दोपहर 1.04 बजे एल.बी. स्टेडियम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया।

कांग्रेस नेता ने कहा, तेलंगाना में इंदिराम्मा राज्यम का समय आ गया है जो छात्रों के संघर्ष, शहीदों के बलिदान और सोनिया गांधी की दृढ़ इच्छाशक्ति से बनाया गया था।



रेवंत ने पत्र में यह भी कहा, लोकतांत्रिक, पारदर्शी शासन प्रदान करने और कमजोर वर्गों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं तथा युवाओं के कल्याण के लिए सरकार बनाने के लिए वह 7 दिसंबर को हैदराबाद के एल.बी. स्टेडियम में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

**सोनिया, खड़गे को भी बुलाया**

रेवंत ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी से मुलाकात की और उन्हें व्यक्तिगत रूप से समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कर्नाटक हिमाचल प्रदेश के सीएम, राजस्थान छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम को भी आमंत्रित किया।

# पहाड़ों पर बदला मौसम, ऊपरी इलाकों में जमकर हुई बर्फबारी

**बागेश्वर**, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में मौसम बदल गया है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है। केदारनाथ, बदरीनाथ में बर्फबारी के चलते पहाड़ों पर सफेद चादर बिछ गई है। पहाड़ियां चांदी सी चमक रही हैं।

केदारनाथ धाम में तो 1 फीट तक बर्फ जम गई है, जिसके कारण वहां चल रहे निर्माण कार्य को रोकना पड़ा है। इतना ही नहीं केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में रात का तापमान माइनस 8 तक पहुंच गया है, जिसके कारण वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके अलावा उच्च पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबारी का दौर जारी है। बागेश्वर जिले में भी बर्फबारी हो रही है। बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील के पिंडर घाटी में ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हुई है। बागेश्वर के चिल्ठा चॉप की चोटियां बर्फ से ढक गई हैं। राज्य में तापमान तेजी से गिरता जा रहा है, मैदानी इलाकों में भी तापमान कम होने लगा है। बारिश के साथ ही हिमपात से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। साथ ही हीटर और अलाव का भी उपयोग कर रहे हैं।

■ केदारनाथ धाम में 1 फीट तक बर्फ जमी

मंगलवार को मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद मंगलवार शाम को आसमान में बादल छाए और रात में सभी क्षेत्रों में बारिश हुई। कपकोट तहसील में तीन हजार मीटर की उंचाई पर चिल्ठा मंदिर के साथ ही जातोली, बैलुनी बुग्याल, फुरकिया और पिंडारी जीरो प्वाइंट में हिमपात हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है, लेकिन उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। चिल्ठा टॉप बर्फ से पूरी तरह ढंक गया है। यहां स्थित मंदिर परिसर भी बर्फ के आगोश में डूब गया है।

जिला आपदा अधिकारी शिखा सुयाल ने कहा कि मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। तहसील कपकोट के उच्च हिमालयी गांवों में बर्फबारी होने के समाचार मिले हैं।

उन्होंने बताया कि मौसम को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। खाद्य पूर्ति की व्यवस्था वहां पहले ही की जा चुकी है। बर्फबारी अधिक हुई तो सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनें भी तैनात की जाएंगी।



## छोटे पर्दे पर डेब्यू कर रही शेफाली जरीवाला, कहा- 'शैतानी रस्में' जैसी कहानी का इंतजार था'

मुंबई, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'कांटा लगा' गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला, जो अपकमिंग शो 'शैतानी रस्में' से टीवी पर डेब्यू करने जा रही हैं, ने कहा कि वह पहले टीवी रोल्स पर विचार करने के लिए बहुत मनमौजी थी, वह टीवी शो के स्टोरी और कॉन्सेप्ट के मोनोटोनी से जुड़ नहीं पाती थी। शेफाली ने अपने टीवी डेब्यू और इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह पर चर्चा की। एक नई चुनौती को स्वीकार करते हुए, शेफाली 'शैतानी रस्में' के साथ छोटे पर्दे पर नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि मैं पहले टीवी रोल्स पर विचार करने के लिए बहुत मनमौजी थी। मैं टीवी शो के स्टोरी और कॉन्सेप्ट के मोनोटोनी से जुड़ नहीं पाई।'

# 'भारत में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से लाखों लोगों की मौत'



**तिरुवनंतपुरम,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) के कारण सबसे अधिक मृत्यु दर वाले देशों में भारत शामिल है। आंकड़े बताते हैं कि एंटीबायोटिक दवाओं का विरोध करने वाले कीड़ों के कारण होने वाली बीमारियों से हर नौ मिनट में एक बच्चे की मौत हो जाती है। यह चौंकाने वाला खुलासा मंगलवार को ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल (जीएएफ) के एक पूर्ण सत्र में किया गया, जहां विशेषज्ञों ने एएमआर के खतरे पर काबू पाने में पारंपरिक दवाओं की भूमिका पर चर्चा की, जो दुनिया के लगभग हर हिस्से में बढ़ रहा है, जिसके चलते डब्ल्यूएचओ ने इसे शीर्ष स्वास्थ्य खतरों में से एक घोषित किया है।

इस मुद्दे पर बोलते हुए जर्मनी में डुइसबर्ग-एसेन विश्वविद्यालय से प्रोफेसर, चिकित्सा विशेषज्ञ थॉमस रैम्प ने कहा, 'अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी एएमआर से खतरा है लेकिन एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों के लिए खतरा बड़ा है।' एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध को एक 'नई घटना' बताते हुए उन्होंने याद दिलाया कि पेनिसिलिन के प्रति प्रतिरोध 1940 में रिपोर्ट किया गया था, हालांकि दवा को 1928 तक उपयोग में लाया गया था।

इससे उस पर काबू पाने के लिए नए एंटीबायोटिक्स का निर्माण हुआ, लेकिन पिछले तीन दशकों में कोई भी नई एंटीबायोटिक्स विकसित नहीं हुई है और इससे समस्या और बढ़ गई है। प्रोफेसर रैम्प ने यह भी कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग और अति प्रयोग से उनमें प्रतिरोध बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, क्योंकि दुनिया में उत्पादित 80 प्रतिशत से अधिक एंटीबायोटिक्स का उपयोग खेतों और मत्स्य पालन में किया जाता है, जो अनिवार्य रूप से हमारी खाद्य शृंखला में प्रवेश करते हैं।

**'अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी एएमआर से खतरा है लेकिन एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों के लिए खतरा बड़ा है।' एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध को एक 'नई घटना' बताते हुए उन्होंने याद दिलाया कि पेनिसिलिन के प्रति प्रतिरोध 1940 में रिपोर्ट किया गया था, हालांकि दवा को 1928 तक उपयोग में लाया गया था:- थॉमस रैम्प, डुइसबर्ग-एसेन विश्वविद्यालय से प्रोफेसर, चिकित्सा विशेषज्ञ**

उन्होंने कहा, एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोध का कारण मरीजों को अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक्स लिखना, मरीजों द्वारा उपचार ठीक से पूरा न करना, पशुधन और मछली पालन में एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक उपयोग, अस्पतालों में खराब संक्रमण नियंत्रण और खराब स्वच्छता है। प्रोफेसर रैम्प ने कहा कि आयुर्वेद जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां स्थिति को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं, क्योंकि वे समस्याओं का समाधान करती हैं और प्रतिरक्षा में सुधार के लिए काम करती हैं। इससे बीमारी से बचा जा सकता है और एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद ने हमेशा संतुलित आहार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया है, और आधुनिक विज्ञान अब आंत क्षेत्र में सूक्ष्म बायोम के महत्व पर जोर देता है, जो प्रतिरक्षा के निर्माण के लिए आवश्यक है।

इसी मुद्दे पर बोलते हुए कर्नाटक में आईसीएमआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल इंस्टीट्यूट के निदेशक सुबर्णा रॉय ने कहा कि उनके अध्ययन से पता चला है कि कर्नाटक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध अलग-अलग है। उन्होंने चेतावनी दी कि एएमआर भारत के कुछ क्षेत्रों में डिप्थीरिया जैसी बीमारियों के बढ़ने में योगदान दे रहा है। भारत में एएमआर स्थिति की निगरानी के लिए स्थापित सुविधाओं के एक नेटवर्क ने लगभग 10 रोगजनकों की पहचान की है जो खतरनाक साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी एंटीबायोटिक्स निर्धारित की जाती हैं, भले ही वे बीमारी को ठीक नहीं करेंगे बल्कि केवल लक्षणों को कम करेंगे। रॉय ने कहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति कहती है कि संक्रामक रोगों के इलाज के वैकल्पिक तरीकों पर विचार किया जाना चाहिए और यहीं पर आयुर्वेद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# उत्तराखंड में पहाड़ों पर बदला मौसम, ऊपरी इलाकों में जम कर हुई बर्फबारी



**बागेश्वर,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में मौसम बदल गया है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है। केदारनाथ, बदरीनाथ में बर्फबारी के चलते पहाड़ों पर सफेद चादर बिछ गई है। पहाड़ियां चांदी सी चमक रही हैं।

केदारनाथ धाम में तो 1 फीट तक बर्फ जम गई है, जिसके कारण वहां चल रहे निर्माण कार्य को रोकना पड़ा है। इतना ही नहीं केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में रात का तापमान माइनस 8 तक पहुंच गया है, जिसके कारण वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके अलावा उच्च पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबारी का दौर जारी है। बागेश्वर जिले में भी बर्फबारी हो रही है। बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील के पिंडर घाटी में ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हुई है। बागेश्वर के चिल्ठा चॉप की चोटियां बर्फ से ढक गई हैं।

राज्य में तापमान तेजी से गिरता जा रहा है, मैदानी इलाकों में भी तापमान कम होने लगा है। बारिश के साथ ही हिमपात से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। साथ ही हीटर और अलाव का भी उपयोग कर रहे हैं। मंगलवार को मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद मंगलवार शाम को आसमान में बादल छाए और रात में सभी क्षेत्रों में बारिश हुई। कपकोट तहसील में तीन हजार मीटर की उंचाई पर चिल्ठा मंदिर के साथ ही जातोली, बैलुनी बुग्याल, फुरकिया और पिंडारी जीरो प्वाइंट में हिमापात हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है, लेकिन उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। चिल्ठा टॉप बर्फ से पूरी तरह ढंक गया है। यहां स्थित मंदिर परिसर भी बर्फ के आगोश में डूब गया है।

जिला आपदा अधिकारी शिखा सुयाल ने कहा कि मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। तहसील कपकोट के उच्च हिमालयी गांवों में बर्फबारी होने के समाचार मिले हैं। उन्होंने बताया कि मौसम को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। खाद्य पूर्ति की व्यवस्था वहां पहले ही की जा चुकी है। बर्फबारी अधिक हुई तो सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनें भी तैनात की जाएंगी।

# बिहार: सोनपुर मेला में आपदा से जागरूक करने के लिए 'बाइस्कोप'



**हाजीपुर,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। बाइसकोप भले ही अब गुजरे जमाने की बात हो गई हो। आजकल के दौर में शायद ही किसी मेले और सार्वजनिक स्थानों में मनोरंजन के लिए बाइस्कोप आपको देखने को मिले। लेकिन, विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले में इसी बाइस्कोप को आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को जागरूक करने का साधन बना लिया। आपदा प्रबंधन विभाग की प्रदर्शनी में बाइस्कोप देखने के लिए मेला घूमने वाले लोगों की काफी भीड़ जुट रही है। विभाग की प्रदर्शनी में मेला घूमने आए लोगों को बाइस्कोप के माध्यम से आपदा के समय बचने की जानकारी दी जा रही है। सबसे गौर करने वाली बात है कि इसे देखने वालों में बच्चों की भीड़ तो जुट ही रही है, युवा और महिला भी बड़ी संख्या में इसे देखने पहुंच रहे हैं। इसके जरिए स्कूल के बच्चे सहित मेले में आए लोगों को भी आपदाओं से अपना बचाव कैसे करें एवं दूसरों का भी कैसे बचाव करें, इसकी जानकारी दी जा रही है। पंडाल में एक स्टॉल में पुराने समय के बाइस्कोप से इसे विस्तृत रूप से बताया जा रहा है। बाइस्कोप दिखाने वालों का कहना है कि प्रतिदिन लगभग 1,000 से अधिक लोगों को बाइस्कोप से आपदा दुर्घटना, आग लगने की घटना जैसी आपदाओं से बचाव की जानकारी दी जा रही है। बाइस्कोप सालों पहले मेलों में लोगों का सबसे ज्यादा मनोरंजन करती थी।

# जंगली हाथी को पकड़ने के ऑपरेशन में मारे गए 'अर्जुन' का बनेगा स्मारक



**बेंगलुरु,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने 63 वर्षीय हाथी 'अर्जुन' के लिए एक स्मारक बनाने की बुधवार को घोषणा क। एक जंगली हाथी को पकड़ने के लिए जंगल में एक ऑपरेशन के दौरान 1 दिसम्बर को अर्जुन की मौत हो गई थी।

सिद्दारमैया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एक स्मारक जंगल में उस जगह बनाया जायेगा जहाँ अर्जुन की मौत हुई थी और दूसरा मैसूरु जिले के एच.डी. कोटे शहर मे? होगा। इनका निर्माण राज्य सरकार करायेगी। ऐतिहासिक मैसूरु दशहरा समारोह के दौरान अर्जुन देवी चामुंडेश्वरी का स्वर्ण हौदा लेकर जाता था। सीएम ने दोहराया, 'मैंने अर्जुन हाथी की मौत के संबंध में सारी जानकारी मांगी है। हमने सकलेशपुर के जंगल में एक स्मारक बनाने के लिए कहा है, जहां उसकी मौत हुई थी और हमने एचडी कोटे में एक स्मारक बनाने के भी निर्देश दिए हैं।'

सिद्दारमैया ने कहा, 'दशहरा के दौरान अर्जुन आठ बार गोल्डन हौदा लेकर गया था। उसकी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। हाथी को लंबे समय तक जीवित रहना चाहिए था। उसकी मृत्यु हो गई क्योंकि उसका इस्तेमाल जंगली हाथी पकड़ने के ऑपरेशन में किया गया था।'


अर्जुन की देखभाल करने वाले महुत वीनू ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान अर्जुन के पैर में चोट लग गई और खून बहने लगा। इसके बावजूद वह एक जंगली हाथी से भिड़ गया। इसके बाद मिसफायर में गोली उसके पैर में लग गयी। अर्जुन अकेले ही लड़ता और जीतता, लेकिन पैर में चोट के कारण वह जीत नहीं सका। जंगली हाथी ने उसे मार डाला। उन्होंने कहा, अर्जुन ने 10 लोगों की जान बचाई और अपनी जान दे दी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पहले दु:ख व्यक्त करते हुए कहा था कि अर्जुन ने आठ बार जंबू सावरी में भाग लिया था। वह आराम से 750 किलोग्राम के गोल्डन हौदा को पीठ पर लेकर चलता था। वह सबका चहेता बन गया था। अर्जुन को 1968 में काकानाकोटे जंगल में खेड्डा ऑपरेशन के दौरान पकड़ा गया था। 60 साल की सेवा पूरी करने के बाद 2020 में सेवानिवृत्त होने से पहले तक वह आठ बार गोल्डन हौदा लेकर जुलूस के आगे-आगे चला ।

## जान्हवी ने 'द आर्चीज' के लिए 'सनशाइन' खुशी को दी बधाई

मुंबई, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री जान्हवी कपूर पहले प्रोजेक्ट 'द आर्चीज' के लिए अपनी बहन खुशी के लिए चीयरलीडर बन गई हैं, जिन्हें वह अपनी सनशाइन कहती हैं। जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी बहन खुशी के साथ एक तस्वीर साझा की। छवि में, 'रूही' अभिनेत्री अपनी बहन को गले लगाती हुई दिखाई दे रही है, जो आगामी फिल्म के प्रीमियर के लिए अपनी मां की पोशाक और गहने पहने हुए दिखाई दे रही है। जान्हवी ने तस्वीर को कैप्शन दिया, 'मेरे जीवन की सनशाइन और अब सिनेमा की सनशाइन। आप जादुई हैं।' 'द आर्चीज़' का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। इसमें अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, सुहाना खान, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, अदिति सहगल और युवराज मेंदा हैं। यह फिल्म 7 दिसम्बर 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। फिल्म 1960 के दशक के भारत पर आधारित है। आर्ची और गिरोह रोमांस, दोस्ती और रिवरडेल के भविष्य को दर्शाते हैं। डेवलपर्स एक पार्क को नष्ट करने की धमकी देते हैं।



# शाहरुख खान की 'डंकी' ट्रेलर को नेटिजन्स ने बताया 'बोरिंग'



**मुंबई,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'डंकी' का मंगलवार को ट्रेलर जारी किया गया, लेकिन लगता है कि ट्रेलर दर्शकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा, खासकर इस साल रिलीज हुई शाहरुख की दो ब्लॉकबस्टर हिट 'पठान' और 'जवान' के बाद।

'डंकी' शाहरुख और निर्देशक राजकुमार हिरानी के बीच पहला कोलैबोरेशन हैं। हिरानी अपनी मनोरंजक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। नेटिजन्स, जो 'पठान' और 'जवान' की तरह किसी धमाकेदार फिल्म की उम्मीद कर रहे थे, उनमें ट्रेलर से उतना उत्साह पैदा नहीं हुआ। कई लोगों ने ट्विटर का सहारा लिया और ट्रेलर पर निराशा व्यक्त की।

ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक यूजर ने लिखा, 'बोरिंग। कहानी में कुछ भी नया नहीं है, कई पंजाबी फिल्में पहले ही इस तरह के टॉपिक को कवर कर चुकी हैं। एक्सेंट काफी परेशान करने वाला है। इसमें पंजाबी और हिंदी को मिला दिया गया, जिसकी कोई जरूरत नहीं थी। यह हास्यास्पद भी नहीं लगता, बस हिंदी पर कायम रहें।' एक अन्य ने लिखा, 'ट्रेलर के बारे में मैं जितना कम कहूं, उतना बेहतर है। पंजाबी लहजा थोपा हुआ लगता है, डायलॉग्स बिल्कुल भी असरदार नहीं है और मैं कहानी के साथ इमोशनली रूप से नहीं जुड़ पा रहा। कहने की जरूरत नहीं है, चाहे 'जवान' हो या यह, शाहरुख की उम्र कम होना हास्यास्पद रूप से अविश्वसनीय लगता है। यह हिरानी की सबसे खराब फिल्म हो सकती है।' कई लोगों ने फिल्म में शाहरुख की उम्र कम दिखाने की ओर भी इशारा किया। एक यूजर ने कहा, 'हमेशा यंग करेक्टर निभाने के लिए नंदमुरी बालकृष्ण, चिरंजीवी को दोष क्यों दिया जाए, असल में शाहरुख ही असली दोषी हैं। उनके फेस पर वीएफएक्स देखिए।'

# कृति सेनन ने अपने प्रोडक्शन 'दो पत्ती' का मनाली शेड्यूल किया पूरा



**मुंबई,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने मनाली में अपने पहले प्रोडक्शन 'दो पत्ती' का शेड्यूल पूरा कर लिया है और फिल्म की शूटिंग के कुछ 'बिहाइंड द सीन्स' शेयर किए हैं। एक्ट्रेस अब अपने पहले प्रोडक्शन के साथ दर्शकों के लिए नई कहानियां लाने के लिए तैयार है, जो कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह अपने टैलेंट का प्रदर्शन करेगी। कृति ने सोशल मीडिया पर निर्देशक और क्रू के साथ कुछ रेंडम वीडियो शेयर किए। उन्होंने अपने प्यारे दोस्त, डिलीशियस जलेबी और बर्फ से ढके पहाड़ों की भी झलक दिखाई।

तस्वीरों और वीडियो की सीरीज के साथ, उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मनाली.. बेहद खूबसूरत हैं! यह 'दो पत्ती' के लिए एक शेड्यूल रैप है!! कूल वेदर, वार्म हार्ट्स! पैशनेट लोग.. कुछ जादू पैदा करने की कोशिश कर रही हैं यादें! इतना शानदार शेड्यूल, ग्रेट टीम को धन्यवाद!' फिल्म का निर्माण उनके प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स ने किया है। कृति आखिरी बार 'गणपत' में नजर आई थीं। उनके पास पाइपलाइन में 'द क्रू' भी है।

# डुओलिंगो ऐप पर 23 अरब पाठ पूरे हुए, विश्व स्तर पर 84 लाख से ज्यादा लोग सीख रहे हिंदी



**नई दिल्ली,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित लैंग्वेज लर्निंग ऐप डुओलिंगो ने मंगलवार को खुलासा किया कि 2023 में ऐप पर 23 अरब से ज्यादा पाठ पूरे किए गए और 8.4 मिलियन से ज्यादा शिक्षार्थी ऐप पर सक्रिय रूप से 'हिंदी' सीख रहे हैं। अपनी लैंग्वेज रिपोर्ट 2023 में, डुओलिंगो ने बताया कि ऐप पर सीखने में लगभग डेढ़ अरब घंटे व्यतीत हुए और इस साल दुनिया भर में 32 मिलियन से ज्यादा लोगों ने एक से ज्यादा भाषाएं सीखीं। हिंदी 2022 में 10वें नंबर से दो पायदान ऊपर चढ़कर 2023 में आठवें नंबर पर पहुंच गई।

कंपनी ने कहा कि भारत में डुओलिंगो सीखने वालों के बीच अंग्रेजी के बाद हिंदी दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा के रूप में प्रमुख स्थान रखती है। डुओलिंगो के क्षेत्रीय विपणन निदेशक करणदीप सिंह कपानी ने कहा, 'भाषा विविध संस्कृतियों को समझने और सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती है। हमारी अंतर्दृष्टि भाषा सीखने के उभरते परिदृश्य को उजागर करती है, जो सीमाओं से परे फैली हुई है और नए अनुभवों को अपनाने के लिए भारत के जीवंत उत्साह को दर्शाती है।' 2024 के अंत में, रिपोर्ट ने भारतीय नव वर्ष के संकल्पों में एक उल्लेखनीय बदलाव का खुलासा किया। भाषा सीखना तेजी से प्राथमिकता बनता जा रहा है, 64 प्रतिशत भारतीयों ने इसे प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। इन भाषा-सीखने के संकल्पों में, 55 प्रतिशत का लक्ष्य व्यक्तिगत विकास, आत्म-सुधार या करियर में उन्नति है, जबकि 75 प्रतिशत भारतीयों ने नए साल में अपने भाषा कौशल का नियमित अभ्यास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंग्रेजी दुनिया भर में स्टडी के लिए सबसे लोकप्रिय भाषा बनी हुई है। इसे 122 देशों में स्टडी के लिए नंबर एक भाषा का दर्जा दिया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में, शिक्षा में अंग्रेजी का महत्व विशेष रूप से उल्लेखनीय है, डुओलिंगो पर अंग्रेजी सीखने वाले 40 प्रतिशत ने लैंग्वेज स्टडी के लिए शिक्षा को अपनी प्राथमिक प्रेरणा बताया। इसके अतिरिक्त, भारत में अंग्रेजी सीखने वालों ने प्रतिदिन सबसे अधिक पाठ पूरे किए, जो देश के शैक्षिक परिदृश्य में भाषा के व्यापक महत्व को रेखांकित करता है। कोरियाई कोर्स वैश्विक रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गया। भारत सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े देशों में स्टडी की जाने वाली टॉप 10 भाषाओं में कोरियाई को स्थान दिया गया है, जहां इसमें 75 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि हुई है।

# सरयू नदी के गुप्तार घाट पर पंचवटी द्वीप और श्रीराम अनुभव केंद्र की होगी स्थापना



**लखनऊ,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही रामनगरी को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में सरयू नदी के पास गुप्तार घाट पर 75 एकड़ में श्रीराम अनुभव केंद्र और पंचवटी द्वीप का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है।

पंचवटी द्वीप पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का उद्देश्य भारतीय जन मानस को अपनी वैदिक सभ्यता पर गौरव करने को प्रोत्साहित करना है, ताकि वो इसे अपने दैनिक जीवन में भी आत्मसात करके एक स्वस्थ व सुखी जीवनयापन कर सकें। प्रस्ताव के अनुसार राम अनुभव केंद्र के निर्माण के लिए अस्थाई स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्षा ऋतु में इन टेंपरेरी स्ट्रक्चर को डिसमैंटल कर दिया जाएगा एवं इस दौरान श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा। सरयू नदी के निकट होने के कारण योगी सरकार ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के तहत प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि एक हजार एकड़ में फैले पंचवटी द्वीप में 75 एकड़ पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव है। वर्षा ऋतु के अलावा पंचवटी द्वीप के आसपास नदी का जल स्तर भूमि के लेवल से लगभग 12 फीट नीचे रहता है। इसी वजह से वर्षा ऋतु में बाढ़ की आशंका के चलते श्रीराम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा, जिससे बाढ़ का प्रभाव केंद्र पर नहीं होगा।

रायपुर, गुरुवार 7 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# किताब के बहाने डॉ कफील को घेरने की कोशिश

साल 2017 में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण बच्चों की मौत के बाद चर्चा में आए डॉ कफील खान एक बार फिर सुर्ख़ियों में हैं। उनके और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ उस किताब को लेकर मामला दर्ज किया गया है, जो डॉ कफील ने दो साल पहले 'द गोरखपुर हॉस्पिटल ट्रेजेडी : अ डॉक्टर्स मेमॉयर ऑफ़ अ डेडली मेडिकल क्राइसिस' शीर्षक से लिखी और प्रकाशित करवाई थी। लखनऊ के एक व्यापारी मनीष शुक्ला ने पुलिस को की गई अपनी शिकायत में कहा है कि इस किताब के जरिए राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने और केंद्र के खिलाफ बातें कही गई हैं। शुक्ला ने आरोप लगाया है, कि लोगों को सरकार के ख़िलाफ़ भड़काने और समाज में विभाजन पैदा करने के लिए डॉ. कफ़ील ख़ान द्वारा लिखी गई किताब बांटी जा रही है।' भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज शिकायत के अनुसार, डॉ. कफील खान की किताब उनके समर्थकों को 'धन जुटाने और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये बेची जा रही है।'

एक खबरिया वेबसाइट के मुताबिक मनीष शुक्ला ने बताया है कि उसने चार-पांच लोगों को फोन पर इस साज़िश के बारे में चर्चा करते हुए सुना। जबकि दूसरी वेबसाइट ने शिकायत का संदर्भ देते हुए लिखा है कि मनीष शुक्ला 1 दिसंबर को किसी काम से माताजी की बगिया गए थे। वहां गुमटी के पीछे चार-पांच लोग बातचीत कर रहे थे। वे सभी राज्य सरकार, उनके मंत्रियों व वरिष्ठ अफसरों को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। वे कह रहे थे कि 'डॉ कफील ने गुप्त रूप से एक किताब छपवाई है, उसे प्रदेश भर में बांटा जा रहा है। वे लोग को किताब लोकसभा चुनाव से पहले समुदाय विशेष के हर शख्स तक पहुंचाने की बात कर रहे थे और कह रहे थे कि किसी भी कीमत पर सरकार को उखाड़ फेंकना है, चाहे इसके लिए दंगा ही क्यों न करवाना पड़े।' शुक्ला ने कहा कि साजिश करने वाले अपनी बातें सुने जाने की भनक लगते ही मौके से भाग खड़े हुए। इस प्रकरण पर आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर- जो खुद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं, ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि जानबूझकर परेशान करने के लिए यह एफआईआर दर्ज की गई है और कई ऐसी धाराएं लगाई गई है जो स्वयं मामला दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर से ही नहीं बनती हैं। इनमें कूटरचना से जुड़ी धाराएं, 465, 467, 471 और किसी पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ी धारा 295 शामिल है।

श्री ठाकुर ने कहा कि किताब को चोरी-छिपे छपवाये जाने का आरोप भी पूरी तरह गलत दिखाई पड़ता है क्योंकि वह तो ऑनलाइन उपलब्ध है। ऐसा मालूम होता है कि सत्ताधारी पार्टी के विरोध में पुस्तक लिखने के कारण डॉ. कफील के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। कृष्णा नगर थाने के एसएचओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी कहा कि अभी तक किताब में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष और एसएचओ- दोनों के कथन से साफ़ है कि डॉ. कफील को फिर बलि का बकरा बनाने की कोशिश की जा रही है। वेबसाइट 'द क्विंट' से बातचीत में डॉ कफील खान ने कहा भी कि 'आप देखिए, चुनाव आ रहे हैं और एक पंचिंग बैग की ज़रूरत है। वे ज़ाहिर तौर पर फिल्म के लिए शाहरुख़ खान को तो नहीं छू सकते, लेकिन मेरे खिलाफ़ तो कार्रवाई कर सकते हैं।' मालूम हो कि डॉ. कफील ने कुछ दिन पहले ही शाहरुख खान की फ़िल्म जवान का एक हिस्सा अपनी किताब से प्रेरित बताया था और उसके लिये शाहरुख को धन्यवाद भी दिया था।

ये पहली बार नहीं है जब सरकार से असहमत या उसके विरोधी किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ केवल शक या सुनी सुनाई बातों की बिना पर कार्रवाई कर दी गई हो। खुद डॉ कफील अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में महीनों जेल में रहे और फिर अदालत ने बाइज्ज़त उनकी रिहाई का हुक्म दिया। अभी भी कई मामले उनके ख़िलाफ़ चल रहे हैं। सवाल ये है कि उनकी किताब जब दो साल से ऑनलाइन ही सही, बाज़ार में है और ऐसी है कि उससे किसी सरकार को ख़तरा पैदा हो सकता है तो इतने दिन प्रशासन और पुलिस चुप क्यों बैठे रहे? जिस देश में ज़रा ज़रा सी बात पर लोगों की भावनाएं आहत होने के मामले फ़ौरन कायम हो जाते हैं, सरकार के ख़िलाफ़ बोलने वालों को नक्सली या आतंकवादी बता दिया जाता है, क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे देश की जीत पर लोग बिना देर किये गाली-गलौज करने लगते हैं और उस देश की टीम के कप्तान की पत्नी और बेटी से बलात्कार की धमकी देने लगते हैं, वहां एक 'ख़तरनाक' किताब को दो साल तक क्यों बर्दाश्त किया जाता रहा? क्या शिकायत करने वाले ने उस किताब को खुद पढ़ा भी है या महज खुसुर-पुसुर सुनकर उसने किताब के बारे में धारणा बना ली? या फिर शुक्ला जी को शरलक होम्स समझकर उनकी बात को सच मान लिया गया? कहीं ऐसा तो नहीं कि डॉ. कफील को ताउम्र सलाखों के पीछे न रख पाने की खुन्नस उनकी किताब के बहाने निकाली जा रही हो?

# आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

छह दिसंबर 1992 का दिन था, जब ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद को तोड़कर, भाजपा की सत्ता की नींव देश में मजबूती से रख दी गई थी। अब उस जगह पर भव्य राम मंदिर बन कर लगभग तैयार है, जिसका उद्घाटन कर अगले कई दशकों तक भाजपा अपनी सत्ता को पक्का बना लेना चाहती है। 1956 के बाद 1992 को बाबा अंबेडकर की दोबारा मौत हुई थी। एक बार स्वाभाविक मृत्यु आने के बाद, दूसरी बार बाबा साहब के सपनों को कुचलकर मौत देने से उन्हें कितनी तकलीफ हुई होगी, यह बताने के लिए वे भौतिक तौर पर उपस्थित नहीं हैं। लेकिन आसपास नजर उठाकर देख लीजिए, गैरबराबरी के शिकार लोगों की तकलीफें उसी पीड़ा को अभिव्यक्त करेंगी, जो डॉ.अंबेडकर और पूरी संविधान सभा के लोगों को हुई होगी। छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद प्रत्यक्ष तौर पर तोड़ी गई थी, मगर उसके साथ-साथ संविधान को भी तहस-नहस किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और यहां तक कि कांग्रेस में भी बहुत से लोग होंगे, जो इस दिन को भारत के लिए गौरवशाली मानते होंगे, मगर आने वाली पीढ़ियां शायद इस बात को समझेंगी कि संवैधानिक मूल्यों को सहेज कर न रख पाने की कितनी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।

अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हुए हैं और इसके बाद आम चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। पांच में से तीन राज्यों में जीत कर भाजपा अब हैट्रिक की बात करने लगी है। ये हैट्रिक तीन राज्यों की जीत की नहीं, बल्कि सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लिए कही जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो इस बार लालकिले से ही ऐलान कर दिया था कि मैं ही अगली बार भी झंडा फहराने आऊंगा। तब विधानसभा चुनाव होने वाले थे और उससे पहले कर्नाटक में भाजपा मात खा चुकी थी, फिर भी श्री मोदी इस तरह के दावे कर रहे थे और अब तो तीन जीतों के साथ यह दावा और पुख्ता हो गया है। हालांकि ये बात तब भी लोकतंत्र के खिलाफ थी और अब भी है कि बिना चुनाव हुए ही, किसी की जीत या सत्ता वापसी की मुनादी कर दी जाए।

दरअसल अब चुनाव में प्रचार और रणनीतियां जमीनी तौर पर कम और दिमागी तौर पर अधिक असर करने वाली बनाई जाने लगी हैं। यह हिटलर के सहयोगी गोएबल्स का तरीका है कि किसी झूठ को सौ बार दोहराओ तो वो सच लगने लगता है। इस समय देश में भी झूठ और सच सब आपस में गड्ड-मड्ड हो गए हैं। फिलहाल सच यही है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस का शोर होने के बावजूद भाजपा जीत गई है। बताया जा रहा है कि इस जीत पर अंदरखाने भाजपा के लोगों को भी यकीन नहीं हो रहा है। मध्यप्रदेश में पिछली बार भी कांग्रेस की जीत हुई थी और उसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण सत्ता हाथ से निकल गई थी। कांग्रेस को उम्मीद थी कि इस सत्ता चोरी का जवाब जनता उसके हक में देगी। खुद श्री सिंधिया के साथ गए कई पूर्व कांग्रेसियों ने घरवापसी कर ली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेने से बचते रहे। जब उम्मीदवार खड़े करने की बारी आई तो भाजपा ने सात सांसदों को मैदान में उतारा। इस बीच आदिवासी पेशाब कांड, महाकाल में मूर्तियों का गिरना, तरह-तरह के घोटाले और धांधलियों के कारण भाजपा की छवि खराब हुई। इन सबसे यही समझ आ रहा था कि जीत कांग्रेस को ही मिलने वाली है। लेकिन कांग्रेस की यह उम्मीद झूठी साबित हुई। या तो कांग्रेस अतिआत्मविश्वास और कमलनाथ पर यकीन करने का शिकार हो गई, या फिर जैसा आरोप लगाया जा रहा है ईवीएम की गड़बड़ी के कारण उसे हार मिली। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ईवीएम में धांधलियों की शिकायत कर रहे हैं। लेकिन एक सच ये भी है कि मध्यप्रदेश में नरोत्तम मिश्रा जैसे नेता भी हार गए हैं। तो क्या ईवीएम की गड़बड़ी भी सोच-समझकर की गई है। ईवीएम को लेकर शिकायतें एक साल की बात नहीं है, हर साल, हर चुनाव में ईवीएम पर कई सवाल उठते हैं। चुनाव आयोग इस पर अडिग है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हो सकती। भाजपा भी ईवीएम को लेकर सकारात्मक है, लेकिन कांग्रेस को शिकायत है और उसे लोकतंत्र पर ईवीएम से खतरा दिखाई दे रहा है तो फिर इस पर केवल रोना रोने से बात नहीं बनेगी। कांग्रेस को जमीन पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना चाहिए। और इसका भी जिम्मा राहुल गांधी पर न छोड़कर उन नेताओं को सामने आना चाहिए, जिन्होंने सालों-साल कांग्रेस की सत्ता का सुख भोगा है। अन्ना हजारे से और कोई सबक कांग्रेस ने भले न लिया हो, शहीद होने की मुनादी करते हुए आंदोलन खड़ा करने का सबक तो ले ही लेना चाहिए। अन्ना तो गांधी के नाम को भाजपा के हक में इस्तेमाल कर गए और कांग्रेसी हाथ मलते रह गए। ईवीएम की जगह मतपत्रों से चुनाव करवाने की मुहिम छेड़ते हुए अगर अभी से आमरण अनशन पर बड़े कांग्रेस नेता बैठ जाएं, तो क्या इसका असर देश भर में नहीं जाएगा। राहुल गांधी ने तो 4 हजार किमी कदमों से नाप लिए, क्या दूसरे कांग्रेस नेता आमरण अनशन करने का कष्ट नहीं उठा सकते। अगर केवल समय बिताने के लिए शिकायतें करनी हैं, तब तो कोई बात नहीं। लेकिन अगर वाकई सूरत बदलनी है, आसमान में सूराख करना है तो पत्थर तबियत से उछालना ही होगा।

> कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है।

मध्यप्रदेश में भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने के साथ छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी सरकार बनाने में कामयाब हो गई। क्योंकि इन दोनों राज्यों में भी भाजपा को बहुत हल्के तरह से कांग्रेस लेती रही। दिल बहलाने को अब आंकड़े पेश किए जा रहे हैं कि कांग्रेस को मिजोरम छोड़ बाकी चारों राज्य मिलाकर 4,90,77,907 और भाजपा को 4,81,33,463 वोट मिले। लेकिन जब खेल सीटों की गिनती का है, तो वहां वोटों की गिनती करने से क्या फायदा। कई बार बुद्धिमान विद्यार्थी सब कुछ जानते हुए भी सही तरह से पांच सवाल हल नहीं करता है और वहीं सामान्य बुद्धि लगाकर कोई औसत छात्र उन्हीं पांच महत्वपूर्ण सवालों पर पूरा ध्यान देकर सही जवाब लिखता है और प्रथम आ जाता है। अब आप शिकायत करते रहिए कि ये उससे होशियार है, लेकिन जहां अंकों की लड़ाई है, वहां अंक ही ज्यादा लाने होंगे, बुद्धि दिखाने से कुछ नहीं होगा। तो मौजूदा राजनीति का एक कड़वा सच यही है कि कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास, गांधी, नेहरू की विरासत, राहुल गांधी की मेहनत, उनकी जनपक्षधरता सबका लाभ होने के बावजूद जनता की नब्ज पकड़ने वाले मुद्दों को नहीं समझ पाती और भाजपा उन्हीं मुद्दों के आधार पर चुनाव में अधिक सीटें ले आती है। अपनी बुद्धि के कारण प्रथम आने का मौका छात्र ने गंवा दिया और अब भी सही सवाल पर फोकस नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। राहुल गांधी जिस सामाजिक न्याय की बात करते रहे हैं, उसे कांग्रेस के सभी लोगों को एक साथ पूरे देश में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। राहुल गांधी जिस अहंकार को छोड़ने की सलाह श्री मोदी को देते आए हैं, उस सलाह पर कांग्रेस के भी कई नेताओं को अमल करने की जरूरत है।

भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में आने का दावा करके मतदान से पहले ही जनता को संदेश दे रही है कि उसका वोट मिले न मिले, सरकार भाजपा की ही बनेगी। ये मामूली चुनौती नहीं है। कांग्रेस केवल शिकायतों के आधार पर इसका मुकाबला नहीं कर पाएगी। पिछले 10 सालों में कांग्रेस ने देख लिया है कि संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया और काफी हद तक न्यायतंत्र भी भाजपा के पक्ष में ही झुका हुआ है। तो इस बड़ी चुनौती के लिए जवाब भी बड़ा ही तैयार करना होगा। तीन राज्यों की हार पर मंथन के साथ कांग्रेस यह भी सोचे कि किन वजहों से उसे कर्नाटक और अभी तेलंगाना में जीत मिली। कांग्रेस सोचे कि क्या उन्हीं तरीकों को देशव्यापी तौर पर आजमाया जा सकता है। क्योंकि अब सवाल उसकी जीत का नहीं, लोकतंत्र और संविधान बचाने का भी है।

# चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित

■ कल्याणी शंकर

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नये मुख्यमंत्री कौन होंगे, इसे लेकर अटकलें तेज हैं। भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक राज्य में जीत हासिल की है। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हराकर जीत हासिल की है।

हालांकि भाजपा ने उत्तर भारत में खुद को मजबूत कर लिया है, दक्षिण में उसे अभी भी पैर जमाना बाकी है। भाजपा की सफल चुनावी रणनीति ने उसके समर्थकों को एकजुट किया और आंतरिक संघर्षों को कम किया। संसद सदस्यों को उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने से पार्टी को तीन प्रमुख राज्यों में आंतरिक तोड़फोड़ को कम करने में मदद मिली।

अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस को तेलंगाना में बढ़त मिली। पार्टी को कई नेताओं के दलबदल से भी बहुत फायदा हुआ, जो इसे एक व्यवहार्य दावेदार के रूप में देखने लगे, खासकर कर्नाटक में इसकी सफलता के बाद। एक बार जब यह स्पष्ट हो गया कि यह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) के लिए एक गंभीर चुनौती है, तो मतदाता कांग्रेस की ओर स्थानांतरित हो गये। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। दोनों पार्टियों को यह तय करना होगा कि स्थापित नेताओं को जारी रखना है या नये नेतृत्व की तलाश करनी है। कांग्रेस को तय करना होगा कि रेवंत रेड्डी को नियुक्त किया जाये या किसी नये चेहरे को।

भाजपा के पास कई संभावित उम्मीदवार हैं, इसलिए मुख्य सवाल यह है कि नये नियमों को कैसे लागू किया जाये। भाजपा वसुन्धरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह जैसे पुराने नेताओं को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने के पक्ष में है, जो अपनी पारी खेल चुके हैं। नये उम्मीदवारों का चयन करते समय एक अन्य महत्वपूर्ण कारक उनकी जाति है। जातियों का विविध मिश्रण आवश्यक है, इसे राजपूतों या अगड़ी जातियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। साथ ही उनके प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्यों के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार चाहते हैं। हैट्रिक लगाने के लिए यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश पर नजर डालते हैं। सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, शिवराज सिंह चौहान पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं। मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान, चौहान ने जनता से उनकी राय भी मांगी कि क्या उन्हें निर्वाचित होने पर फिर से मुख्यमंत्री पद के लिए खड़ा होना चाहिए।

मध्य प्रदेश में शीर्ष पद के लिए कई संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें तीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद पटेल शामिल हैं, जो कई विकल्प प्रदान करते हैं। पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कमल नाथ सरकार को गिराने में मदद करने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी संभावित उम्मीदवारों की सूची में हैं। राजस्थान में प्रमुख उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे होंगी। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और अश्विनी वैष्णव, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्री अर्जुन मेघवाल और महंत बालकनाथ भी दौड़ में हैं।

राजवर्धन राठौड़ राजपूत हैं और कई बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। सतीश पूनिया ने राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं जब पार्टी सत्ता से बाहर थी। 2023 की शुरुआत में, ब्राह्मण समुदाय से आने वाले दो बार के सांसद सी.पी. जोशी ने पूनिया की जगह राज्य भाजपा अध्यक्ष पद संभाला। गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, नई पीढ़ी के भाजपा नेता, राजस्थान में मुख्य मंत्री पद के संभावित उम्मीदवार हैं।

छत्तीसगढ़ में भी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सबसे आगे हैं। 2018 तक 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ पर शासन करने वाले बीएएमएस डॉक्टर रमन सिंह राज्य में पार्टी का सबसे पहचाना चेहरा हैं। 2003 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने से पहले वह केंद्रीय मंत्री थे। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में उन्हें दरकिनार कर दिया गया है।

विष्णुदेव साव भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है वह आरएसएस परिवार से आते हैं और महत्वपूर्ण नेता बनकर उभरे हैं। भरतपुर-सोनहत निर्वाचन क्षेत्र से एक प्रमुख आदिवासी नेता, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह एक और विकल्प हैं।

> कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं। भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी

कांग्रेस को अपनी ओर से तेलंगाना में पार्टी को एकजुट रखने के लिए एक नेता चुनना होगा। बी.आर.एस. के नेता के.चंद्रशेखर राव, अन्य दलों के सदस्यों को लुभाने की अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। ऐतिहासिक रूप से, कांग्रेस ने अपने झुंड की रक्षा करने की क्षमता खो दी है। यह गोवा, कर्नाटक और अन्य राज्यों में दिखाई दिया।

तेलंगाना में रेवंत रेड्डी सबसे संभावित उम्मीदवार हैं। वह मजबूत रेड्डी परिवार से हैं और उनकी कार्यशैली के लिए पार्टी के भीतर से आलोचनाओं के बावजूद उन्हें कांग्रेस नेतृत्व का पूरा समर्थन प्राप्त था। उन्होंने एक छात्र नेता के रूप में ए.बी.वी.पी. से शुरूआत की और शीर्ष पर चले गये।

रेड्डी को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 2024 में लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें जीतना भी शामिल है। हालांकि, उनके लिए अपनी पार्टी को एकजुट रखना अधिक महत्वपूर्ण है। हाल ही में, अस्थिरता की शुरुआत खरीद-फरोख्त से हो चुकी है, जो सरकार बनने के तुरंत बाद शुरू हो जाती है।

कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं।

भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी और इसलिए उसने 2024 चुनावों के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा के प्रचंड बहुमत के बाद विपक्षी समूह इंडिया स्थिति का आकलन कर रहा है।

## पावन प्रसंग

# लोकप्रिय बनिए

चेहरा मनुष्य की आंतरिक स्थिति का दर्पण है, इस कहावत में बहुत कुछ सच्चाई है। चेहरे पर प्रसन्नता और हल्की मुस्कान का बना रहना, इस बात का प्रतीक है कि यह व्यक्ति उलझनों से रहित और सफलताओं की संभावनाओं से भरा-पूरा है। ऐसे ही व्यक्तियों का सान्निध्य लोग पसंद करते हैं। मनहूस शक्ल बनाए बैठे रहने वाले, उदासी-खिन्नता, विपत्ति और असफलता का भाव प्रकट करने वाले चेहरे दूसरों की उपेक्षा का कारण बनते हैं। मनोमालिन्य मतभेद अथवा उलझी हुई गुत्थी प्रसन्न मुख चेहरे से बात की बात में सुलझ जाती है, जबकि उसी बात को तूल देने वाले और गंभीरता लेने वाले लोग उलझन को और भी अधिक बढ़ा लेते हैं। चर्चा के प्रसंगों में जहां तक संभव हो, प्रयत्न, आशा और उत्साहवर्द्धक प्रकरणों को ही आगे रखना चाहिए। आवेश और उत्तेजना से सदा बचे रहा जाए।

लोकप्रियता प्राप्त करने की आकांक्षा का समर्थन ही किया जाना चाहिए और उसके लिए आवश्यक पथ प्रदर्शन भी किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में कुछ ध्यान रखने योग्य सूत्र नीचे प्रस्तुत किए जाते हैं- अपनी आकृति चैतन्य और सजग जैसी रखिए। वस्त्रों को स्वच्छ रखिए। मैले-कुचैले, अस्त-व्यस्त, बिना बटन और बिना करीने के कपड़े चाहे वे कीमती ही क्यों न हों, व्यक्ति के आलसी और लापरवाह होने की चुगली करते हैं। वेश- विन्यास और चेहरे की चेष्टा ऐसी अवश्य होनी चाहिए, जिससे स्वच्छता, जागरूकता और व्यवस्था का परिचय मिलता हो। हाथ मटकाना, आंखें नचाना, अकारण हँसना या ऐसी भाव-भंगिमा जो सभ्योचित न हो, नहीं अपनाई जानी चाहिए। दांत से नाखून चबाना अकारण बार-बार सिर या कोई अंग खुजाने की क्रिया कई लोगों को आदत पड़ जाती है। ये बातें दूसरों पर ऐसा असर डालती हैं, जिससे व्यक्तित्व का मूल्य गिर जाता है। लोकप्रियता के लिए प्रथम व्यवस्था हमें यह जुटानी चाहिए कि अपनी वेशभूषा एवं आकृति-प्रकृति में सज्जनता और शिष्टता का आवश्यक पुट विद्यमान रहे।

शालीनता और सज्जनता आत्मप्रशंसा की आदत बुरी है, इससे अपना घटियापन प्रकट हो होता है। इसी प्रकार दूसरों की कमियों, भूलों एवं असफलताओं को बार-बार चर्चा करना यह बताता हैकि उनको तिरस्कृत एवं लांछित किया जा रहा है। अपनी सफलता की बात की बढ़ा चढ़ा कर चर्चा करना अपने अहंकारी होने का प्रतीक है।

अपने को उपयोगी सिद्ध कीजिए। लोग आमतौर से उसकी ओर आकर्षित होते हैं, जिससे कुछ आशा होती है या प्रसन्नता मिलती है। लोग आपके पास आएं और प्रसन्नता लेकर जाएं, ऐसा वातावरण बनाए रहना चाहिए और यथासंभव ऐसे साधन भी प्रस्तुत करने चाहिए। लोग आपको उपयोगी और समय पड़ने पर कुछ सहायता कर सकने वाला समझें। केवल गप्पें हांकने, विदूषक बनने बेकार में मारे-मारे फिरने, दोस्तीबाजी में पैसे उड़ाने,झूठी उम्मीदें दिलाने जैसे उपायों से सस्ती लोकप्रियता प्राप्त की जाती है, वह ठहरती नहीं। उथले प्रयत्नों का कभी गहरा प्रभाव नहीं हो सकता।

हमारा व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए जो दूसरों की अपेक्षा अधिक विशेषता लिए हुए हो। आवश्यक नहीं कि धन,विद्या या पद में ही हम दूसरों से बड़े हों। यदि चरित्र, नम्रता, प्रामाणिकता, सज्जनता की दृष्टि से भी हम अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर सकें तो निस्संदेह लोकप्रियता बढ़ती जाएगी। मित्रों तथा प्रशंसकों की संख्या बढ़ेगी। जो व्यक्ति जितना लोकोपयोगी बनता जाता है, उतना ही लोकप्रिय बनता जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# वसुंधरा राजे क्या विद्रोह कर पाएंगी?

भाजपा में माननीय मोदीजी ने तमाम संवैधानिक नियमों को धीरे-धीरे विलोपित कर अपनी तानाशाही कायम की है। उदाहरण स्वरूप केंद्रीय मंत्रियों के अधिकार अपने पास रखें हैं वे नाम मात्र के मंत्री हैं। स्वायत्तता संस्थाओं,जांच एजेंसियों को गुलाम बना रखा है। मीडिया की हालत पतली कर रखी है। अब मुख्यमंत्रियों पर भी गुजरात मुख्यमंत्री की तरह शिकंजा कसने की तैयारी है। यह पूरी तरह जाहिर है कि शिवराज सिंह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री होने का अधिकार रखते हैं किंतु वे मोदीजी के आगे सज्दा हैं और कहने लगे हैं मैंने मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा को नहीं जिताया जबकि वे सभाओं में खुलेआम कहते रहे हैं मैं मुख्यमंत्री बनूं या नहीं। जनता हुंकार भरती रही। हां, अब वे अपने कमज़ोर ज़मीर के कारण पीछे हटने की बात कर रहे हैं।

दूसरी ओर राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के तेवर शुरु से ही सख्त रहे हैं उन्होंने मोदीजी की कई बार उपेक्षा भी की है। उसका कारण राजस्थान की ज़मीन पर उनकी अच्छी पकड़ है और सामंती अंदाज़ भी। जैसा कि सुना जा रहा कि यहां मोदीजी नए चेहरे की तलाश में हैं। उनके मुकाबले उन्होंने दीया कुमारी को जो राजघराने से ताल्लुक रखती हैं मैदान में उतारा था। लेकिन संघ की ओर से गोरखपंथी बाबा बालक दास का नाम आना बड़ा दुविधा उत्पन्न कर रहा है। इस केन्द्रीय ख़बर ने वसुंधरा को और मज़बूती से प्रतिरोध के लिए उकसाया है। उन्होंने अपने विधायक दल की बैठक बुलाई जिसमें 70 समर्थक मौजूद रहे। नियमानुसार उनका हक़ बनता है कि वे सत्ता पर काबिज हों।

यह सब देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र और राज्य के अधिकारों को लेकर वसुंधरा यदि अपनी दम-खम दिखाती हैं और उन्हें फायदा मिलता है तो शायद शिवराज सिंह भी संघ का सपोर्ट लेकर प्रदेश में विधायकों को मुखर कर सकते हैं। यदि यह मुनासिब न हो पाता है तो पक्का मानिए मोदीजी के खिलाफ़ बहुत से नाराज़ लोग भाजपा का एक नया गठबंधन बना सकते हैं। इनकी अगुवाई हेतु नितिन गडकरी आ सकते हैं केन्द्र से असन्तुष्ट मंत्री भी साथ हो जाएं तो आश्चर्य नहीं।

बहरहाल सारा दारोमदार वसुंधरा राजे के ऊपर निर्भर है। वे भी सरेंडर करती हैं या मुख्यमंत्री बनने संघर्ष करती हैं। यह संगीन मामला है किंतु वे यदि जनता के मतों के सम्मान में विद्रोह कर पाती हैं तो लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षार्थ वे एक मिसाल बनेंगी।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# देश विदेश


## इटली में प्रस्तावित पेंशन कटौती के खिलाफ डॉक्टरों की हड़ताल

**रोम।** बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हजारों डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने इटली में 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मंगलवार को 2024 के बजट बिल में प्रस्तावित पेंशन कटौती का भी विरोध किया, जिसे सरकार ने अक्टूबर में मंजूरी दे दी थी और अब संसद द्वारा मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है।

# गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं : दुजारिक

### संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने कहा, यूएन नामित क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं

**संयुक्त राष्ट्र,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा में कोई भी सुरक्षित क्षेत्र नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को यह बात कही। श्री दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित कोई सुरक्षित क्षेत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि महासचिव सहित मेरे सभी वरिष्ठ सहयोगियों ने बहुत स्पष्ट कहा है कि गाजा में कोई सुरक्षित स्थान नहीं है,। ऐसे आश्रय स्थल हैं जो संयुक्त राष्ट्र का झंडा फहराते हैं। लेकिन हमने संघर्ष की शुरुआत से देखा है कि वे स्थान जो संयुक्त राष्ट्र का झंडा फहराते हैं वे भी सुरक्षित नहीं हैं। श्री दुजारिक ब्रीफिंग के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर की टिप्पणी के संबंध में एक



सवाल का जवाब दे रहे थे कि गाजा में लोगों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित जगहों में जाना चाहिए जो कि इजरायली सूची में विसंघर्ष क्षेत्र के रूप में सूचीबद्ध हैं जो सैन्य अभियानों का लक्ष्य नहीं होना चाहिए।

### छापे में 3 बम बनाने वाली लैब मिली : इजरायली सेना

इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि मेनाशे क्षेत्रीय ब्रिगेड, डुवदेवन इकाई, लोटार और सीमा पुलिस के जवानों ने वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी शिविर में रात भर अभियान चलाया, जिसमें 10 वांटेड फिलिस्तीनियों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान दो सुरंग शाफ्ट और तीन बम बनाने वाली लैब का भी पता चला। इस दौरान कई हथियार और अन्य उपकरण जब्त किए गए। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली सैनिक क्षेत्र में फिलिस्तीनी बंदूकधारियों के साथ भिड़ गए।

## यमन से दागी गई मिसाइल को आईडीएफ ने लाल सागर के ऊपर रोका



**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सैनिकों ने लॉन्ग-रेंज ऐरो एयर डिफेंस सिस्टम का उपयोग करके लाल सागर के ऊपर रोक दिया था। माना जा रहा है कि मिसाइल को यमन से लॉन्च किया गया था। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना से दक्षिणी शहर ईलात में सायरन बज गया, हालांकि आईडीएफ का कहना है कि मिसाइल ने इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया। आईडीएफ ने कहा, टारगेट इजरायली क्षेत्र में नहीं घुसा और इससे नागरिकों को कोई खतरा नहीं हुआ। प्रोटोकॉल के अनुसार अलर्ट एक्टिव कर दिया गया था।

## राहत गलियारे के प्रस्ताव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति ने मिस्र, जॉर्डन का किया दौरा



**निकोसिया,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने साइप्रस से गाजा तक राहत पहुंचाने के लिए समुद्री गलियारे की स्थापना की अपनी पहल को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को मिस्र और जॉर्डन का दौरा किया। यहां राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि क्रिस्टोडौलाइड्स ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय के साथ परामर्श के लिए अम्मान जाने से पहले काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी के साथ बातचीत की। क्रिस्टोडौलाइड्स ने गाजा को सहायता के निरंतर हस्तांतरण के लिए एक गलियारा स्थापित करने और क्षेत्र में शांति की बहाली के लिए अन्य देशों के साथ काम करने के लिए साइप्रस की तत्परता दोहराई। क्रिस्टोडौलाइड्स की योजना अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता के लार्नाका बंदरगाह पर प्रेषण और भंडारण और दक्षिण में लगभग 370 किमी दूर फिलिस्तीनी एन्क्लेव में इसके हस्तांतरण का प्रावधान करती है।

## सुडोकू 6398

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 7 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आप का दिन आर्थिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से लाभदायी है। धन लाभ के लिए आप लंबी अवधि का निवेश करने की योजना बनाएंगे। यदि आप व्यापार के साथ जुड़े हुए हों, तो उसके विस्तार की योजना बना पाएंगे।

वृषभ - आज परिश्रम की अपेक्षा कम फल प्राप्त कर सकेंगे। फिर भी आप दृढ़तापूर्वक अपना काम आगे बढ़ा सकेंगे। आप अपने व्यवहार और वाणी से लोगों को प्रभावित कर सकेंगे। उनकी तरफ से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - अत्यधिक इमोशन आपके मन को विचलित रखेंगे। आपको पानी वाली जगहों पर जाने से आज बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में आपको दिक्कत होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कर्क - आज आपका दिन शुभ रहेगा। नए काम शुरू ना करने की आपको सलाह दी जाती है। दोस्तों एवं परिजनों से मुलाकात होगी। दोस्तों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी।

सिंह - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी कहा जा सकता है, परंतु आर्थिक रूप से लाभदायी रहेगा। खर्च अधिक होगा, लेकिन इनकम भी बनी रहेगी। दूर रहने वाले रिश्तेदारों से कोई अच्छा संदेश मिल सकता है।

कन्या - आपका दिन लाभदायी है। वैचारिक समृद्धता बढ़ेगी। आप अपने व्यवहार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। दोस्तों से मेलजोल बना रहेगा। व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। आप का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मन खुश रहेगा।

तुला - आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। असंयमित विचार आपको परेशानी में डाल सकते हैं। दुर्घटना से सावधान रहें। खर्च अधिक रहेगा। व्यापार में ज्यादा गुस्से से आज उग्र विवाद हो सकता है।

वृश्चिक - आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के साथ भेंट हो सकती है तथा प्राकृतिक स्थल पर घूमने की योजना भी बन सकती है।

धनु - आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज आप आर्थिक मामलों में उचित योजना बना सकेंगे। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे। हर एक काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। व्यापार बढ़ाने की योजना बनेगी।

मकर - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी रहेगा। बौद्धिक काम के लिए आज का दिन शुभ है। आज लेखन प्रवृत्ति या साहित्य से जुड़े किसी काम में आप व्यस्त रहेंगे, इसके लिए आप योजना भी बना सकते हैं।

कुंभ - आज अत्याधिक सोचने-विचारने से मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। मन में क्रोध की भावना रहेगी, इसे दूर करने के प्रयास से अनिष्ट से बच सकेंगे। चोरी, अनैतिक कृत्यों से, नेगेटिव विचारों से दूर रहें।

मीन - आज आप दैनिक काम से बाहर आकर घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे अपना समय बिताएंगे। स्वजनों तथा मित्रमंडली के साथ पिकनिक पर जाने का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## किर्गिस्तान में इन्फ्लुएंजा ए एच3एन2 के मामले सामने आए

**बिश्केक,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान के दक्षिण में ओश शहर में इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 के मामले सामने आये है। यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकरी दी। मंत्रालय के रोग निवारण और राज्य स्वच्छता और महामारी विज्ञान पर्यवेक्षण विभाग ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजों से पता चला है कि शहर में कई मरीज़ इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 पॉजिटिव है। मंत्रालय ने कहा कि यह बीमारी मौसमी है और देश में हर साल दर्ज की जाती है। प्रयोगशाला के परिणामों से देश में तीव्र श्वसन वायरल संक्रमण का पता चला है, जिसमें पैरेन्फ्लुएंजा, बोकावायरस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस, मौसमी कोरोनावायरस, एडेनोवायरस और मेटान्यूमोवायरस शामिल हैं। लेकिन बिश्केक में महामारी की स्थिति स्थिर है। किर्गिस्तान में पिछले सप्ताह में 5,737 तीव्र श्वसन वायरल संक्रमण और फ्लू के मामले दर्ज किए गए थे। बीमारों में 67.2 प्रतिशत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, इस तरह कुल 3,858 मामले हैं।

# एक-दूसरे के लिए विकास का अवसर हैं चीन-ब्रिटेन : वांग यी

**बीजिंग,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 5 दिसंबर को ब्रिटिश विदेश मंत्री कैमरोन के साथ फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि चीन और ब्रिटेन एक-दूसरे के विकास का अवसर हैं। आशा है कि ब्रिटेन चीन के प्रति सही समझ पर कायम रहकर द्विपक्षीय संबंधों के विकास की मुख्य दिशा अच्छी तरह पकड़ेगा। वांग यी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य के नाते चीन और ब्रिटेन अंतरराष्ट्रीय शांति व स्थिरता पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उठाते हैं। चीन-ब्रिटेन संबंधों का स्थिर व स्वस्थ विकास न सिर्फ दोनों देशों की जनता के मूल व दूरगामी हितों में है, बल्कि विश्व शांति व




समृद्धि बढ़ाने के लिए रणनीतिक व वैश्विक महत्व रखता है। मुठभेड़ और परिवर्तन से ओतप्रोत अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति और निरंतर उभरती वैश्विक चुनौतियों के सामने चीन और ब्रिटेन को संवाद बनाए रखकर समन्वय और सहयोग गहराना चाहिए।

## वांग ने ताइवान के सवाल पर चीन की स्थिति पर दिया जोर

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को ताइवान मुद्दे पर चीन की गंभीर स्थिति पर जोर दिया। श्री वांग ने अमेरिका से चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की किसी भी ताकत का समर्थन और मिलीभगत नहीं करने का आग्रह किया। श्री वांग, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के भी सदस्य हैं, ने अमेरिका के साथ एक फोन कॉल पर यह टिप्पणी की। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बुधवार को इस संबंध में टेलीफोन पर बातचीत की। गौरतलब है कि चीन ताइवान को अपने अधिकार क्षेत्र में होने का दावा करता है जबकि ताइवान खुद को 'आजाद देश' मानता है।

## वर्ग पहेली 6398



**बायें से दायें:-**

१. वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी को अन्य किसी पौधे या प्राणी पर या उसके अंदर रहता है और उसी को अपना आहार प्राप्त करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिन्दी, संस्कृत, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती हैं
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है, तता चटनी भी बनती है
९. निर्माण, रचना
१०. बद्दुआ, शाप
१२. सुबह, रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, बहादुरी, हिम्मत
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कर्ण
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद, वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१७. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

### वर्ग पहेली-6397



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# फिलीपींस में बस दुर्घटना में 17 की मौत

**मनीला,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस के मध्य एंटीक प्रांत में मंगलवार दोपहर हुई एक यात्री बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या को पहले बतायी गयी संख्या 29 से संशोधित कर 17 कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि मंगलवार को हुए हादसे पहले मृतकों की संख्या 29 बताई गई थी। प्रांतीय आपदा जोखिम प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख ब्रोडरिक ट्रेन ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 16 लोगों की दुर्घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि एक की स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सात अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। एंटीक गवर्नर रोडोरा कैडियाओ ने पूर्व में घोषित मौतों और चोटों के आंकड़ों के लिए माफी मांगी उन्होंने दुर्घटना क्षेत्र में सेल फोन सिग्नल की कमी के लिए गलत संचार को त्रुटियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी सुधारा कि बस में केवल 24 लोग सवार थे, 53 लोग नहीं, जैसा कि पहले बताया गया था।

## यूक्रेन को जनवरी-नवंबर तक 37.4 अरब डॉलर की सहायता मिली



**कीव,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन को इस साल जनवरी-नवंबर के दौरान 37.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मिली। सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शिमहाल ने कहा कि इस अवधि में देश को अनुदान के रूप में लगभग 11 बिलियन डॉलर अमेरिका, जर्मनी, स्पेन, फिनलैंड और आयरलैंड से मिले, जो सबसे बड़े दानदाता रहे। श्मीहल ने कहा, यूक्रेन को नवंबर में ही 2 अरब डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त हुआ। यूक्रेन को पिछले साल अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता में 32.1 अरब डॉलर मिले थे। यूक्रेन को उसकी सुरक्षा, आर्थिक और मानवीय हितों की पूर्ति के लिए सहायता दी जा रही है। फरवरी, 2022 में रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू किया था।

## नाइजीरिया में सेना के ड्रोन हमले में मारे गए 85 नागरिक

**लागोस।** नाइजीरियाई सेना के ड्रोन से उत्तर पश्चिमी कडूना राज्य में सशस्त्र समूहों को निशाना बनाकर किये गये हमले में गलती से कम से कम 85 नागरिकों की मौत हो गयी है। देश की सबसे घातक सैन्य बमबारी दुर्घटनाओं में से एक पर जबरदस्त आक्रोश फैल गया। राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने मंगलवार को इस मामले की जांच के आदेश दिए। सेना ने स्वीकार किया कि उसके एक ड्रोन से रविवार को तुदुन बीरी गांव पर गलती से हमला हो गया। उस दौरान निवासी एक त्योहार मना रहे थे। सेना ने हताहतों का कोई आंकड़ा नहीं दिया, लेकिन आपातकालीन अधिकारियों और

## आज का इतिहास

1660 -एक महिला पहली बार इंग्लैंड में एक पेशेवर अभिनेत्री के रूप में मंच पर दिखाई दी।

1662 -ब्लेज़ पास्कल नामक फ्रांस के गणितज्ञ, लेखक और कैल्कयुलेटर मशीन के आविष्कारक का निधन हुआ।

1724 -रॉयल प्रूसिया के टोरून में, पोलिश अधिकारियों ने टेंशनबेटिन प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक के बाद एस्किटी के मेयर और नौ अन्य लूथरन अधिकारियों को मार डाला।

1732 -थियेटर रॉयल कोवेन्ट गार्डन, लंदन (आधुनिक-रोज़ रॉयल ओपेरा हाउस) खोला गया।

1787- डेलावेयर यूनाइटेडस्टेट्स संविधान की पुष्टि करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया।

1815 -मार्शल ने को पेरिस में जर्डिन डु लक्ज़मबर्ग के पास मार डाला।

1815 -मिशेल ने, फ्रांस के मार्शल, नेपोलियन का समर्थन करने के लिए एक फायरिंग स्क्वार्डन पेरिस %जार्डिन डू लक्जमबर्ग द्वारा किया गया था।

1835 -भविष्य के यू.एस. अध्यक्ष जेम्स के. पोलक सदन के अध्यक्ष बने।

1869 -अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने अपनी पहली पुष्टि बैंकटोरी में गैलाटीन, मिसौरी में की।

1869 -अमेरिकी डाकू जेसी जेम्स ने गल्लतिण मिसौरी में अपनी पहली बैंक डकैती की पुष्टि की।

1877 -आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने %ग्रामोफोन% का प्रदर्शन किया।

**कूटनीति** *अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर बोले*

# पन्नून पर भारत की जांच के नतीजों का उत्सुकता से इंतजार

**वाशिंगटन, 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने कहा है कि वह एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश की भारत की जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक है और जांच खत्म होने से पहले कोई आकलन नहीं करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को अपनी न्यूज ब्रीफिंग में कहा, हमने इस सरकार के सबसे वरिष्ठ स्तर पर संदेश दिया है - विदेश मंत्री ने सीधे अपने विदेशी समकक्ष (भारत के विदेश मंत्री) के समक्ष इसे उठाया है कि हम इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेते हैं।**

उन्होंने हमें बताया कि वे एक जांच करेंगे। राजनयिक स्तर पर मामले के घटनाक्रम पर एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, उन्होंने सार्वजनिक रूप से जांच की घोषणा की है। और अब हम जांच के नतीजे देखने का इंतजार करेंगे, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि उनके लिए कानून प्रवर्तन मामले पर टिप्पणी करना अनुचित होगा क्योंकि न्याय विभाग अदालत में मामला पेश कर रहा है। मिलर ने संवाददाताओं से कहा, हम उस (भारत की) जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक हैं और मैं जांच पूरी होने से पहले जाहिर तौर पर कोई आकलन नहीं करने जा रहा हूं। यह टिप्पणी व्हाइट हाउस के उस बयान के एक सप्ताह बाद आई है जिसमें कहा गया था कि वह इन



**'हम इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेते हैं।'**

आरोपों को बहुत गंभीरता से लेता है कि एक भारतीय उसकी धरती पर खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की नाकाम कोशिश में शामिल था।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने पिछले महीने भारतीय खुफिया अधिकारी निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नून को कथित तौर पर मारने के लिए भारत से एक साजिश की योजना बनाने और निर्देशित करने का आरोप लगाया था।

आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह चिंता का विषय है और भारत सरकार की नीति के विपरीत है। भारत ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया और कहा कि वह समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले पर कनाडाई सरकार के साथ भारत के असहयोग के बारे में पूछे जाने पर मिलर ने कहा कि उन्होंने मंगलवार की ब्रीफिंग में नई दिल्ली से ओटावा के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है।

## दुनिया को जानें

### ऑस्ट्रेलिया : गहरे अंतरिक्ष में संचार में सक्षम दूरबीन स्थापित



**कैनबरा,** 6 दिसम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में बुधवार को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ संचार करने में सक्षम एक नया टेलीस्कोप स्थापित किया गया। आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में क्वांटम ऑप्टिकल ग्राउंड स्टेशन से अंतरिक्ष में डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए अनुकूली ऑप्टिकल तकनीक तथा लेजर का उपयोग करता है, जिससे अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष मिशनों और उसके यात्रियों के साथ संचार और फिल्मांकन की अनुमति मिलती है। कैनबरा के पश्चिम में ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) माउंट स्ट्रोमलो वेधशाला पर स्थापित यह स्टेशन उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान भी करेगा। एएनयू इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस के निदेशक अन्ना मूर ने सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) को बताया, वैश्विक संचार के लिए अगली पीढ़ी की क्षमता के मामले में यह विश्व में पहला है।

# खेल जगत

## फॉर्म नहीं, क्लास को प्राथमिकता दी जाए : ख्वाजा

**पर्थ,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से डेविड वार्नर के इस प्रारूप से संन्यास लेने के बाद अगले टेस्ट ओपनर का चयन करते समय फॉर्म के बजाय क्लास को तरजीह देने का आह्वान किया है। अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14-खिलाड़ियों की टीम में नामित किया गया है। अब तक वॉर्नर के बाद कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मैथ्यू रेनशॉ और मार्कस हैरिस प्रमुख दावेदार हैं। ख्वाजा ने एसईएन रेडियो पर कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मेरा अगला ओपनिंग पार्टनर कौन होगा, वास्तव में मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता। चयनकर्ता जिसे भी चुनने जा रहे हैं, वे इसलिए चुनेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि वे इस भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं उस %बैट-ऑफ़% पर भी विश्वास नहीं करता जिसके बारे में लोग अभी बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह निर्णय इससे कहीं अधिक पर आने वाला है।



# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जीत के लिए बल्लेबाजी अहम होगी : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने प्रत्येक खिलाड़ी से दक्षिण अफ्रीका के एक महीने के लंबे दौरे में मैच जिताने वाला योगदान देने को कहा है। भारत रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20, तीन मैचों की वनडे और दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का सामना करने के लिए तैयार है। डरबन में पहले टी20 मैच में सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. द्रविड़ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचों पर बल्लेबाजी करना मुश्किल है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजों के पास जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने के लिए गेम प्लान हो।

द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, तो, यह बल्लेबाजी करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह है; आँकड़े आपको यह बताएंगे। यह बल्लेबाजी करने के लिए अधिक कठिन स्थानों में से एक है, खासकर यहां सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में। विकेट कुछ-कुछ करते रहते हैं और वे ऊपर-नीचे भी होते रहते हैं। प्रत्येक बल्लेबाज के पास एक गेम प्लान होगा कि वे कैसे जाना चाहते हैं, जब तक वे इसके बारे में स्पष्ट हैं और वे इसके लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए अभ्यास कर रहे हैं, यह ठीक है। द्रविड़ ने यह भी व्यक्त किया कि अफ्रीकी महाद्वीप पर खेलने के लिए शारीरिक दृढ़ता के बजाय मानसिक दृढ़ता की आवश्यकता होगी।

हम हर किसी से एक ही तरह से खेलने की उम्मीद नहीं करते हैं। हम चाहते हैं कि वे इस बारे में स्पष्ट रहें कि उनके लिए क्या काम करता है, और फिर उस पर अमल करने में सक्षम हों। लड़के, एक बार जब वे वहां पहुंच जाते हैं, तो इसका अधिकांश हिस्सा मानसिक होता है, और मुझे लगता है, आप जानते हैं, हम कोशिश करते



- ■ जीत के बावजूद भारत को आगे के मुकाबलों में गलतियों से बचना होगा

हैं और इस तथ्य पर जोर देते हैं कि अगर हम आगे बढ़ते हैं, अगर हमें सेट होने का अवसर मिलता है, तो वे ऐसा करने की कोशिश करते हैं यह मैच जिताने वाला योगदान है। भारत 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को कभी भी विदेशी धरती पर टेस्ट श्रृंखला में नहीं हराया है।



## 'कैप्टन साहब' शुभमन गिल ने राशिद खान से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज शुभमन गिल ने ब्रिटेन में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान से मुलाकात की और वह अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) टीम के साथी को देखकर बहुत रोमांचित हुए, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की। अफगान सनसनी ने गिल के साथ एक तस्वीर खिंचवाई, जिन्हें हाल ही में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में आश्चर्यजनक वापसी के बाद आईपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स का नया कप्तान नामित किया था। राशिद ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कप्तान साहब द्वारा रोकने के लिए धन्यवाद। राशिद की पोस्ट पर माइकल वॉन और टाइटन्स दोनों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं आईं और दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मुलाकात देखकर खुश हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे यह पसंद है। दूसरी ओर, टाइटन्स ने नज़र ना लगे लिखा, यह उम्मीद करते हुए कि उनके सितारों पर कोई बुरी नज़र नहीं होगी। राशिद की 24 नवंबर को यूनाइटेड किंगडम में पीठ के निचले हिस्से की एक छोटी सी सर्जरी हुई। अफगानिस्तान की क्रिकेट सनसनी भी पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग सीजन 13 से हट गए हैं, जिसके लिए एक छोटी सी सर्जरी की आवश्यकता है। उन्होंने अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 2023 वनडे विश्व कप में उनकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ मैचों में उनका प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

# भारत ने न्यूजीलैंड को जू. महिला हॉकी विश्व कप के रोमांचक मैच में हराया

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक माधुरी किंडो के शूटआउट में लगातार तीन बचाव के बाद सडनडेथ में किए बेहतरीन बचाव सहित किए कुल चार गजब के बचावों और मुमताज खान के निर्णायक गोल की बदौलत अंतिम आठ की होड़ से बाहर हो चुके भारत ने न्यूजीलैंड को मंगलवार रात सांतियागो में एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में नौंवे से 16 स्थान के लिए खेले गए मैच मे सडनडेथ शूटआउट में 3-2 से शिकस्त दी। दोनों टीमें निर्धारित समय तक तीन-तीन से बराबर थीं। निर्धारित समय में भारत के लिए रुपानी कुमारी (आठवें मिनट), ज्योति छत्री (17 वें मिनट) और सुनीलिता टोपो (53 वें मिनट) ने जबकि न्यूजीलैंड के लिए इजाबेल स्टोरी(11 वें मिनट), मेडलिन हैरिस(14 वें मिनट) और रियाना फो(49 वें मिनट ) ने एक एकगोल किया।



इस सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक मुंकाबले में भारतीय जूनियर हॉकी टीम दो बार पिछड़ने के बावूजद गोल निर्धारित समय में बराबरी पाने में कामयाब रही और मैच शूटआउट में खिंच गया। शूट आउट में भारत के लिए साक्षी राणा और कप्तान प्रीति ने और न्यूजीलैंड की ओर से हाना कोटर और रिआना फो ने गोल किए और मैच सडनडेथ में खिंच गया। मुमताज ने सडनडेथ में गोल कर भारत 3-2 से जीत दिला दी। भारत की गोलरक्षक माधुरी किंडो ने शूटआउट में तीन बेहतरीन बचाव करने के बाद सडनडेथ में न्यूजीलैंड के पहले प्रयास को नाकाम किया। मुमताज खान ने सडनडेथ में अपने पहले प्रयास में गोल कर भारत को जीत दिला कर ही दम लिया।

भारत ने अपने पिछले मैच की तरह भारत की

- ■ गोलरक्षक माधुरी के चार बचाव व मुमताज के सडनडेथ में गोल से भारत जीता

जूनियर टीम ने बराबर न्यूजीलैंड के गोल पर दबाव बनाया। न्यूजीलैंड के जवाबी हमलों के बावजूद भारत की जूनियर टीम ने अपनी लय बनाए रखी। रूपानी कुमारी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। इजाबेल स्टोरी ने तीन मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर न्यूजीलैंड को एक एक की बराबरी दिला दी। मेडलिन हैरिस ने तीन मिनट बाद बढ़िया मैदानी गोल कर न्यूजीलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। ज्योति छत्री ने दूसरे क्वॉर्टर के छठे मिनट में बढ़िया मैदानी गोल से भारत को 2-2 की बराबरी दिला दी। रियाना ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल कर न्यूजीलैंड को 3-2 से आगे कर दिया। सुनीलिता टोपो ने चार मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को 3-3 की बराबरी दिला मैच शूटआउट में खींच दिया।

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ज्योति छत्री ने कहा, % हमने मैच में जिस तरह वापसी की उससे हमें खुद पर फख्र है। शूटआउट में दो गोल से पिछड़ने के बाद भी हमने हार नहीं मानी। खासतौर पर गोलरक्षक माधुरी किंडो के गजब के मुस्तैद प्रदर्शन को सलाम।

# मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं : डुप्लेसी

**अबु धाबी** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि टी-20 विश्वकप से पहले वह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और उन्होंने टीम के रॉब वाल्टर के साथ इस संदर्भ में बात की हैं।



डुप्लेसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से वापसी कर सकता हूं।

उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं। हमने अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के टीम संतुलन के बारे में बात की है। इसके अलावा नए कोच के साथ और कई चीज़ों के बारे में बात हुई है। उल्लेखनीय है कि डुप्लेसी ने आखिरी बार टी-20 में तीन साल पहले 2020 में और आखिरी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच फरवरी 2021 में खेला था। डुप्लेसी घरेलू स्तर के साथ-साथ दुनिया भर की टी-20 लीगों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

इसी वर्ष आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए थे। वह इस साल आईपीएल में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। हालांकि सफेद गेंद के क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर कभी संन्यास नहीं लेने के बावजूद टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करणों के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच वाल्टर ने कहा था कि डुप्लेसी, क्विंटन डिकॉक और राइली रूसो जैसे खिलाड़ियों के नाम पर अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के लिए विचार किया जाएगा।

# रवि बिश्नोई बने आईसीसी टी-20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

नई दिल्ली, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सम्पन्न पांच टी-20 मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा नौ विकेट चटका कर मैन ऑफ द सीरीज रहे भारत के बड़े दिल वाले नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में कुल 699 रेटिंग अंकों के साथ दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए। 2022 में भारत के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अब तक कुल 34 विकेट चटकाए।

भारत के रवि बिश्नोई दुनिया और अफगानिस्तान के सबसे अनुभवी और कंजूस लेग स्पिनर राशिद खान, श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा, इंग्लैंड के आदिल राशिद और श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा को पीछे छोड़ कर अपने अब तक के छोटे से अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हैं।



- ■ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में विश्नोई नहीं लिए थे 9 विकेट
- ■ टी-20 विश्वकप में विश्नोई ने ठोकी दावेदारी

रवि बिश्नोई ने अपने घर में कुल सबसे ज्यादा नौ विकेट चटका कर भारत को मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज 4-1 से जिताने में अहम भूमिका निभाई। रवि बिश्नोई ने भारत के लिए पावरप्ले में गेंदबाजी करने के साथ रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाए। रवि बिश्नोई ने ऑस्ट्रेलिया की भारत में ही सम्पन्न वन डे विश्व कप में सेमीफाइनल और फाइनल की जीत के हीरो ट्रेविज हेड, विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश और ग्लेन मैक्सवेल जैसे धुरंधर बल्लेबाजों को अपना शिकार बना कर अपनी टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई। बिश्नोई ने भले ही लेग स्पिन की बजाय अपनी गुगली पर ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई विकेट चटकाए लेकिन अब अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में 2024 के मध्य में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप से पहले अब बाकी छह टी-20 मैचों में स्पिन का जाल बुन कर विकेट चटका कर खुद का इसके लिए टीम इंडिया में लेग स्पिनर के रूप में अपना मजबूत दावा पेश कर सकते हैं। अब रवि बिश्नोई के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी करने से अनुभवी लेग स्पिनर कुलदीप यादव पर आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप से पहले बाकी छह मैचों (तीन दक्षिण अफ्रीका व तीन अफगानिस्तान) में बढ़िया प्रदर्शन कर दबाव रहेगा।

## सार संक्षेप

### कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क अब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अहम गेंदबाज : हैडिन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रैड हैडिन का मानना है कि पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के पास राष्ट्रीय टीम में बने रहने के लिए अभी काफी साल हैं। फॉक्स क्रिकेट पॉडकास्ट द फॉलो ऑन पर हैडिन ने कहा, यह तिकड़ी टेस्ट क्रिकेट में बड़ा प्रभाव छोड़ सकती है। मुझे अब भी लगता है कि उनमें काफी क्रिकेट बाकी है। मुझे लगता है कि वे टेस्ट मैच के मैदान पर एक बड़ी विरासत छोड़ना चाहते हैं और मुझे लगता है कि हम इन तीनों में बहुत कुछ देखने जा रहे हैं। कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क ने खेल के कम से कम एक प्रारूप में शीर्ष रैंकिंग का दावा किया है और ये तिकड़ी वर्तमान में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 15 गेंदबाजों में शामिल हैं। हैडिन ने आगे कहा कि तेज गेंदबाजी तिकड़ी वास्तव में एक-दूसरे की अच्छी तारीफ करती है। मुझे नहीं लगता कि हम अन्य तीन को देखने जा रहे हैं जो इन तीनों की तरह एक-दूसरे की प्रशंसा करते हैं। जब उनके पास गेंद होती है तो उनमें कोई अहंकार नहीं होता।

# दूसरे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को 172 रन पर समेटा

**मीरपुर** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर के तीन-तीन विकेट और एजाज पटेल के दो विकेट की बदौलत मेजबान बंगलादेश को आज यहां दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 172 रनों पर समेट दिया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों जाकिर हुसैन आठ रन, महमुदुल हसन जॉय 14 रन, मोमिनुल हक पांच रन और नजमुल शान्तो को नौ रन को 15 ओवर तक टीम के 47 स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था। मुशफिकुर रहीम 35 रन पर गेंद को हाथ से रोकने के प्रयास में आउट हुए। इसे क्रिकेट की भाषा में 'हैंडलिंग द बॉल' कहा जाता हैं। इसके साथ ही वह इस तरह आउट होने वाले पहले बंगलादेशी क्रिकेटर हैं। वह जब 41ओवर की चौथी गेंद पर आउट हुये उस समय टीम का स्कोर 104 रन था। इसके बाद शहादत हुसैन 31 रन फिलिप्स के हाथों कैच आउट करा दिया। नुरुल हसन सात रन पर आउट होने वाले बंगलादेश के सातवें बल्लेबाज थे। मेहदी हसन मिराज 20 रन बनाकर आउट हुये। तैजुल इस्लाम छह रन, शोरिफुल इस्लाम 10 रन बनाकर आउट हुये। नईम हसन 13 रन बनाकर नाबाद रहे। और बंगलादेश की पूरी टीम पहली पारी में 66.2 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन विकेट लिये। वहीं एजाज पटेल के दो बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी को एक विकेट मिला।



### क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचने पर आउट होने वाले पहले मुशिफकुर बंगलादेशी बल्लेबाज

विकेटकीपर बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट होने वाले बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में आज बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन के 41वें ओवर के दौरान काइल जेमीसन की गेंद को बल्ले से खेलने के बाद मुशिफकुर ने अपने दाहिने हाथ से रोका।

### सुडोकू 6398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |


**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर
(छत्तीसगढ़) 492006

**उद्घोषणा**

क्रमांक.14353/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर, दिनांक 07.11.2023

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजनांतर्गत बाबा जी ट्रांसपोर्ट कम्पनी प्रो. श्री जगपाल सिंह सैनी आत्मज सरदार तेजा सिंह सैनी को ब्लाक क्रमांक 13 भूखण्ड क्रमांक SS2-39 क्षेत्रफल 269 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती प्रो. श्री जगपाल सिंह सैनी आत्मज सरदार तेजा सिंह सैनी की दिनांक 31.03.2018 को मृत्यु हो जाने के पश्चात् उक्त भूखण्ड का नामांतरण बाबत् उनकी पत्नी श्रीमती बलविंदर कौर पति स्व. जगपाल सिंह सैनी, पुत्र द्वय श्री कुलवंत सिंह, श्री हरदीप सिंह एवं पुत्री द्वय जसवंत कौर एवं कमलजीत कौर पिसरान स्व. जगपाल सिंह सैनी पता-मकान नं. 1480, वार्ड नंबर 31, गली नंबर 08, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा संयुक्त रूप से उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्यय नहीं होगा।

दिनांक .... को जारी ।

मुहर राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर ( छ.ग. )

**NAME CHANGE**

It is informed to the general Public that I BAKSHISH SINGH KALSI S/o TARLOCHAN SINGH KALSI Resident of Flat No. 405 Block-12, Ashoka Ratan Complex, VIP Estate, Khamhardih Raipur (C.G) have changed my Son old name JAIBEER SINGH KALSI S/o BAKSHISH SINGH KALSI. So in future should be recognized by my son new name that is JAIBIR SINGH KALSI S/o BAKSHISH SINGH KALSI in all Government and other documents.

**BAKSHISH SINGH KALSI**
Resident of Flat No. 405 Block-12, Ashoka Ratan Complex, VIP Estate, Khamhardih Raipur (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general Public that I BAKSHISH SINGH KALSI S/o TARLOCHAN SINGH KALSI Resident of Flat No. 405 Block-12, Ashoka Ratan Complex, VIP Estate, Khamhardih Raipur (C.G) have changed my old name BAKSHISH SINGH S/o TARLOCHAN SINGH KALSI. So in future should be recognized by my new name that is BAKSHISH SINGH KALSI S/o TARLOCHAN SINGH KALSI in all Government and other documents.

**BAKSHISH SINGH KALSI**
Resident of Flat No. 405 Block-12, Ashoka Ratan Complex, VIP Estate, Khamhardih Raipur (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIKAS KUMAR DEWANGAN S/O JAI RAM PRASAD DEWANGAN resident of 258 PHASE 1 WALLFORT PARADISE FRONT OF BAGDAI MANDIR KANDUL RAIPUR 492013 (C.G.) have changed my old name VIKAS KUMAR DEWANGAN S/O JAI RAM PRASAD DEWANGAN so in future I should be recognized by my new name that is VIKAS DEWANGAN S/O JAI RAM PRASAD DEWANGAN in all Government and other documents.

**VIKAS DEWANGAN**
258 PHASE 1 WALLFORT PARADISE FRONT OF BAGDAI MANDIR KANDUL RAIPUR 492013 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HARISH KUMAR BATRA S/O CHANCHAL DAS BATRA resident of 382/24 AAMDI MANDIR WARD 24 SINDHI COLONY STATION ROAD DURG (C.G.) have changed my old name HARISH KUMAR BATRA S/O CHANCHAL DAS BATRA so in future I should be recognized by my new name that is HARISH BATRA S/O CHANCHAL DAS BATRA in all Government and other documents.

**HARISH BATRA**
382/24 AAMDI MANDIR WARD 24 SINDHI COLONY STATION ROAD DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANIL KHETAN S/O MOTI LAL KHETAN resident of 7/93, KHETAN BACHAT BHAWAN SAI MANDIR KE PAS CHAMPA DIST JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name ANIL KHETAN S/O MOTI LAL KHETAN so in future I should be recognized by my new name that is ANIL KUMAR KHETAN S/O MOTI LAL KHETAN in all Government and other documents.

**ANIL KUMAR KHETAN**
7/93, KHETAN BACHAT BHAWAN SAI MANDIR KE PAS CHAMPA DIST JANJGIR CHAMPA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DHANESH KUMAR S/O CHHOTE LAL SHUKLA resident of WARD NO. 11, RAM MANDIR WARD DHARAMJAIGARH RAIGARH (C.G.) have changed my old name DHANESH KUMAR S/O CHHOTE LAL SHUKLA so in future I should be recognized by my new name that is DHANESH SHUKLA S/O CHHOTE LAL SHUKLA in all Government and other documents.

**DHANESH SHUKLA**
WARD NO. 11, RAM MANDIR WARD DHARAMJAIGARH RAIGARH (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VISHAL AGARWAL S/O SHANKAR LAL AGARWAL resident of H.NO. 201/25, ASHOKA RATAN VIDHAN SABHA ROAD SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name VISHAL AGARWAL S/O SHANKAR LAL AGARWAL so in future I should be recognized by my new name that is VISHAL AGRAWAL S/O SHANKAR LAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**VISHAL AGRAWAL**
H.NO. 201/25, ASHOKA RATAN VIDHAN SABHA ROAD SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.)

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर
(छत्तीसगढ़) 492006

**उद्घोषणा**

क्रमांक.14368/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर, दिनांक 08.11.2023

प्राधिकरण की डॉ0 खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री नीरज अग्रवाल पिता श्री सुरेश अग्रवाल को ब्लॉक 02 में भूखण्ड क्रमांक 54 क्षेत्रफल 199.52 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा

दिनांक .... को जारी ।

मुहर राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर
(छत्तीसगढ़) 492006

**उद्घोषणा**

क्रमांक.14367/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर, दिनांक 08.11.2023

प्राधिकरण की डॉ0 खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री नीरज अग्रवाल पिता श्री सुरेश अग्रवाल को ब्लॉक 02 में भूखण्ड क्रमांक 53 क्षेत्रफल 199.52 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा

दिनांक .... को जारी ।

मुहर राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर
(छत्तीसगढ़) 492006

**उद्घोषणा**

क्रमांक.14354/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर, दिनांक 07.11.2023

प्राधिकरण की डॉ0 खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत मेसर्स सिंग सेल्स एण्ड सर्विस प्रो. श्री कुलवंत सिंग पिता स्व. जगपाल सिंग को ब्लॉक 02 में भूखण्ड क्रमांक 53 क्षेत्रफल 265.11 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा

दिनांक .... को जारी ।

मुहर राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर ( छ.ग. )

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 3.60 प्रतिशत |
| आईटीसी | 2.51 प्रतिशत |
| एलटी | 2.31 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.08 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.99 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 1.52 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.05 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.04 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.01 प्रतिशत |
| मारुति | 0.87 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# 'मासिक जीएसटी वसूली में और बढ़ोतरी की गुंजाइश'

**नई दिल्ली,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के विशेष सचिव एवं सदस्य (जीएसटी) शशांक प्रिया ने बुधवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली अच्छी चल रही है तथा इसमें अभी और वृद्धि की गुंजाइश है।

यहां जीएसटी पर उद्योगमंडल एसोचैम के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारा कर राजस्व ( मासिक जीएसटी वसूली) लगातार 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो रहा है। हम इसे और बढाएंगे क्योंकि अभी ऐसे क्षेत्र हैं जहां राजस्व का दोहन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, हम जीएसटी अनुपालन को आसान बनाने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन साथ ही, हम यह भी देखना चाहते हैं कि अनुपालन में नियमितता बरती जाए, कर विवरण दाखिल करने तथा कर-भुगतान समय पर हो। हम एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार की यात्रा पर निकले हैं और हमें मैदानी स्तर पर आने



> सीबीआईसी ने एक बड़ा फैसला किया है कि अब उसका अपना अपना 'बैक एंड सिस्टम' यानी हिसाब-किताब रखने का प्रभाग नहीं होगा बल्कि इस काम को जीएसटीएन के बैक एंड सिस्टम पर ले जाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्यों कि बोर्ड के सामने फील्ड स्तर पर, डेटा हानि की समस्याएं आ रही थीं : **शशांक प्रिया**

वाली इन समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार काम करते रहने की जरूरत है। श्री शशांक प्रिया ने यह भी कहा कि सीबीआईसी ने एक बड़ा फैसला किया है कि अब उसका अपना अपना 'बैक एंड सिस्टम' यानी हिसाब-किताब रखने का प्रभाग नहीं होगा बल्कि इस काम को जीएसटीएन के बैक एंड सिस्टम पर ले जाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्यों कि बोर्ड के सामने फील्ड स्तर पर, डेटा हानि की समस्याएं आ रही थीं। उन्होंने कहा, 'हमने महसूस किया है कि अगर हम सभी एक ही बैक-एंड सिस्टम पर काम करेंगे तो राज्यों और केंद्र के बीच एक तालमेल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हर शिकायत के लिए केंद्र पर आश्रय ठीक नहीं होता। कानून के कुछ प्रावधानों के कार्यान्वयन में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर शिकायत निवारण तंत्र, राज्य समन्वय समिति की बैठकों की व्यवस्था और तंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। श्री प्रतीक जैन, अध्यक्ष, एसोचैम की राष्ट्रीय अप्रत्यक्ष कर परिषद के चेयरमैन प्रतीक जैन ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि जीएसटी ने सभी राज्यों में एक कानून और समान कर दरों के साथ संरचनात्मक सरलता ला दी है। पर उद्योग जगत का मानना है कि अब विधायी पहलुओं से अधिक, कर प्रशासन को अब सुव्यवस्थित करने तथा हितधारकों को एक साथ आ कर परस्पर राय-मशवरा के साथ आगे बढ़ने का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

एसोचैम की राष्ट्रीय अप्रत्यक्ष कर परिषद के सह-अध्यक्ष एसोचैम रितेश कनोडिया ने जीएसटी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे जिन पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया जिनमें ऑडिट की बहुलता और नोटिसों की ऊंची संख्या , ऐसे पुराने मामले जिनमें कर की मांग की पुष्टि हो चुकी है, ब्याज जमा कर दिया गया है पर क्रेडिट का मुद्दा फंसा हुआ है तथा माफी योजना में कुछ कानूनी अस्पष्टताओं के आधार जीएसटीआर 2ए-3बी के नोटिस के संबंध में रियायत जैसे मुद्दे शामिल हैं।

## मस्क की एआई कंपनी जुटाना चाहती है 1 बिलियन डॉलर का निवेश



**सैन फ्रांसिस्को,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। एलन मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई इक्विटी निवेश में 1 अरब डॉलर तक जुटाने की कोशिश कर रही है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग के अनुसार, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने एक्सएआई के लिए अब तक 134.7 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।

135 मिलियन डॉलर चार अनाम निवेशकों से आए, पहली बिक्री 29 नवंबर को हुई। एसईसी फाइलिंग में कहा गया है कि एक्सएआई बाहरी निवेशकों से न्यूनतम 2 मिलियन डॉलर ही स्वीकार करेगा।

सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई के चैटजीपीटी पर निशाना साधते हुए मस्क ने पिछले महीने कहा था कि एक्सएआई के एआई चैटबॉट ग्रोक में पारंपरिक जीपीटी मॉडल की तुलना में वर्तमान जानकारी है। एक्सएआई ग्रोक एआई असिस्टेंट यूजर्स को एक्स प्रीमियम प्लस के हिस्से के रूप में प्रदान किया जा रहा है, जिसकी लागत वेब के माध्यम से प्रति माह 16 डॉलर है।

एक्सएआई टीम ने कहा, ग्रोक एक एआई है जिसे हिचहाइकर गाइड टू द गैलेक्सी के आधार पर तैयार किया गया है, इसका मकसद लगभग किसी भी सवाल का उत्तर देना है और इससे भी अधिक कठिन, यह भी सुझाव देना है कि कौन से प्रश्न पूछने हैं। मस्क ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, लेकिन 2018 में कंपनी के लाभ के लिए बदलाव के कारण उन्होंने इसे छोड़ दिया और चैटजीपीटी को वोकजीपीटी कहा। अरबपति ने इस साल की शुरुआत में एक्सएआई लॉन्च किया था। टीम का नेतृत्व मस्क कर रहे हैं और इसमें टीम के सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने एआई में अन्य बड़े नामों पर काम किया है। इनमें ओपनएआई, गूगल रिसर्च, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च और गूगल का डीपमाइंड शामिल हैं।

वेबसाइट के अनुसार, एक्सएआई का लक्ष्य ब्रह्मांड की वास्तविक प्रकृति को समझना है।

## प्याज, टमाटर की ऊंची कीमतों से नवंबर में बढ़ी आपकी थाली की कीमत

**नई दिल्ली,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। वेज थाली की कीमत अक्टूबर की तुलना में नवंबर में 10 फीसदी बढ़ गई, जबकि प्याज और टमाटर की कीमतें बढ़ने से नॉन-वेज थाली की कीमत केवल 5 फीसदी बढ़ी। क्रिसिल की एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है। नवंबर के दौरान बेमौसम बारिश ने प्याज और टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचाया, जिससे बाजार में दोनों की कमी हो गई और कीमतें बढ़ गईं। क्रिसिल ने कहा, प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमश: 93 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि के कारण वेज थाली की कीमत साल-दर-साल 9 प्रतिशत बढ़ गई। दालों की कीमत में भी 21 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिससे वेज थाली की कीमत 9 प्रतिशत बढ़ गई। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां, चावल, दाल, दही और सलाद होता है। इसकी औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है। नॉन वेज थाली के लिए, चिकन की कीमत में गिरावट के कारण कीमतों में वृद्धि कम हुई। नॉन वेज थाली में चिकन की लागत कुल लागत का 50 प्रतिशत है। नॉन-वेज थाली में दाल की जगह चिकन ले लेता है जबकि बाकी चीजें वैसी ही रहती हैं। सितंबर की तुलना में अक्टूबर में वेज और नॉन-वेज थाली की कीमत में 1 फीसदी और 3 फीसदी की कमी आई थी।

## जेनरेटिव एआई टूल्स को संभावित सुरक्षा जोखिम के रूप में देखती हैं 92 प्रतिशत भारतीय कंपनियां

**बेंगलुरू,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। जेनरेटिव एआई टूल्स भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं। कम से कम 92 प्रतिशत ऑर्गेनाइजेशन जेनएआई को एक संभावित सुरक्षा जोखिम मानते हैं। क्लाउड सिक्योरिटी प्रोवाइडर जेडस्केलर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 95 प्रतिशत ऑर्गेनाइजेशन किसी न किसी रूप में जेनरेटिव एआई टूल का उपयोग कर रहे हैं, उनमें से 75 प्रतिशत अभी तक चैटजीपीटी जैसे जेनरेटिव एआई टूल का उपयोग न करने के लिए स्किल या टैलेंट की कमी को स्वीकार करते हैं।

भारत में लगभग 71 प्रतिशत लोग इस बात से सहमत हैं कि सामान्य कर्मचारी नहीं, बल्कि आईटी टीमें उपयोग के पीछे जबरदस्त ताकत बनकर उभरती हैं। जेडस्केलर के एपीजे के सीटीओ सुदीप




बनर्जी ने कहा, हमारा सर्वे जेनरेटिव एआई अपनाने की गतिशीलता को रेखांकित करता है। जेनरेटिव एआई टेक्नोलॉजी की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए जीरो ट्रस्ट प्रिंसिपल्स और स्किल्स डेवलपमेंट दोनों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

उन्होंने कहा, जीरो ट्रस्ट सॉल्यूशन को एकीकृत करने से हर एक यूजर और एप्लिकेशन के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग पर पूर्ण नियंत्रण मिल सकता है, जिससे ऑर्गेनाइजेशन को एक सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण बनाए रखने की अनुमति मिलती है। सर्वे में शामिल 22 प्रतिशत लोग जेनरेटिव एआई के उपयोग की बिल्कुल भी निगरानी नहीं कर रहे हैं, और 36 प्रतिशत ने अभी तक किसी भी अतिरिक्त जेनरेटिव एआई-संबंधित सुरक्षा उपायों को लागू नहीं किया है, हालांकि कई लोगों ने इसे अपने रोडमैप पर रखा है।

जेडस्केलर के वीपी प्रोडक्ट मैनेजमेंट संजय कालरा ने कहा, उनके (जेनएआई टूल्स) सुरक्षा उपायों को लेकर मौजूदा अस्पष्टता के साथ, भारत में केवल 30 प्रतिशत ऑर्गेनाइजेशन इन्हें अपनाने को खतरे के बजाय एक अवसर के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, यह न केवल उनके बिजनेस और कस्टमर डेटा इंटीग्रिटी को खतरे में डालता है, बल्कि उनकी जबरदस्त

### सार संक्षेप

#### रुपया पांच पैसे मजबूत

**मुंबई।** यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के अगले साल मार्च तक ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद में दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बावजूद स्थानीय स्तर पर शेयर बाजार में लगातार जारी उछाल की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे की बढ़त लेकर 83.32 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.37 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया दो पैसे बढ़कर 83.35 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों और बैंकरों की बिकवाली से 83.30 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 83.37 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.37 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में पांच पैसे मजबूत होकर 83.32 रुपये प्रति डॉलर हो गया।

#### किआ ने चार्जिंग स्टेशनों के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता किआ इंडिया ने के-चार्ज का अनावरण करते हुये माइकिया ऐप के उपयोगकर्ताओं को देश भर में 1000 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कंपनियों के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि किआ गैर-किआ ग्राहकों तक इस चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच बढ़ा रहा है, जिससे भारतीय ईवी उपयोगकर्ताओं को रेंज चिंता पर काबू पाने में सहायता प्रदान की जा रही है। यह रणनीतिक कदम विभिन्न कार्यों को एक उपयोगकर्ता-अनुकूल स्मार्टफोन ऐप में समेकित करके ग्राहक सेवाओं को बढ़ाने की किआ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किआ ने इस पहल को सक्षम करने के लिए 5 चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) के साथ सहयोग किया है जिसमें स्टेटिक, चार्जजोन, रिलक्स इलेक्ट्रिक, लायन चार्ज और ई-फिल चार्जिंग ऑपरेटर शामिल है। किआ ने अपने ग्राहकों को अपने चार्जिंग स्टेशनों के माध्यम से 3 महीने की मुफ्त चार्जिंग की पेशकश करने के लिए रिलक्स इलेक्ट्रिक के साथ एक विशेष गठजोड़ भी किया है।

#### फेडरल बैंक देगा ई-प्रोक्योरमेंट और ई ऑक्शन सेवाएं

नई दिल्ली। फेडरल बैंक अब ई-प्रोक्योरमेंट और ई-ऑक्शन सिस्टम से जुड़ गया है। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने ये सुविधाएं देने के लिए एनसीडीईएक्स ई-मार्केट लिमिटेड (एनईएमएल) के साथ करार किया है। एनईएमएल एक नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीईएक्स) की स्वामित्व वाली सहयोगी ईकाई है। एनसीडीईएक्स 90 कमोडिटी के ट्रेडिंग प्लेटफार्म में अहम हिस्सेदारी रखता है। बैंक ने आज जारी बयान में कहा कि इस रणनीतिक साझेदारी से राज्य और केंद्र सरकारों को ई-प्रोक्योरमेंट के लिए एडवांस सॉल्यूशन मिलेगा। इस प्लेटफार्म के जरिए किसान एनईएमएल प्लेटफार्म पर अपनी उपज बिक्री के लिए दर्ज करवा सकेंगे। प्लेटफार्म पर दर्ज कृषि उपज को सरकार दिए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएनपी) पर खरीद लेगी।

## सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर नये रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और भारत दोनों देशों में महंगाई में कमी और यील्ड में गिरावट से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश में तेजी आने से स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज़, पावर, तेल एवं गैस कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी आज एक बार फिर नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 357.59 अंक अर्थात् 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69,653.73 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.60 अंक यानी 0.4 प्रतिशत उछलकर 20,937.70 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 35,115.78 अंक और स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत चढ़कर 41,174.45 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3895 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1930 लाभ जबकि 1824 नुकसान में रहे वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियों में तेजी जबकि 21 में गिरावट रही।

वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनावों के बाद निवेशकों की उम्मीदें बढ़ी हैं, जो नीति की निरंतरता की पुष्टि करता है। अमेरिकी और



भारतीय दोनों बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी और यील्ड में गिरावट से एफआईआई की लिवाली बढ़ी है। साथ ही चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती और भू-राजनीतिक तनाव में कमी और तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू बाजार में तेजी आई। अमेरिकी मंदी के जोखिम में कमी और गर्मियों में मजबूत मांग की उम्मीद ने आईटी समूह में एक मजबूत उछाल और बिजली क्षेत्र की गति को बढ़ाया है।

वहीं, आशाजनक दृष्टिकोण के बावजूद घरेलू प्रीमियम मूल्यांकन चिंताओं के कारण अल्पकालिक मुनाफवासूली हो सकती है। इसके अलावा लंबे समय तक बने रहने वाले अल नीनो के जोखिम, जलाशयों के स्तर में गिरावट और कम बुआई के कारण रिज़र्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही की आर्थिक विकास वृद्धि दर को अनुमान को बढ़ाने और भविष्य के मुद्रास्फीति अनुमानों को कम कर सकता है।

इससे उत्साहित निवेशकों की लिवाली कि बदौलत बीएसई 16 समूहों में तेजी रही। इस दौरान यूटिलिटीज 3.00, कमोडिटीज़ 0.25, सीडी 0.24, ऊर्जा 1.12, एफएमसीजी 1.03, इंडस्ट्रियल्स 0.80, आईटी 1.46, ऑटो 0.07, कैपिटल गुड्स 1.25, धातु 0.47, तेल एवं गैस 1.96, पावर 2.41, टेक 1.18 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.12 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.27, जर्मनी का डैक्स 0.13, जापान का निक्केई 2.04, हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, चीन के शंघाई कंपोज़िट में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी लेकर 69,534.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर से पहले 69,395.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 69,744.62 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत पिछले दिवस के 69,296.14 अंक के मुक़ाबले 0.52 प्रतिशत चढ़कर 69,653.73 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 96 अंक बढ़कर 20,950.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,852.15 अंक के निचले जबकि 20,961.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,855.10 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 20,937.70 अंक पर रहा।

## एप्पल ने आपूर्तिकर्ताओं से कहा, भारत से आईफोन 16 बैटरी लें : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। अपनी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने और विनिर्माण को चीन से बाहर ले जाने के प्रयास में, ऐप्पल ने अपने आपूर्तिकर्ताओं को भारतीय कारखानों से आगामी आईफोन 16 के लिए बैटरी मंगाने के लिए कहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को ये बात कही गई।

फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, चीन के डेसे जैसे बैटरी निर्माताओं को भारत में नए कारखाने स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जबकि ऐप्पल के लिए ताइवानी बैटरी आपूर्तिकर्ता सिम्पलो टेक्नोलॉजी को भविष्य के ऑर्डर के लिए भारत में विनिर्माण बढ़ाने के लिए कहा गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि जापानी इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स निर्माता टीडीके कॉर्प भारत में ऐप्पल आईफोन के लिए लिथियम-आयन (ली-आयन) बैटरी सेल का निर्माण करेगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि डेसे और सिम्पलो जैसी कंपनियां टीडीके और उनके समकक्षों द्वारा उत्पादित



इलेक्ट्रिक सेल को मॉड्यूल में पैकेज करती हैं और उन्हें ताइवानी अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन जैसे असेंबलरों को भेजती हैं।

फॉक्सकॉन की भारत में 1.54 अरब डॉलर निवेश करने की योजना है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में, फॉक्सकॉन ने कहा कि निवेश से उसे परिचालन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस बीच, एप्पल ने भारत सरकार से अपने मौजूदा आईफोन को इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के लिए एक सामान्य चार्जिंग पोर्ट की आवश्यकता से छूट देने के लिए कहा है। केंद्र अधिकांश उपकरणों के लिए एक सामान्य चार्जर को अनिवार्य करने की संभावना का मूल्यांकन कर रहा है।

## सोया रिफाइंड व पाम ऑयल महंगा



**नई दिल्ली,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकालने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया जबकि चना और दाल चना के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 46 रिंगिट उतरकर 3590 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट फिसलकर 50.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया।इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रूख रहा। सोया रिफाइंड 74 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# सरकार ने खाद के भाव स्थिर रख किसानों को वैश्विक झटकों से बचाया : मांडविया

**नई दिल्ली,** 6 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने किसानों के लिए रासायनिक उर्वरकों के दामों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पिछले 2-3 वर्ष के दौरान जिंसों की वैश्विक कीमतों में उछाल का पूरा बोझ अपने कंधे पर उठाया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है भारत में एक ऐसे दौर में उर्वरकों की खपत में स्थिरता बनी रही और कृषि उत्पादन में नए रिकार्ड बने जबकि विश्व में उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी। श्री मांडविया यहां उर्वरक उद्योग के एक सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। इसका अयोजन फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने किया था।



> आत्मनिर्भरता के लिए सरकार के प्रयासों से यूरिया उत्पादन की करीब 30 लाख टन वार्षिक क्षमता के कारखानों का उद्धार किया गया जो बंद पड़े थे। एक दो साल में उर्वरक उत्पादन की नयी क्षमताएं चालू होंगी : **मनसुख मांडविया**

रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाने , आपूर्ति के दौरान बिखराव और हेराफेरी रोकने के कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादकता के नए रिकार्ड बने हैं। आत्मनिर्भरता के लिए सरकार के प्रयासों से यूरिया उत्पादन की करीब 30 लाख टन वार्षिक क्षमता के कारखानों का उद्धार किया गया जो बंद पड़े थे। उन्होंने कहा कि एक दो साल में उर्वरक उत्पादन की नयी क्षमताएं चालू होंगी।'

श्री मांडविया ने कहा कि सरकार फॉस्फेट और पोटाश आधारित उर्वरकों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति की भरोसेमंद व्यवस्था करने में भी लगी है।

उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री प्रणाम' पहल के तहत धरती की पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखने के लिए उर्वरक के संतुलित प्रयोग, वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने ,जैविक खेती को बढ़ावा देने और संसाधनों के संरक्षण की प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा ।

उन्होंने इस क्षेत्र में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवाचारों तथा खेतों में ड्रोन से उर्वरकों और दवाओं के छिड़काव में महिलाओं को जोड़ने की नमो ड्रोन दीदी योजना जैसी पहल का जिक्र किया।

# गौठान व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के निर्देश का नहीं हो रहा पालन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की उपलब्धता नहीं होने की शिकायतों को कलेक्टर ने बड़ी गंभीरता से लेते हुए 24 नवंबर को सभी जनपद पंचायत सीईओ को गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था करने को भले ही कहा हो लेकिन वर्तमान स्थिति में गौठान व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के निर्देश का पालन नही हो रहा है। जिसके चलते क्षेत्र में गौवंशों की मृत्यु हो रही है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि गौठान में समुचित व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार का बहाना बाजी नहीं चलेगा। साथ ही साथ गौठानो के व्यवस्था संबधित मूलभूत कार्यों को करना अनिवार्य है। इसके लिए सभी पंचायत सचिवों की रूटीन में ड्यूटी लगवाईएं गए है किसी भी स्थिति में गोठान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने पशु चिकित्सा विभाग को सभी गौठानो में जाकर पशुओ का नियमित स्वास्थ्य चेकअप करने कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर सभी गौठानो में शिविर लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। लेकिन इन सभी बातों को दरकिनार करते हुए जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़कड़ा के गौठान में बुधवार 6 दिसंबर को चारा-पानी की अभाव में गायों की हुई मौत ने प्रशासन की आदेश को ठेंगा दिखा दिया। जहाँ पंचायत प्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते चारा-पानी, देखरेख की अभाव में गायों की हुई मौत ने जमीनी हकीकत को जगजाहिर करते हुए गौठान विकास का पोल खोल दिया।अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इतनी बड़ी लापरवाही बरतने वालो पर किस पर,किस तरह की कार्यवाही करती है या फिर प्रशासन जाँच मात्र का झुनझुना बजाती रहेगी ये तो उच्चाधिकारियों की कार्यप्रणाली तय करेगा। फिलहाल मड़कड़ा पंचायत की गौठान नदी किनारे बनाया गया है जहाँ कुछेक जगह को लकड़ी का खंभा में तार की घेरा बंदी कर खुले आशमान के नीचे गायों को रखा गया है। जहाँ पर देखरेख चारा नहीं होने के कारण गायों की मौत हो रही है। वही गौठान में ही घायल अवस्था में एक गाय जमीन में पड़ा मिला।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व ग्राम पंचायत मड़कड़ा के पास ही ग्राम पंचायत मल्दा सहित कई गावों के गोठनो में भी बड़ी संख्या में गायों की मौत चारा पानी के अभाव में हो गया था लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई । बताया जाता है कि जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु वर्मा बहुत ही निष्क्रिय है और उनका किसी भी सरपंच सचिवों पर दबाव नहीं रहता उनके द्वारा किसी भी निर्माण कार्य या अन्य किसी भी कार्य के लिए क्षेत्र का दौरा नहीं किया जाता और जिसके कारण यहां के प्रबुद्ध नागरिको ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु वर्मा से संपर्क करने पर कहा कि मल्दा का सचिव को उसी समय निलंबित कर दिया गया था और अभी भी निलंबित है तथा मड़कडा सचिव, सरपंच को नोटिस दिया है।



■ गौठानों में दुर्व्यवस्था के चलते मर रहे गौवंश

# विजय बघेल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पाटन में आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश से अवगत कराया

**रायपुर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद व पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल और भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने राजधानी में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भेंट कर पाटन विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश से अवगत कराया। दिल्ली हाई कोर्ट ने चुनाव प्रचार पर रोक की नियत अवधि के बाद भी पाटन में मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा रोड शो करके प्रचार करने को गंभीरता से लिया है।

भाजपा सांसद बघेल और मीडिया सह प्रभारी श अग्रवाल ने मुख्यनिर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे अपने पत्र में कहा है कि इस संबंध में 16 नवंबर को चुनाव आयोग को की गई शिकायत और 24 नवंबर को इस संबंध में दिए गए स्मरण पत्र के मद्देनजर की गई जाँच के बाद निर्वाचन कार्यालय ने 29 नवंबर को जानकारी देकर यह कहा गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पाटन एवं उडनदस्ता दल प्रभारी व नायब तहसीलदार पाटन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं पंचनामा के आधार पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होना प्रतीत नहीं होता है। श्री बघेल ने कहा कि 16 नवंबर, 2023 के आवेदन और 24 नवंबर, 2023 को दिए गए स्मरण पत्र के साथ संलग्न वीडियो एवं दो फोटो, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा दिनांक 16 नवंबर 2023 को रोड शो के दौरान लाउडस्पीकर और वाद्ययंत्र को लेकर कांग्रेस का झंडा एवं कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी का चिह्न लगा टी-शर्ट पहने दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में दुर्ग के अधिकारी द्वारा जाँच नहीं की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र में मांग की गई है कि दिल्ली हाई कोर्ट के ताजा आदेश के परिप्रेक्ष्य में उक्त वीडियो व उसमें परिलक्षित व्यक्तियों की जिला प्रशासन से पृथक निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ और विशेष अधिकारी की टीम से जाँच का आदेश दिया जाए और आचार संहिता के उल्लंघन का अपराध दर्ज कराया जाए। श्री बघेल ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जाँच के लिए 48 घंटे का समय तय किया है। अगर उसके बाद भी न्याय नहीं मिलता तो हम फिर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।



■ जांच के लिए 48 घंटे का समय तय

## मिचौंग का असर
# प्रदेश के कई हिस्सों में आज बारिश होने की आशंका

**रायपुर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। चक्रवाती तूफान मिचौंग का प्रभाव छत्तीसगढ़ में भी पड़ा है। मंगलवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला है। जिसकी वजह से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई है। वहीं ठंड बढ़ गई है। मौसम में हुए परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग की अनुसार आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होगी।

मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम में बदली और हल्की बारिश से किसान धान की कटाई और मिजाई नहीं कर पा रहे है। वहीं दो दिनों से धान खरीदी भी बंद है। बाड़ी और खेतों में लगे धान की फसल के अलावा सब्जी और फूलों में भी इसका असर पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, भीषण चक्रवाती तूफान 'मिचांग' के कारण आज प्रदेश के अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। साथ ही एक दो स्थानों में तेज हवा चलने के साथ भारी वर्षा हो सकती है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 26डिग्री से. दंतेवाड़ा और सबसे कम न्यूनतम तापमान 16 डिग्री से. पेण्ड्रा रोड में दर्ज किया गया। अगले दो तीन दिनों तक मौसम इसी तरह रहने की संभावना है।



■ वर्षा ने किसानों की बढ़ाई चिंता

# डॉ. मनीष घाटगे को मिली पीएचडी की उपाधि

**बलौदाबाजार,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में कार्यरत डॉ. मनीष घाटगे को मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ मनीष घाटगे द्वारा थीसिस टाइटल किसानों की हिंदी, इंग्लिश एवं छत्तीसगढ़ी मिश्रीत भाषा का मशीन लर्निंग द्वारा सेंटीमेंट अनालिस में शोध कार्य किया है। छत्तीसगढ़ी बोली पर पहली बार किसी शोधार्थी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शोधकार्य किया है इसलिए इन्हे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया है।



इन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने परिवारजनों एवं मित्रो को दिया है। इस उपलब्धी पर परिवारजनों, मित्रों के अलावा छत्तीसगढ राजभाषा आयोग के सचिव अनिल कुमार भतपहरी ने प्रशस्त्रि पत्र देते हुए डा. मनीष घाटगे को बधाई दी है। ज्ञात हो कि डा. घाटगे रायपुर जिला मराठा समाज के अध्यक्ष श्री गुणवंत राव घाटगे के सुपुत्र एवं बलौदाबाजार जिले के ग्राम अमेरा निवासी समाजसेवी एवं भाजपा नेता डा. अजय राव दीपमाला के दामांद है। बधाई देने वालों में डा. नुपुर घाटगे, धमतरी मराठा समाज के पूर्व अध्यक्ष विनोद राव, अनंत राव लोढे, आलोक जाधव, विलाश राव थिटे, भारत स्काउट गाईड बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, पीयुष मिश्रा, वंदना तिवारी, गजानंद त्रिवेदी आदि शामिल है।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 से

रांची, 6 दिसम्बर। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा और इसमें छह कार्य दिवस होंगे।

**NECC**

| 07.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.50 | 80 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 175 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## महंत का आश्चर्य, समीक्षा हो

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीत चुकी है लेकिन बहुत से लोग इस निर्णय से अचंभित हैं। यह निर्णय निश्चित ही बेहद अप्रत्याशित है जिसके बारे में कोई भी पहले बिलकुल नहीं सोच रहा था। छग सहित जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए थे, उनमें से इसी राज्य के बारे में कहा जा रहा था कि यहां कांग्रेस की ही जीत होगी। परिणाम एकदम विपरीत आए और भारतीय जनता पार्टी जबर्दस्त तरीके से जीती है।

अब निवर्तमान सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे डॉ. चरणदास महंत ने भी कहा है कि ये निर्णय हतप्रभ करने वाले हैं। उनकी मानें तो भाजपा के नेता तक कहते थे कि कांग्रेस की ही सरकार आ रही है। अगर ऐसा है तो यह देखना होगा कि वे कौन से कारण हैं जिनके कारण कांग्रेस की ऐसी बुरी पराजय हुई है। सरगुजा और बस्तर में, जहां कांग्रेस की ही मजबूत पकड़ मानी जा रही थी, वहां कांग्रेस का पूर्ण सफाया तो हुआ ही, 12 में 9 मंत्रियों और अनेक संसदीय सचिवों का हारना भी आश्चर्यजनक है। महंत को एक संतुलित व संजीदा नेता माना जाता है और उनका व्यवहार भी हमेशा शालीन व संयमित रहता है। वे कभी गैरजिम्मेदाराना बयान नहीं देते और जो भी बोलते हैं वह नपा-तुला व सधा हुआ होता है। यदि उनके द्वारा इस तरह से निर्णय को लेकर आश्चर्य. व्यक्त किया जाता है तो उनकी पार्टी को चाहिये कि इसकी गहन समीक्षा करे। उसे सभी क्षेत्रों के उम्मीदवारों से बातचीत कर वस्तुस्थिति की तह तक जाना होगा और कोई भी गड़बड़ होने के चिन्ह मिलें तो उसकी और छानबीन अपने स्तर पर करनी चाहिये।

महंत का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब मध्यप्रदेश में निर्वाचन आयुक्त को 15 हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं जो दोषपूर्ण चुनाव कराये जाने को लेकर हैं। मप्र कांग्रेस कमेटी ने तो बाकायदे ईवीएम के जरिये गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। वहां मुख्यमंत्री का चेहरा रहे कमलनाथ ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि काउंटिंग के 10 घंटों के बाद भी ईवीएम 99 फीसदी चार्ज थीं। इसका अर्थ यह हुआ कि उनका वोटिंग के दौरान उपयोग ही नहीं हुआ था। उनका आशय यह था कि दोनों कामों (मतदान व मतगणना) के लिये अलग-अलग मशीनें इस्तेमाल में लाई गई हैं। कांग्रेसी नेताओं का यह भी आरोप है कि कई प्रत्याशियों के उनके अपने गांवों में उन्हें 50 वोट तक नहीं मिले। जहां कांग्रेस प्रत्याशी बड़े अंतरों से हारे हैं वहां 100-100 ईवीएम में गड़बड़ियां पाई गईं।

इन परिप्रेक्ष्य में भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस को सभी उम्मीदवारों से मिलकर खोज-बीन करनी चाहिये। कोई भी दल जीते या हारे लेकिन इस बात की अपेक्षा रहती है कि चुनाव निष्पक्ष हों और वैसे ही प्रतीत भी होने चाहिये।

# चक्रवाती तूफान का प्रभाव दिनभर बना रहा

## बादलों की आवाजाही के साथ हो रही बारिश, 8 दिसंबर के बाद बदलेगा मौसम



**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। बंगाल की खाड़ी में आए तूफान का असर शहर में दिनभर बना रहा। सुबह से लेकर देर रात तक रुक रुक कर बारिश होती रही, शाम को इसकी रफ्तार बढ़ गई। बारिश के चलते बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। अगले दो दिन के लिए कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूरे छत्तीसगढ़ में चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर देखने को मिल रहा है। वर्तमान में चक्रवाती तूफान मिचोंग भारत से सटे बंगाल की खाड़ी से लेकर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ऊपर फैला हुआ है ।इसके प्रभाव के चलते 7 दिसंबर तक कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। आज बुधवार को भी तूफान के कारण प्रदेश में आंधी तूफान के साथ तेज हवाओं और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में इस तूफान का असर ज्यादा रहेगा।

**इन जिलों में बारिश की चेतावनी**

छत्तीसगढ़ मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार के मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है और फिलहाल 2-3 दिन तक बारिश की स्थिति बनी रहेगी। आज बस्तर संभाग में भारी बारिश की संभावना है , वही रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के साथ सरगुजा संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। अगले दो दिन के लिए कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। आठ दिसंबर से मौसम साफ होने लगेगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी।

## जिले में दिखा असर मिचैंग चक्रवाती तूफान का, बरसात से किसान हो रहे परेशान




**कलेक्टर ने जारी किया निर्देश लोगों को ठण्ड से बचाने की व्यवस्था करने हेतु**

**कोण्डागांव,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले में मिचैंग चक्रवाती तूफान के असर से बरसात होने लगी है और जिससे गांवों के किसान परेषान होते नजर आ रहे हैं।

कोण्डागांव जिले में मिचैंग चक्रवाती तूफान का असर जिले के सभी गांवों में देखने को मिल रहा है और मिचैंग चक्रवाती तूफान के कारण जिले के सभी क्षेत्रों में बिती रात से षुरु हुई बरसात रुक रुककर लगातार हो रही है। बरसात के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ नजर आ रहा है, वहीं कुछ जगहों पर धान की फसल को, तो वहीं कुछ जगहों में वर्तमान में बोई जा रही मक्का फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है, जिसको लेकर किसान चिंतित दिखने लगे हैं। ठंड के मौसम में बरसात होने से ठंड बढ़ गई है, जिससे लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

वहीं कलेक्टर कोण्डागांव द्वारा जिले के तमाम जनपद पंचायतों के सीईओ हेतु लोगों को ठण्ड से बचाने की व्यवस्था करने हेतु निर्देष जारी कर दिए हैं। जिसके आधार पर सभी पांच जनपद पंचायतों के सीईओ के द्वारा कलेक्टर जिला कोण्डागांव के निर्देश का हवाला देकर ग्राम पंचायत के सर्व सरपंच/सचिवों को लेख किया गया है कि उपरोक्त निर्देश के परिपालन में वर्तमान में हो रही भारी बारिश तथा कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत के मुख्य चैराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था किया जाय, जिससे ग्रामीणों को ठंड से राहत मिल सके। ग्राम पंचायत में किसी भी प्रकार की जन हानि न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे। इसका कड़ाई से पालन किया जावे।

## चक्रवाती तूफान मिचैंग से प्रभावित आम जनता को पहुंचाए राहत



**वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**कोण्डागांव,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने चक्रवाती तुफान मिचैंग से प्रभावित आम जनता को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने सभी तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि लगातार बेमौसम बारिश और बढ़ी हुई ठंड के कारण लोगों के अस्वस्थ होने की संभावना बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी सार्वजनिक स्थलों के साथ ही प्रतीक्षालयों में अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने इसके साथ ही सामाजिक भवन, मंगल भवन इत्यादि को खोलने के निर्देश भी दिए, जिससे लोगों को राहत मिले। उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्यालय में रहने के साथ ही मैदानी अमले को लगातार क्षेत्र में रहकर लोगों तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में लोगों को पेट तथा वायरल संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिनके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयों उपलब्ध रखें। मितानीनों के पास भी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। कलेक्टर ने जरुरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## महापौर, निगम अध्यक्ष व अधिकांश कांग्रेसी पार्षद अपने-अपने वार्ड में हुए भाजपा से पराजित



**जनादेश का आदर करें महापौर, नैतिकता के आधार पर अविलंब पद छोड़ें : आलोक अवस्थी**

**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में शहर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में और कांग्रेस के विरोध में खुलकर मतदान किया है। शहर के कुल 48 वार्डों में एक दो वार्ड को छोड़ सभी में भाजपा विजयी हुई है। यहाँ तक की कांग्रेस की महापौर और निगम अध्यक्ष अपने-अपने वार्ड में भाजपा से पराजित हुई हैं। जगदलपुर की जनता के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुये महापौर को नैतिकता के आधार पर अविलम्ब अपना पद छोड़ देना चाहिये। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने महापौर से पद का त्याग करने की मांग की है।

भाजपा पार्षद श्री अवस्थी ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा सीट में भाजपा के विधायक किरणदेव करीब तीस हज़ार रिकार्ड मतों से ऐतिहासिक रुप से विजयी हुये हैं। जगदलपुर शहर में लगभग साढ़े चौदह हज़ार मतों से भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ा है। कांग्रेस के 26 पार्षदों के वार्डों में भी इक्का-दुक्का को छोड़ सभी में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई है व वहाँ के वार्ड वासियों ने भाजपा पर भरोसा किया है। विजयी हुये विधायक किरणदेव ने जगदलपुर शहर में भाजपा का परचम लहराया है।

आलोक ने कहा कि भाजपा पार्षद दल द्वारा तीन माह पूर्व महापौर के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## आईजी ने ली बस्तर रेंज के पुलिस अधिकारियों की बैठक



**नक्सल विरोधी अभियानों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और अन्य अपराधिक प्रकरणों की विवेचना की हुई समीक्षा**

**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बुधवार को बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दन्तेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गण, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी/उप पुलिस अधीक्षक गणों के साथ विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संभाग अंतर्गत नक्सल विरोधी अभियानों के संबंध में, कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराधिक प्रकरणों की विवेचना, असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही, यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, व्ही.आई.पी. सुरक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में आवश्यक समीक्षा बैठक की गई। बस्तर संभाग अंतर्गत वर्ष 2023 में पंजीकृत अपराधिक प्रकरणों, मर्ग जांच, गुम इंसान प्रकरणों के तस्दीक, बालिका एवं महिलाओं के विरूद्ध पंजीकृत प्रकरणें की सटीक विवेचना एवं त्वरित निराकरण हेतु पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आमामी दिनों में नक्सल विरोधी अभियानों की रूप रेखा तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्यो के क्रियान्वयन हेतु सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वूपर्ण विषयों पर भी बैठक में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदाय किया गया। समीक्षा बैठक में कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज, बालाजी राव, उप पुलिस महानिरीक्षक, कांकेर रेंज, जितेन्द्र सिंह मीणा, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बस्तर, दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक कांकेर, येदुवेल्ली अक्षय कुमार, पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, चव्हाण किरण गंगाराम, पुलिस अधीक्षक सुकमा, आंजनेय वार्ष्णेय, पुलिस अधीक्षक बीजापुर, पुष्कर शर्मा, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, गौरव रामप्रवेश राय, पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा तथा संभाग के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## छोटे देवड़ा में हुए साहू समाज की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम छोटे देवड़ा (बकावंड) में 4 दिसंबर को बस्तर जिला साहू समाज की बैठक आहूत हुई। बैठक में जिले के समस्त तहसीलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में सामाजिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम प्रदेश स्तर पर जो समाज हितकारी निर्णय लिए गए थे जिसमें सगाई, शादी एवं जन्मदिन पर केक काटने की परंपरा को समाप्त किया गया है उसका जिला स्तर पर भी पालन करने हेतु सहमती व्यक्त किया गया। इसी प्रकार मृत्यु भोज में कलेवा खिलाने पर रोक लगाया गया है। शादी के समय दूल्हा के जूते को चुराने की परंपरा को समाप्त किया गया है। समाज में किसी पुरुष की मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी को घाट में चूड़ी उतरवाने की परंपरा को भी समाप्त किया गया है। ऐसे ही एक अन्य सामाजिक परंपरा के अंतर्गत विधवा औरत शादी के समय अपने बेटे का मौर नहीं सौंप सकती, इसे भी समाप्त कर उन्हें मौंर सौंपने हेतु छूट दिया गया है। सभी निर्णय को समस्त पदाधिकारी की सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला के अध्यक्ष हरी साहू , उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू , जितेन्द्र साहू, नीम कुमारी साहू महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनीता साहू ,जिला महासचिव विजय कुमार साहू, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित साहू , जगदलपुर नगर साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष उत्तम साहू ,करुणा शंकर साहू, छोटे देवड़ा के तहसील अध्यक्ष साहू, जगत साहू, उमरगांव के दूधराज साहू, धनपूंजी से घनश्याम साहू , सींघनपुर से खेमराज साहू मंगलूकचोरा से खुले राम साहू एवं ग्राम छोटे देवड़ा के साहू समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों की आमदनी भी बढ़े : कलेक्टर



**स्वच्छता दीदी के साथ कलेक्टर ने की परिचर्चा**

**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि स्वच्छता का महत्ता को बहुत कम लोग समझते हैं। शहर को स्वच्छ रखने में स्वच्छता दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वच्छता दीदी द्वारा की जा रही कचरा प्रबंधन के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों की मानदेय के अतिरिक्त अपशिष्ट पदार्थों से समूह के सदस्यों की अतिरिक्त आय को बढ़ाना भी जरूरी है। इसके लिए दीदियों को कचरा प्रबंधन में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी। साथ ही सोर्स सेग्रीगेशन के लिए नागरिकों को गीला-सूखा कचरा को अलग-अलग रखने हेतु जागरूक करना भी जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि शहर हमारा, कचरा भी हमारा और हमें ही प्रबंधन करने की जरूरत है, कचरा को आय का साधन मानते हुए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। कलेक्टर श्री विजय बुधवार को टॉउन हॉल परिसर में एसएलआरएम व स्वच्छता मिशन से संबंधित महिला समूह की सदस्यों (स्वच्छता दीदी) से परिचर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी भी उपस्थित थे।

परिचर्चा में स्वच्छता दीदियों ने कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम के समक्ष अपनी समस्या और मांग रखी। कलेक्टर ने कचरा कलेक्शन में एसएलआरएम सेंटर के महत्व को बताते हुए कहा कि दो सप्ताह में सभी सेंटरों में 11 लाख 75 हजार से अधिक राशि की कमाई अपशिष्ट पदार्थों से की है। उन्होंने अंबिकापुर का कचरा प्रबंधन मॉडल और वहां के रोल मॉडल स्वच्छता दीदी शशीकला सिन्हा का उल्लेख करते हुए जगदलपुर की महिला समूह को प्रोत्साहित किया। साथ ही कचरा प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा बाबू सेमरा में एमआरएफ सेंटर संचालित करने के संबंध में जानकारी दी।

कलेक्टर ने नागरिकों को गीला-सूखा कचरा के अलग-अलग रखने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इसके लिए सफाई दरोगा का भी सहयोग की बात कही। कचरा प्रबंधन के लिए एसएलआरएम सेंटर में प्रतिदिन गीला-सूखा कचरा के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की छटाई उसी दिन किया जाना है। कचरा प्रबंधन में लगे हुए स्वच्छता दीदियों को सप्ताहवार रोटेशन के आधार कार्य करवाने के लिए सेंटर प्रभारी द्वारा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सुबह 7.30 बजे से कर्तव्य स्थल में उपस्थिति देते हुए जल्द से जल्द कचरा प्रबंधन को समाप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। सेंटर की व्यवस्थाओं और समस्याओं का निराकरण के लिए समूह के सदस्य आपस में मिलकर करें। एसएलआरएम सेंटर की स्थापना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए मेहनत होना चाहिए। प्रशासन एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## भविष्य के लिए तय किए लक्ष्य हेतु सतत प्रयास जरूरी : कलेक्टर



**कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के विज्ञान, गणित और कामर्स प्रदर्शनी और फूड फेस्टिवल को सराहा**

**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बुधवार को बाल दिवस के तहत आयोजित विज्ञान, गणित और कामर्स प्रदर्शनी और फूड फेस्टिवल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने भविष्य के लिए तय किए लक्ष्य हेतु सतत प्रयास जरूरी है। स्कूली बच्चों ने विज्ञान, गणित और कामर्स प्रदर्शनी के लिए सकारात्मक ऊर्जा और समर्पण दिखाया जो उनके लगन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए अच्छे प्रदर्शनी के लिए स्कूल के विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में कलेक्टर ने बच्चों के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर प्रतिदिन में उनकी उपयोगिता का भी संज्ञान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अंबेडकर की पुण्यतिथि राजीव भवन में कांग्रेस ने मनाई



**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा राजीव भवन में बुधवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि गरिमापूर्वक मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने डॉक्टर अंबेडकर के विचारों से अवगत कराते हुए बताया कि संविधान निर्माण में बाबा भीमराव आंबेडकर ने अहम योगदान निभाया। बाबा भीमराव को अपने शुरूआती जीवन में काफी भेदभाव का सामना करना पड़ा। परन्तु उन्होंने समाज को इस कुरीति से मुक्ति दिलाने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कल से निगम क्षेत्र में आधार अपडेशन शिविर




**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई निगम क्षेत्र में नवीन आधार कार्ड बनाने, अपग्रेड एवं सुधार हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 6 दिसंबर से लेकर 19 जनवरी तक चलने वाले शिविर भिलाई निगम के सभी 5 जोन में एक साथ लगाया जाएगा। आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही आधार कार्ड बनाने एवं सुधार की सुविधा मिल सके इस उद्देश्य को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आदेश जारी किये है। वार्ड 01 जुनवानी में 6 एवं 7 दिसम्बर को जुनवानी चौक दुर्गा मंच व बाजार चौक सामुदायिक भवन, वार्ड 14 शांति नगर में दशहरा मैदान गणेश मंच पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 30 प्रगति नगर में स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी व प्रगति नगर केम्प 01, वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में शिवालय के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड 57 सेक्टर 4 पूर्व में पार्षद निवास कार्यालय सेक्टर 04, वार्ड 02 स्मृति नगर में 8 एवं 11 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर में अम्बेडकर नगर पार्षद कार्यालय व शांति नगर सियान सदन, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप व मयूर गार्डन, वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर मे खेल मैदान सामुदायिक भवन के पीछे, वार्ड 58 सेक्टर 4 पश्चिम में सड़क 27 28 मंच के पास व सड़क 29 30 पोस्ट आफिस के पास, वार्ड 03 मॉडल टाउन में 12 एवं 13 दिसम्बर को मंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड 16 सुपेला बाजार में सामुदायिक भवन शंकर पारा सुपेला व सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर में युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी में मंगल बाजार के पास व राधाकृष्णा मंदिर के पास, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व में डोम शेड सड़क 12.13, वार्ड 04 नेहरू नगर में 14 एवं 15 दिसम्बर को नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर में राम जानकी मंदिर व हनुमान मंदिर शकुन्तला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 02 में गौरव पथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में राजीव नगर सामुदायिक भवन व क्रांति चौक के पास आंगनबाड़ी, वार्ड 60 सेक्टर-5 पश्चिम में डोम शेड संत विजय आडिटोरियम, वार्ड-5 कोसानगर में 19 एवं 20 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर व सामुदायिक भवन उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 20 वैशाली नगर में वैशाली नगर पार्षद कार्यालय, वार्ड 34 वीर शिवाजी वार्ड में पार्षद कार्यालय मिलन चौक, वार्ड 42 गौतम नगर में गली न-5 शिव मंदिर व बड़ा मंचशील स्कूलए वार्ड 61 सेक्टर 6 पूर्व में नगर निगम जोन कार्यालय जोन 5, वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर में 21 एवं 22 दिसम्बर को शीतला मंदिर संजय नगर व बलीराम किराना स्टोर्स व्यंकटेश्वर टाकिज के पास सामुदायिक भवन, वार्ड 21 कैलाश नगर में कैलाश नगर सियान सदन, वार्ड 35 शारदा पारा में पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर में राजीव नगर दुर्गा पंडाल व राजीव नगर शिव मंदिर, वार्ड 62 सेक्टर 6 मध्य में कालीबाड़ी सेक्टर 6, वार्ड 07 राधिका नगर में 26 एवं 27 दिसम्बर को सियान सदन राधिका नगर, वार्ड 22 कुरूद में बाजार चौक सामुदायिक भवन, वार्ड 36 श्याम नगर में सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमद नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर में गणेश मंच उड़िया बस्ती व जलाराम मंदिर लक्ष्मी नारायण नगर, वार्ड 63 सेक्टर 6 में सड़क 70 पार्षद निवास के पास, वार्ड 08 कृष्णा नगर में 28 एवं 29 दिसम्बर को राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चौक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घॉसीदास नगर में दुर्गा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर में पार्षद कार्यालय, वार्ड 45 बालाजी नगर में सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसर, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 में सड़क 12 व 13, वार्ड 9 राजीव नगर सुपेला में 2 एवं 3 जनवरी को राजीव नगर सांस्कृतिक मंच पारस नाथ कापरेटिव के पासए वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड में सियान सदन के सामनेए वार्ड 52 सेक्टर 03 में दुर्गा पूजा मंच व अखाड़ा मैदान, वार्ड 46 दुर्गा मंदिर में सामुदायिक भवन, वार्ड 65 सेक्टर 10 में पार्षद निवास कार्यालय सेक्टर 10 में शिविर लगाये जायेगे।

## चक्रवाती तूफान मिचौंग बारिश के बाद तापमान में गिरावट



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। चक्रवाती तूफान मिचौंग के चलते नगर सहित आस-पास में आज सुबह से ही बारिश हुई। पिछले दो दिनों से बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर 6 दिसम्बर तक होने का अनुमान है। 7 दिसम्बर से मौसम साफ हो सकता है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि गंभीर चक्रवाती तूफान माइकांग का असर से बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम साफ होते ही ठंड़ बढ जायेगी। 4 दिसम्बर को रुक-रुककर बारिश होती रही। बारिश के साथ दिनभर बदल भी छाये रहे। अचानक हुई बारिश से मांगलिक कार्य में परेशानी हुई। ठंड़ी हवा से साथ नमी से लोग अपने घरों में ही रहना पंसद किया गया। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर पुरे देश में है। समुद्री तट से टकराने के बाद हवा की रफ्तार में कमी आयेगी। जिसके कारण मौसम पर असर पड़ेगा व मौसम शांत हो सकेगा। आज हुई बारिश के बाद रात के तापमान में मामूली वृद्धि हुई।

## सेवानिवृत्तयों व जनप्रतिनिधियों को मकान आवंटन का विरोध



**भिलाईनगर** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी ने प्रभारी निदेशक बीएसपी को पत्र लिखकर अधिकारियों के आवास को अत्याधिक संख्या में राज्य सेवा के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को थर्ड पार्टी के रूप में आबंटित किये जाने का विरोध किया है। आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी ने विगत 20 वर्षों से आबंटित आवासों का पुनरावलोकन करने की मांग करते हुए सिर्फ जिले में पदस्थ अधिकारियों को मकान आबंटन करने का आग्रह किया तथा सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित हो चुके अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का मकान आबंटन रद्द किये जाने की मांग रखी। विदित हो कि अधिकारियों को मकान भत्ता नहीं मिल रहा है, ना ही उन्हें वरिष्ठता के अनुरूप बड़े मकान प्राप्त हो पा रहा है। जिसका प्रमुख कारण बड़ी संख्या में बड़े मकानों को थर्ड पार्टी में आबंटित किया जाना है। जिन मकानों में आज भी जिले से बाहर पदस्थ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का कब्जा है। आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी ने अधिकारियों को उचित आवासीय सुविधा प्रदान करने हेतु प्रबंधन से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग रखी है। आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि आज भी सेक्टर-5, 9, 10 एवं 32 बंगला में अत्याधिक संख्या में बड़े मकानों में शासकीय अधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों का कब्जा है तथा बीएसपी के अधिकारी छोटे मकानों में रहने के लिए बाध्य हैं। ओए ने मांग रखी है कि अधिकारियों को या तो मकान भत्ता दिया जाये या उनकी वरियता के अनुरूप मकान प्रदान किया जाये। जिसके लिए लंबे समय से थर्ड पार्टी अलाटमेंट के द्वारा दिए बड़े मकानों के आबंटन का पुनरावलोकन किया जाना चाहिए और सभी सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का आबंटन रद्द किया जाना चाहिए। ओए भिलाई को पुन: स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाने हेतु अपने प्रयासों को तेज करेगा तथा भिलाई नगर को अराजक तत्वों से बचाने हेतु हर संभव प्रयास करेगा।

## जीत का जश्न में विवाद चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। रविवार को भिलाईनगर विधानसभा का परिणाम आने के बाद युकां नेता साथियों के साथ जीत का जश्न मनाते चर्चा कर रहा था। इस दौरान ढाबे में बैठे एक युवक को युंका नेता की बात नागवार गुजरी और मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युकां नेता को शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया की ऑपरेशन हो चुका है। उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इस कारण उसे आईसीयू में रखा गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 294, 307, 506 के तहत अपराध दर्ज कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पलाश लिमेश रविवार रात विधानसभा का परिणाम आने के बाद अपने साथियों के साथ भोजन करने ढाबा गया हुआ था। इस दौरान भोजन करते हुए भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव की जीत को लेकर उत्साह के साथ चर्चा कर रहा था। इस दौरान ढाबा में पहले से बैठे एक अन्य आरोपी ने पलाश और उसके साथियों के साथ विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने अपने पास रखे धारदार चाकू से पलाश लिमेश पर हमला कर कार से फरार हो गया। गंभीर रुप से घायल पलाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका ईलाज किया जा रहा है। घटा के बाद से आरोपी की तालाश में लगी। पुलिस टीम की त्वारित कार्यवाही से आरोपी पकडने़ में पुलिस को सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## आम लंगर के साथ किया क्रिसमस का स्वागत



**भिलाईनगर** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। दिसंबर माह क्रिसमस का त्योहार खुशी के आगमन का संकेत देता है। क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर-6 भिलाई द्वारा क्रिसमस माह के आरंभ के उपलक्ष में आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के लोगों ने पहुंच कर आम लंगर का आनंद उठाया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील डेविड शामिल हुए और उन्होंने लंगर में लोगों को भोजन परोस कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयोजन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 भिलाई के अध्यक्ष एवं पास्टर इंचार्ज रेव्हण् अर्पण तरुण ने बताया कि क्रिसमस का त्यौहार क्रिश्चियन समुदाय का सबसे प्रमुख त्यौहार है और हम इसे पूरे महीने सेलिब्रेट करते हैं। इसका प्रारंभ हम दिसंबर माह के पहली तारीख से ही कर देते हैं। जिसे जेवनार कहा जाता है। इसके द्वारा हम प्रभु के आगमन की खुशी जाहिर करते हैं। उन्होनें कहा कि यह परंपरा सदियों पुरानी है। क्योंकि प्रभु यीशु ने कहा है कि यदि तेरे पास दो रोटी है तो उनमें से एक दूसरे के साथ बांटकर खाए। पूर्व काल में जब लोग समर्थ्यवान नहीं होते थे, तब भी वे इस पूरे महीने जो भी मेहमान उनके घर आता था उसे भूखे नहीं भेजा जाता था यह त्योहार उसी का आधुनिक रूप है जब हम इस खुशी के त्यौहार के आगमन को प्रत्येक समाज के लोगों के साथ मिल बांटकर भोजन करते हैं और क्रिसमस के आगमन का संदेश देते हैं। इस अवसर पर क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 के अध्यक्ष एवं पास्टर इंचार्ज रेव्हण् अर्पण तरुण सहित चर्च के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देर रात बेडमिंटन मैच के दौरान मारपीट जुर्म दर्ज

**भिलाईनगर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। जुनवानी स्थित चौहान ग्रीन वैली में बीती रात बेडमिंटन मैच देख रहे युवक पर पुरानी रंजिशवश कालोनी के ही तीन लोगों ने जमकर मारपीट की है। घायल आरीफ 20 वर्ष को कालोनी वासियों ने श्री शंकराचार्य हास्पिटल पहुंचाया। उसके सिर, हाथ पैर और चेहरे में चोट आई है। घटना की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने धारा 294, 323, 34 व 506 के तहत कार्रवाई की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि आरीफ हुसैन 20 वर्ष निवासी चौहान ग्रीन वैली के सामने स्थित मैदान में रात लगभग साढ़े 12 बजे अपने दोस्तों के साथ बेडमिटन मैच देख रहा था तभी अमित, सत्यम और उसके अन्य साथी पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे। आरीफ हुसैन ने विरोध जताया तो सभी ने मिलकर हाथ मुक्का एवं डंडा से उसे पीटा है। मारपीट से आरीफ के सिर, हाथ, नाक और पैर में चोट आई है। अर्जित दास, करन सिंह, अनुभव सिंह के बीच बचाव बाद आरोपी युवक मौके से निकल भागे। आरीफ को रात में ही शंकराचार्य हास्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने अमित, सत्यम पटेल और उसके साथी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार घायल की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## नन्ही नृत्यांगना आद्या ने राष्ट्रीय स्तर पर नाम किया रोशन



**भिलाई नगर** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। भिलाई की नन्ही नृत्यांगना आद्या पांडे 14 वर्ष की अल्पायु में अखिल भारतीय स्तर पर न सिर्फ शहर बल्कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रही है। शास्त्रीय नृत्य की भरतनाट्यम रायपुर मे आयोजित अखिल भारतीय नृत्य की प्रतिस्पर्धा कलावंत जिसके प्रायोजक गोविंद लीला कला केंद्र रायपुर थे। इस राष्ट्रीय स्पर्धा में आद्या ने वरिष्ठ श्रेणी मे भाग लेकर अपनी प्रस्तुति द्वारा सबका मन मोह लिया और प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ का फ्रि से मान बढ़ाया। अपनी उम्र से ज्यादा अखिल भारतीय पुरस्कार जीत चुकी हैंए ये उनका 16 वा अखिल भारतीय स्तर का पुरस्कार है। 2 दिसंबर को इस स्पर्धा का आयोजन रंगमंदिर रायपुर मे हुआ था। लगातार आद्या पांडे द्वारा अपनी मेहनत से ना सिर्फ़ भिलाई का नाम रोशन कर रही हैं बल्कि अपनी प्रतिभा को भी समय समय पर प्रस्तुत करके अपनी कला को निखार रही हैं और नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा एवम् नृत्य श्रेष्ठ जैसे अलंकरण से अलंकित हुई हैं। वर्ष 2022 मे पांच और 2023 मे ये इनका चौथा अखिल भारतीय स्तर का पुरस्कार है। आद्या पांडे केवल 4 साल की उम्र से भरतनाट्यम की शिक्षा अपने गुरु डॉण् जीण् रतीश बाबू से प्राप्त की द्य इनकी संस्था का नाम नृत्यति कलाछेत्रम है। आद्या डी.पी. एस रिसाली की 9वीं की छात्रा हैं। इनके पिता दिनेश पांडे सयंत्र के मर्चेंट् मिल मे कार्यरत हैं।

## खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता 12 से

**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा प्रतिष्ठित खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 16 दिसम्बर के मध्य महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कर्नाटक सुगम शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी सुगम, शास्त्रीय गायन, लोक गायन एकल नृत्य भरतनाट्यम, कुचीपूडी, कथक, ओडिसी, हिन्दुस्तानी वाद्य तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य, तथा खुली आयु वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा। आयु समूह को दो वर्गों में 6 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष में विभक्त किया गया है। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश पत्र 4 से 8 दिसम्बर तक प्रदान किये जायेंगे। संबंधित जानकारी के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4 में संपर्क कर सकते है। प्रवेश पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 8 दिसम्बर है।

## जिले में मंत्री को लेकर लोगों में चर्चा विषय

**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले दुर्ग जिले की छह विधानसभा सीटों में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दुर्ग की कुल 6 विधानसभा सीटों में से 4 सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की हैए जबकि कांग्रेस को केवल 2 सीटें पर ही सफ्लता मिली है। वैशाली नगर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन और अहिवारा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पाटन सीट पर सीएम भूपेश बघेल और भिलाई नगर विधानसभा सीट पर देवेंद्र यादव दुर्ग शहर से गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण से ललित चन्द्रकार विजयी हुए है। विधान सभा नतीजे आने के बाद अब दुर्ग जिले से मंत्री बनाये जाने को लेकर चर्चा जोरो पर है। जिले में भारतीय जनता पार्टी के 4 विधायक विजयी होनें के बाद अब दुर्ग जिले से मंत्री बनाये जाने को लेकर कायास लगाये जा रहे है। लोगों को मानना है, कि कांग्रेस शासन में दुर्ग जिले से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, के अतिरिक्त अरुण वोरा को राज्य मंत्री का दर्ज विजय साहू के क्रेडा के सदस्य, सुश्री नीता लोधी को राज्य मंत्री का दर्ज प्रदान किया गया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुमत आने के बाद जिले में किसे मंत्री बनाया जायेगा इसका सभी को इंतजार है।



### विजय साहू ने दिया इस्तीफा

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण (क्रेड़ा) के सदस्य विजय साहू ने प्रदेश के ऊर्जा विभाग के सचिव को अपना इस्तीफा सौप दिया है। विजय साहू ने अधोहस्तत्रक्षकर्ता अपने इस्तीफे पर उल्लेख किया है। विजय साहू ने कहा कि नैतिकता के नाते उन्होनें अपना इस्तीफा दिया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### चक्रवाती तूफान मिचैंग से...

के निर्देश देतें हुए कहा कि लोगों को राहत पहुंचाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों की सहायता भी लें।

कलेक्टर ने धान के आवक और उठाव के संबंध में जानकारी लेते हुए धान की सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण होने वाली फसल, पशु और जनहानि के आंकलन के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग को निर्देश भी दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### महापौर, निगम अध्यक्ष व अधिकांश...

खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिसका सामना करने के बजाय महापौर सहित समस्त कांग्रेस पार्षद पीठ दिखाकर शहर छोड़ कर ही चले गये थे। अब तो जनता जनार्दन ने भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को नकार दिया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन गयी है। ऐसे में महापौर को पद त्याग कर इस्तीफा दे देना चाहिये। शहर की सम्मानीय जनता की भावनाओं का आदर महापौर को बिना देर किये करना चाहिये।

### शहर को स्वच्छ रखने के...

स्वच्छता दीदी की सहयोग से ही शहर को स्वच्छ रखना है। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटर को चेक का वितरण किए। साथ ही सर्वश्रेष्ट सेंटर की रूप में बोधघाट की स्वच्छता दीदियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया गया।

### भविष्य के लिए तय किए...

लिया। फूड फेस्टिवल में बच्चों द्वारा प्रदर्शित व्यजनों का भी स्वाद लिया और सराहना किए। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य मनीषा खत्री ने स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराते हुए संस्था के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक और खेल गतिविधियो में देश-प्रदेश में अच्छे प्रदर्शन की जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थी और क्लासिक डांसर सुजॉय को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अंबेडकर की पुण्यतिथि राजीव...

के लिए तत्पर रहें। डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के महू में 14 अप्रैल सन् 1891 को हुआ था और छह दिसंबर 1956 को उनका देहावसान हुआ था। इस दौरान सतपाल शर्मा, सफिरा साहू, यशवर्द्धन राव,सरला तिवारी,राकेश चौधरी,सुनीता सिंह, लता निषाद,ललिता राव,कमलेश पाठक,श्वेता बघेल,ज़ाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी,अभिषेक नायडू,अनुराग महतो,असीम सुता,अभिषेक गुप्ता, निकेत झा,उस्मान रज़ा,नीलम कश्यप,अपर्णा बाजपेयी, आमना बेगम,पापिया गार्डन,अंजना नाग,शहनाज बेगम,माही श्रीवास्तव,एस नीला,ज्ञानेश्वर जाधव,सन्दीप कश्यप, आनंद शर्मा,नरेंद्र तिवारी,रतनलाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय जूडो में हेमवती ने जीता रजत पदक

**भिलाईनगर**, 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले की उदयमान जूडो खिलाड़ी हेमवती ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता संस्कार धाम स्पोर्ट्स अकैडमी अहमदाबाद गुजरात में रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्मित किया है। कोंडागांव शासकीय विद्यालय में अध्यनरत हेमवती प्रशिक्षक उदय सिंह यादव से जूडो का प्रशिक्षण विगत तीन वर्षों से ले रही हैं और आज उसका परिणाम राष्ट्रीय प्रतियोगिता अहमदाबाद में रजत पदक लेकर गोरवानवित किया है। हेमवती पूर्व में भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कासय पदक लिया गया था एवं अनेक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया जा चुका है राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने का उनका प्रयास लगातार जारी रहा और उसकी परिणिति ाष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में अपने वजन वर्ग 40 ाह के प्रतियोगिता में फाइनल तक पहुंचे वहां उनका सामना गुजरात राज्य के खिलाड़ी से हुआ जहां कुछ पॉइंट के कारण रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। हेमवती की उपलब्धि पर प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेद, एस आर सोनी, सतीश सिंह, अनीश मेनन प्रशिक्षक शेख शरीफ विजय नाग श्वेता यादव किरण शर्मा बधाइयां दी है।



## दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरित



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी सेलद्ध ने नई दिल्ली में अपने निगमित कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से दिव्यांगजनों के विभिन्न वर्गों को सहायक उपकरण वितरित किए। कंपनी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अपने इस प्रमुख कार्यक्रम को लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया। सेल ने इसके साथ ही, देश भर में फैले अपने विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। सेल द्वारा प्रदान किए गए सहायक उपकरणों में ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन, घुटने के ब्रेसिज़ और श्रवण यंत्र शामिल हैं। इस अवसर सेल अध्यक्षए श्री अमरेंदु प्रकाश ने पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगता के प्रति सामाजिक जागरूकता में सकारात्मक बदलाव का उल्लेख किया और दिव्यांगजनों को सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई। वर्तमान में, सेल अपने संयंत्रों के इलाकों में दिव्यांगजनों के लिए ज़रूरी विभिन्न विशेष सुविधाओं जैसे राउरकेला में ब्लाइंड, डेफ और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल एवं होम एंड होप, बोकारो में आशालता केंद्र, दुर्गापुर में श्विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम एवं दुर्गापुर विकलांग हैप्पी होम और बर्नपुर में शायर होम इत्यादि का संचालन कर रहा है।

# नव निर्वाचित विधायक चैतराम पर जेसीबी से पुष्प वर्षा

**दंतेवाड़ा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी चुनाव जीतने के बाद आज पहली बार माईं दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचे। माईं जी की पूजा-अर्चना के बाद कार्यकर्ताओं से उन्होंने भेंट भी की। इस दौरान दंतेवाड़ा के साथ ही जगदलपुर के भी कई वरिष्ठ भाजपाई मौजूद थे।



हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में 16 हजार 342 मतों से शानदार जीत दर्ज करने के बाद भाजपाईयों का उत्साह चरम पर है। बारसूर से लेकर बैलाडीला तक अभूतपूर्व खुशी का माहौल है। कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड जीत के साथ ही सत्ता में वापसी का भी हर्ष भाजपाईयों में है। आज बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं ने अपने नव निर्वाचित विधायक का आत्मीय स्वागत किया। सबसे पहले सभी जिला भाजपा कार्यालय में इकट्ठे हुए फिर मंदिर के लिए रवाना हुए। श्री अटामी ने माईं दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर जिले वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान युवा मोर्चा की ओर से टेकनार चौक पर उन्हें लड्डुओं से भी तौला गया और जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई। दंतेश्वरी दर्शन के बाद श्री अटामी बचेली-किरन्दुल भी पहुंचे और जहां बीटीओए में उनका स्वागत किया और श्री अटामी ने भी इस ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार माना।

- रिकार्ड मतों से जीतने के बाद दंतेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचे अटामी
- कार्यकर्ताओं में विधायक जीतने के साथ सत्ता वापसी का उत्साह

इस दौरान ओजस्वी मंडावी, विजय प्रसाद तिवारी, रामबाबू गौतम, शरद अवस्थी, संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप, कमला विनय नाग, नन्दलाल मुड़ामी, सत्यजीत चौहान, दुर्गा सिंह, पिंटू उइके, सतीश प्रेमचंदानी, दीपक बाजपेयी, संजय पांडे, मुकेश शर्मा, मुन्ना मरकाम, रामू नेताम, राहुल असरानी, श्रवण कड़ती, पायल गुप्ता, खिरेन्द्र ठाकुर, सुमित सिंह, सुमित सरकार, डीपी मिश्रा, राजेश कश्यप, कुणाल ठाकुर, ममता गुप्ता, गौरांग साहा, रविंद्र सोनी, आरसी नाहक, अमरीक सिंह, कुलदीप ठाकुर, धनसिंघ नाग, नन्द किशोर राणा, अमलेंदु चक्रवर्ती, विनोद साहू, उषा किरण पात्रे, अंति वेक, अर्जुन भास्कर, मलिका अटामी, किरण भदौरिया, उरदो ठाकुर, मोहन ठाकुर, राहुल दुबे, राघवेंद्र गौतम, कृष्णकांत शिवहरे, अनुज भदौरिया, रवि भदौरिया, अरविन्द कुंजाम, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मीनाथ यादव, निखिल नाग एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनता चाहेगी तो उखड़वा देंगे रैलिंग : चैतराम

**दंतेवाड़ा**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी ने कहा है कि जिन उम्मीदों के साथ क्षेत्र की जनता ने उन्हें प्रचंड मतों से जनादेश दिया है, वो उनका सम्मान करते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस शासन काल में दंतेवाड़ा में हुई गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की बात भी उन्होंने कही। दंतेवाड़ा में मेन रोड पर बनायी गई दंतेश्वरी सरोवर के किनारे की रैलिंग को उखड़वाने की भी बात श्री अटामी ने की।



विधायक बनने के बाद माईं दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने पहुंचे श्री अटामी पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। श्री अटामी ने कहा कि दंतेश्वरी सरोवर के किनारे बने रैलिंग की काफी शिकायत हुई थी। अगर अभी जनता चाहेगी तो उसे उखड़वा दिया जाएगा। प्रदेश में अवैध कब्जे हटाने जारी अभियान के सवाल पर उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा मे भी अगर अवैध कब्जा पाया जाएगा तो निश्चित रूप से यहां भी बुलडोजर चलेगा। कांग्रेस शासन काल में बीते पांच साल भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के रहे। इन मामलों की फाइल खुलेगी और शिकायत मिलने पर जांच भी होगी। डीएमएफ में हुई गड़बड़ी को लेकर कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई के सवाल पर श्री अटामी ने कहा कि प्रदेश में अब भाजपा की सरकार है। कहीं भी किसी भी तरह की गड़बड़ी पायी जायेगी तो कार्रवाई जरूर होगी। जन शिकायत और जन भावनाओं की अब अनदेखी नहीं होगी। श्री अटामी ने कहा कि भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए क्षेत्र की जनता का वो आभार मानते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और केन्द्र सरकार की योजनाओं के चलते उन्हें यह बड़ा जनादेश मिला है। कांग्रेस के कुशासन और वादा खिलाफी से त्रस्त होकर लोगों ने प्रदेश की सत्ता से कांग्रेस को बेदखल किया है। इस दौरान दंतेवाड़ा संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि इस बड़ी जीत के बाद श्री अटामी पर बड़ी जिम्मेदारी भी है। सबके सहयोग और समन्वय तथा समग्र संकल्प के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्ता बदलते ही दंतेवाड़ा की कई बहुप्रतिक्षित और बहुचर्चित परियोजनाओं पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। दंतेश्वरी कारीडोर परियोजना उन्हीं में से एक है। इसकी पूर्णता पर अब सवाल उठ रहे हैं। जारी निर्माण तथा प्रस्तावित डिजाइन में एक रूपता नहीं होने की भी शिकायतें मिल रही हैं। माना जा रहा है कि भाजपा सरकार में इस पर नये सिरे से विचार-विमर्श हो सकता है।

- डीएमएफ में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की होगी जांच
- विधायक बनने के बाद पहली बार पत्रकारों से मुलाकात
- प्रचंड मतों से मिले जनादेश के लिए जनता का माना आभार

# प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**कुम्हारी,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत मिलने पर नगर के भाजपाइयों में खुशी की लहर है। स्थानीय भाजपा नेताओं के द्वारा दोपहर में ही फटाखे फोड़ने व बधाई देने की शुरुआत हो गई जो देर रात तक ढोल नगाड़ों के धुन में जश्न मनाने का सिलसिला चलता रहा, वहीं स्थानीय भाजपा नेताओं ने बताया कि कुम्हारी पालिका क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की लीड और छ.ग में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है। कुम्हारी सहित प्रदेश की जनता को इसके लिए आभार व्यक्त किया है नगरवासियों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया गया। जिसमें समस्त भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# चक्रवाती तूफान से बेमौसम बारिश, खराब हुई कटी फसल

**दंतेवाड़ा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। तमिलनाडू के चक्रवाती तूफान मिचौंग का दक्षिण बस्तर में व्यापक असर दिखा। पिछले दो दिनों से यहां मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज दिन भर रिमझिम बारिश होती रही। इस बेमौसम बरसात ने धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। कृषि विभाग नुकसान का सर्वे कर रहा है।



चक्रवाती तूफान के चलते दंतेवाड़ा सहित जिले के सभी हिस्सों में दिन भर बारिश होती रही। दंतेवाड़ा शहर मे जन जीवन अस्त-व्यस्त रहा। छूट्टी जैसा माहौल दफ्तरो में दिखाई दिया। साप्ताहिक बाजार होने के बावजूद चहल-पहल नहीं रही। दंतेवाड़ा के साथ ही बचेली, किरन्दुल, गीदम, बारसूर, कटेकल्याण में भी दिन भर बादल छाये रहे और रूक-रूक कर बारिश होती रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम का यह मिजाज गुरूवार को भी रहेगा। इधर इस बेमौसम बारिश ने धान की फसल को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। हालांकि जिले में 70 प्रतिशत कटाई पूरी हो गई है। जल्दी से तैयार होने वाली फसल की कटाई होने के कारण इस बारिश से उस पर असर नहीं हुआ, लेकिन खेत में कटाई के बाद रखा हुआ धान खराब हो गया है। कहीं-कहीं खड़ी फसल भी बर्बाद हुई है। जिन इलाकों मे रासायनिक खाद का प्रयोग होता है, वहां ऐसी बारिश से फसलों को ज्यादा नुकसान होता है।

- जन जीवन पर असर, दिनभर बरसते रहे बादल
- बारसूर से बैलाडीला तक बदला मौसम का मिजाज

दंतेवाड़ा के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह पूर्णत: जैविक जिला है और यहां रासायिक खाद का उपयोग नहीं होता, इसलिए नुकसान ज्यादा नहीं होगा। कृषि विभाग के उप संचालक सूरज पंसारी ने बताया कि बेमौसम बारिश से हुए फसल नुकसान के आंकलन के लिए विभाग का जमीनी अमला सर्वे कर रहा है। इसकी रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई होगी। प्रभावित किसानों का फसल बीमा का लाभ मिलेगा। 24 घंटे के भीतर क्षतिपूर्ति की राशि मिलती है। वहीं राजस्व अमला अलग से प्रकरण तैयार करेगा और किसानों को मदद मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### बायपास सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण मुआवजा संबंधी शिकायत पर जांच समिति गठित

**कोण्डागांव,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा बायपास सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण में किसानों द्वारा समान दर मुआवजा राशि के वितरण की मांग संबंधी शिकायत पर जांच समिति गठित की गई है। इस समिति में संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.आर. मरकाम तथा पंजीयन एवं मुद्रांक के उप पंजीयक नरेन्द्र कुमार नाग को सदस्य बनाते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नए सरकार से शिक्षकों को कई अपेक्षाएं

**कवर्धा,** 6 दिसंबर। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन हुआ है, जिसके अनुसार शीघ्र ही नए सरकार का गठन होगा. नए गठित होने वाले सरकार से शिक्षकों को कई अपेक्षाएं हैं. छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी-2023 के नाम से प्रदेश के शिक्षकों के लिए कुछ वादे किए हैं, जिसमें सरकार बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले डी.ए. के समान ही डी.ए. देने, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, सभी कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ देने, सरकार द्वारा गलत तरीके से बंद किए गए सभी स्कूलों को फिर से खोलने आदि का वादा किया है. शिक्षकों को इन सभी वादों को अविलम्ब पूरा किए जाने की अपेक्षा है. साथ ही शिक्षक एल. बी. संवर्ग को संविलियन से पहले शिक्षा कर्मी के रूप में किए गए सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन व क्रमोन्नत वेतनमान देने, पूर्ण पेंशन के लिए 33 साल की निर्धारित सेवा अवधि को घटाकर केंद्र के समान 20 वर्ष करने आदि।

# जादू-टोने के शक में एक और ग्रामीण की हत्या

**दंतेवाड़ा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के फरसपाल थाना के अंतर्गत पण्डेवार में हुई अंधे कत्ले की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। दो दिन पहले 52 वर्षीय बलराम ठाकुर की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी और शव खेत की पगडंडी में फेंक दिया था। इस मामले में फरसपाल थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।



पुलिस की टीम ने बड़ी मेहनत के बाद आज हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी। गांव के ही आयतु कड़ती और संजय कर्मा ने जादू-टोने की शक में बलराम ठाकुर की हत्या कर दी। पहले उसे शराब पिलायी और उसके बाद धान कोठार के पास बने लाड़ी के पास उसके आने का इंतजार करने लगे। घर जाते समय बांस के डंडे, कुल्हाड़ी और हसिया से उस पर वार किया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

- टिकनपाल के बाद फरसपाल में भी वारदात
- गांव के ही निकले दो आरोपी, पुलिस को कामयाबी

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी आरके बर्मन, डीएसपी केके चंद्राकर तथा एसडीओपी राहुल उइके के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी फरसपाल रघुवीर लाल चंद्रा के नेतृत्व में एसआई नरेश सिंह, खम्मन सिंह कोर्राम, एएसआई संतोष यादव, प्रधान आरक्षक नीरसिंह कंवर, श्रवण सिदार, आरक्षक अनिल कर्मा, संतु वट्टी, दुबराज पैकरा, सौरभ बंजारे, सीएएफ के आरक्षक राम चंद प्रजापति व डाग हेंडलर की टीम गठित की गई थी। उल्लेखनीय है कि जिले के किरन्दुल थाना अंतर्गत टिकनपाल में भी इसी तरह की एक वारदात हुई थी, जिसमें जादू-टोने की शक में ग्रामीण की हत्या कर दी गई थी।

# डॉ. रमन सिंह के विकास योजनाओं पर जनता की मोहर : डॉ. रेखा मेश्राम

**राजनांदगांव**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर रेखा मेश्राम ने शहर की जनता के साथ-साथ उन सभी वार्डों की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां-जहां शहर के दिग्गज कांग्रेसी एवं पार्षद हैं उन वार्डों की जनता ने भी डॉ. रमन सिंह को अपना भरपूर सहयोग स्नेह और आशीर्वाद देकर विधानसभा में चौथी बार लगभग 45000 वोटो से जीत दिलाई है और इसी जीत के साथ हमारे पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान और छत्तीसगढ़ के अभूत पूर्व मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं सभी वर्ग के लोगों के साथ-साथ विशेष कर महिलाओं ने कांग्रेस की भ्रष्टाचार एवं दुराचारी सरकार के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए जिन्होंने महिलाओं के हक को छीना है। महिलाओं से रेडी टू ईट फूड छीनकर हरियाणा के एक भ्रष्ट ठेकेदार को दे दिया था शराबबंदी का वादा कर प्रदेश को शराब माफिया का गढ़ बना दिया था शराब में 2000 रुपये का घोटाला किया साथ ही गरीबों के प्रधानमंत्री आवास को उन्होंने छीन कर महिलाओं से उनके पक्के मकान का सपने को साकार होने से रोका साथ ही वृद्ध महिलाओं को 1000 वृद्धावस्था पेंशन देने से मुकर गई जनता कांग्रेस के झूठे और भ्रष्ट आचरण के प्रति आक्रोश थी इसके साथ ही महिलाओं बेटियों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं डॉ. रमन सिंह की महिलाओं के प्रति स्नेह एवं महिलाओं को मात्र वंदन योजना जो की प्रतिवर्ष 12000 रुपये की देने की है और साथ ही चाहूं मुखी विकास स्वास्थ शिक्षा और सुरक्षा के लिए भाजपा की सरकार को भरपूर सहयोग दिया इसके लिए सभी को बहुत-बहुत



# बेमौसम बारिश से किसान परेशान

**डोंगरगांव**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। 5 दिसंबर को मंगलवार को सुबह से हुई अचानक बे मौसम बारिश से डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद में पूरी तरह धान खरीदी बंद कर दिया गया है क्षेत्र के किसान परेशान हो गए हैं लगातार रिमझिम बारिश के चलते किसान अपने धान को मिंजाई कर टोकन लेकर सीधे समर्थन मूल्य में सोसायटी पहुंच गए हैं लेकिन बे मौसम बारिश से धान खरीदी बंद कर देने से किसान परेशान हो गए हैं अब किसान अपने ही खेत में धान की रखवाली कर रहे हैं एक ओर सोसायटी पहुंचे किसान भी अपने धान को त्रिपाल में ढक कर रखवाली कर रहे हैं मंगलवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे हैं दोपहर को हुई अचानक बारिश से किसान अन्नदाता की चिंता की लकीरें और बढ़ गई है एक ओर धान उपार्जन केदो में भी मौसम को लेकर अफरा तफरी देखी गई है अचानक बारिश से डोंगरगांव एवं खुज्जी क्षेत्र के सभी सोसाइटियों में करोड़ों रुपए के धान को त्रिपाल तालपत्री के भरोसे ढकवा कर चपरासी के भरोसे में रखवाली करा रहे हैं वर्तमान में डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र में परिवहन की धीमी और लचर व्यवस्था के चलते करोड़ो रुपए के धान सोसाइटी में ही जाम पड़ा हुआ है किसान टोकन लेने के बाद भी बेच नहीं पा रहे हैं और धान खरीदी बंद होने से दूसरे दिन का इंतजार कर रहे हैं अचानक हुई बारिश से सभी सोसाइटी में धान खरीदी को बंद कर दिया गया है जब डोंगरगांव सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक तुलसी यादव से जानकारी लिया गया तो उन्होंने कहा बे मौसम बारिश से धान खरीदी को बंद कर दिया गया है बारिश के चलते धान को रखने तथा नापतोल में परेशानी होती है जिनके चलते बंद हुआ है एक ओर परिवहन धीमी गति से चल रहा है जिससे करोड़ो रुपए के धान जाम हो गया है आगे मौसम साफ होने पर ही धान खरीदी शुरू किया जाएगा

**बारिश के चलते धान खरीदी बंद किया**

क्षेत्र के किसान वर्ग बहुत ही चिंता में है अभी अधिकतर किसानों के धान खेत में पड़ा है जो कटाई मिंजाई चल रहा है

बे मौसम बारिश की मार से लोगों का सेहत पर बुरा असर पड़ा है अचानक हुई बारिश से सर्दी खांसी बुखार हाथ पैरदर्द वायरल फीवर जैसे अन्य लोगों से पीड़ित हो रहे हैं बारिश के चलते आज अधिकतर लोग सर्दी खांसी बुखार वायरल के मरीजो में संख्या में बढ़ोतरी हुई है सुबह से अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई ।

बी एम ओ डाक्टर सुदेश बसोड़ ने बे मौसम बारिश में गर्म कपड़ा और गर्म पानी के साथ साथ गर्म भोजन लेने की सलाह दी है।

# नाबालिग से चाकू दिखाकर अनाचार, गिरफ्तार




**राजनांदगांव,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। नाबालिक लड़की को चाकू दिखाकर किया था अनाचारआरोपी को किया गया गिफतारनाम आरोपी - किशोर भट्टाचार्य पिता निरोद भट्टाचार्य उम्र 41 साल निवासी शांतिपुर 01 चोपना रोड थाना चोपना बैतुल मध्यप्रदेश पुलिस चौकी चिखली में दिनांक 09.10.2023 को को प्रार्थीया रिपोर्ट दर्ज करायी की मेरी नाबालिक लडकी को आरोपी किशोर ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया है जिससे कारण वह गर्भवती हुई है कि प्रार्थीयां के रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिखली में धारा 376,376(2)(एन),506 भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था,

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन चौकी चिखली पुलिस टीम तैयार की गई एवं पता तलाश हेतु टीम बैतुल मध्यप्रदेष रवाना किया जो सायबर सेल कि तकनीक सहयोग से पुलिस टीम द्वारा पता तलाश कर दबिष देकर आरोपी किशोर भट्टाचार्य पिता निरोद भट्टाचार्य उम्र 41 साल निवासी शांतिपुर 01 चोपना रोड थाना चोपना बैतुल मध्यप्रदेश को अभिरक्षा में लेकर आए ,और पूछताछ, शिनाख्तगी बाद आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस प्रकार उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन,, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 राजकुमार बंजारा, मोरध्वज देशलहरे, किशोर मार्बल चौकी चिखली,आर हेमंत, आदित्य सिंह सायबर सेल का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है।

# निजी स्कूल प्रबंधक संगठन बस्तर का प्रतिमंडल मिला किरण देव से

## समस्याओं को लेकर की चर्चा



**जगदलपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। निजी स्कूल प्रबंधक संगठन बस्तर का प्रतिमंडल बुधवार को जगदलपुर विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक किरण सिंहदेव से मिलकर उन्हें निर्वाचित होने के लिए बधाई दिए तथा निजी स्कूलों के समस्याओं पर उनसे संक्षिप्त चर्चा भी की । प्रतिनिधि मंडल में संगठन के अध्यक्ष कुलदीप प्रकाश, सचिव नीलोत्पल दत्त, कोषाध्यक्ष सी बी पांडे , उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह के साथ साथ सदस्य अमित देवांगन, अंजनी झा, चंद्रभान सिंह ठाकुर, नीलोफर नबी, अनु सांडिया आदि उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

गोलू- रात भर मुझे नींद नहीं आई।
मोलू- क्यों?
गोलू- रात भर मैं सपने में देखा कि मैं जाग रहा हूं।

संपादकीय

## महंत का आश्चर्य, समीक्षा हो

*छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीत चुकी है लेकिन बहुत से लोग इस निर्णय से अचंभित हैं। यह निर्णय निश्चित ही बेहद अप्रत्याशित है जिसके बारे में कोई भी पहले बिलकुल नहीं सोच रहा था। छग सहित जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए थे, उनमें से इसी राज्य के बारे में कहा जा रहा था कि यहां कांग्रेस की ही जीत होगी। परिणाम एकदम विपरीत आए और भारतीय जनता पार्टी जबर्दस्त तरीके से जीती है।*

*अब निवर्तमान सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे डॉ. चरणदास महंत ने भी कहा है कि ये निर्णय हतप्रभ करने वाले हैं। उनकी मानें तो भाजपा के नेता तक कहते थे कि कांग्रेस की ही सरकार आ रही है। अगर ऐसा है तो यह देखना होगा कि वे कौन से कारण हैं जिनके कारण कांग्रेस की ऐसी बुरी पराजय हुई है। सरगुजा और बस्तर में, जहां कांग्रेस की ही मजबूत पकड़ मानी जा रही थी, वहां कांग्रेस का पूर्ण सफाया तो हुआ ही, 12 में 9 मंत्रियों और अनेक संसदीय सचिवों का हारना भी आश्चर्यजनक है। महंत को एक संतुलित व संजीदा नेता माना जाता है और उनका व्यवहार भी हमेशा शालीन व संयमित रहता है। वे कभी गैरजिम्मेदाराना बयान नहीं देते और जो भी बोलते हैं वह नपा-तुला व सधा हुआ होता है। यदि उनके द्वारा इस तरह से निर्णय को लेकर आश्चर्य. व्यक्त किया जाता है तो उनकी पार्टी को चाहिये कि इसकी गहन समीक्षा करे। उसे सभी क्षेत्रों के उम्मीदवारों से बातचीत कर वस्तुस्थिति की तह तक जाना होगा और कोई भी गड़बड़ होने के चिन्ह मिलें तो उसकी और छानबीन अपने स्तर पर करनी चाहिये।*

*महंत का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब मध्यप्रदेश में निर्वाचन आयुक्त को 15 हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं जो दोषपूर्ण चुनाव कराये जाने को लेकर हैं। मप्र कांग्रेस कमेटी ने तो बाकायदे ईवीएम के जरिये गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। वहां मुख्यमंत्री का चेहरा रहे कमलनाथ ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि काउंटिंग के 10 घंटों के बाद भी ईवीएम 99 फीसदी चार्ज थीं। इसका अर्थ यह हुआ कि उनका वोटिंग के दौरान उपयोग ही नहीं हुआ था। उनका आशय यह था कि दोनों कामों (मतदान व मतगणना) के लिये अलग-अलग मशीनें इस्तेमाल में लाई गई हैं। कांग्रेसी नेताओं का यह भी आरोप है कि कई प्रत्याशियों के उनके अपने गांवों में उन्हें 50 वोट तक नहीं मिले। जहां कांग्रेस प्रत्याशी बड़े अंतरों से हारे हैं वहां 100-100 ईवीएम में गड़बड़ियां पाई गईं।*

*इन परिप्रेक्ष्य में भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस को सभी उम्मीदवारों से मिलकर खोज-बीन करनी चाहिये। कोई भी दल जीते या हारे लेकिन इस बात की अपेक्षा रहती है कि चुनाव निष्पक्ष हों और वैसे ही प्रतीत भी होने चाहिये।*

# विधायक देवेंद्र सहित 9 लोग कोर्ट में नहीं हुए हाजिर

## कोयला घोटाला मामला

## जज ने जेलर को लगाई फटकार

**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाला मामले में रायपुर कोर्ट में आज सुनवाई हुई कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत 9 लोग कोर्ट में हाजिर नहीं हुए तीसरी बार कोर्ट ने देवेंद्र यादव समेत 9 लोगों को कोर्ट में हाजिर होने का नोटिस जारी किया था पर कोई नहीं आए कोयला घोटाला मामले की सुनवाई सुनवाई विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में हुई जेल में बंद आरोपियों के जेल से कोर्ट नहीं आने पर ईडी के वकील ने आपत्ति जताई आपत्ति के बाद जेलर को कोर्ट में तलब कर जज ने फ्टकार लगाई आनन.फानन में जेल प्रशासन ने लंच के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है करोड़ों के कोयला घोटाला मामले के 11 आरोपियों की बुधवार को कोर्ट में पेशी न होने पर न्यायाधीश ने नाराजगी जताते हुए जेलर को तलब कर जमकर फ्टकारा। दोपहर बाद जेल प्रशासन ने आरोपितों की वीसी के जरिए पेशी कराई। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी नियत की है। बुधवार को कोयला घोटाला मामले के विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में भिलाई नगर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, चंद्रदेव यादव समेत आरोपी बनाए गए नौ लोग तीसरी बार कोर्ट में पेश नहीं हुए जबकि कोर्ट ने अक्टूबर में सभी को कोर्ट में हाज़िर होने के लिए नोटिस जारी किया था। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने विधायक देवेंद्र यादवए पूर्व चंद्रदेव राय समेत रायपुर सेंट्रल जेल में बंद आरोपियों के कोर्ट में पेशी में नहीं आने पर आपत्ति जताई। इसे न्यायाधीश ने गंभीरता से लेते हुए जेलर को कोर्ट में तलब कर जमकर फ्टकार लगाई। इसके बाद आनन.फ़ानन में जेल प्रशासन ने भोजन अवकाश के बाद वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जेल में बंद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख़ छह जनवरी तय की है।

ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि कोल घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित राजेश चौधरी जमानत पर हैं। अक्टूबर में उन्हें छोड़कर कोई अन्य विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश नहीं हुआ थाए जिस पर न्यायालय ने सभी को पुनरू नोटिस देने के लिए आदेशित किया था। कोर्ट में पेश किए गए दूसरे पूरक आरोप पत्र में कांग्रेस विधायक देवेंद्र सिंह यादव, चंद्रदेव प्रसाद राय, आइएएस रानू साहू, विनोद तिवारी, रोशन कुमार सिंह, मनीष उपाध्याय, नवनीत तिवारी, नरवन साहू समेत 11 लोगों को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है। इनमें रानू साहू और निखिल चंद्राकर पहले से ही जेल में हैं बाकी के नौ आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## निलंबित आईएएस रानू साहू को मिलेगी रिहाई ?

कोयला घोटाले में ईडी की गिरफ्त में आई छत्तीसगढ़ की महिला आईएएस रानू साहू पर आज बड़ा फैसला आ सकता है। बिलासपुर हाईकोर्ट में कल उनके जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने महिला अधिकारी रानू साहू को इसी साल के जुलाई में हिरासत में लिया था।

उनपर कथित कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप ईडी की ओर से लगाया गया था। वह फ़िलहाल जेल में बंद है। इस पूरी कार्रवाई के बाद राज्य सरकर ने उन्हें सेवा से निलंबित भी कर दिया था। रानू साहू के अलावा ईडी ने कई अन्य मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आईएएस अफसर समीर विश्नोई और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया को भी हिरासत में लिया था। फ़िलहाल तीनो ही अफसर जेल में है।



■ हाईकोर्ट में आज जमानत याचिका पर सुनवाई

### बढ़ सकती है मुश्किलें

प्रदेश में चुनाव से पहले ईडी ने सालभर तक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। ईडी ने सरकार के करीबियों और अफसरों के ठिकानो पर लगातार छापेमारी भी की थी। फ़िलहाल समीर बिश्नोई रानू साहू और सौम्य चौरसिया न्यायिक हिरासत में है। तीनों ही अफसर पूर्ववर्ती सरकार के काफी खास थे ऐसे में माना जा रहा है कि अब सरकार बदलने के बाद इनकी मुश्किलें कम होने के बजाये बढ़ सकती है। चुनावों से पहले भाजपा ने दावा किया था कि सत्ता में लौटने पर सभी तरह के घोटालों की गंभीरता से जाँच कराई जाएगी। वही डॉ रमन सिंह ने संभावना जताई है कि प्रदेश में ईडी की कार्रवाई में तेजी आ सकती है।

### अब तक क्या हुआ

कोयला घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई छत्तीसगढ़ में लगातार जारी है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम पीएमएलए के तहत इस मामले में अब तक दो आरोप पत्र दायर किए हैं। अब तक राज्य सरकार की एक अधिकारी के अलावा आइएएस रानू साहू समीर विश्नोई समेत नौ लोगों को ईडी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके अलावा जेल में बंद कोयला कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को ईडी इस केस में मुख्य आरोपी मान रही है। उनके चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी भी इसमें शामिल हैं।

## कार्यालयों में फाइलों से छेड़छाड़

### पूर्व सीएम रमन ने अधिकारियों को दी चेतावनी

**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु) पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने फाइलों से छेड़छाड़ के मामले में बड़े अधिकारियों को साफचेतावनी दी है। इंटरनेट मीडिया एक्स पर एक ट्वीट पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि प्रदेश के कुछ अधिकारी महत्वपूर्ण फाइलों को बैकडेट पर स्वीकृत कर रहे हैंए जो कि पूर्णतरू अनुचित हैं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे सभी अधिकारियों को बताना चाहता हूं कि आप प्रशासनिक व्यवस्था के हिस्से हैं और जब तक प्रदेश में नई सरकार का गठन नहीं होता तब तक ऐसे किसी भी प्रकार के अनुचित कार्य करने से आप सभी को बचना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय व इंद्रावती भवन के कई बड़े अधिकारियों के खिलाफ पुरानी तारीखों में फाइलों को स्वीकृत कराने की शिकायत पहुंची है। रमन सिंह के ट्वीट के बाद इंटनेट मीडिया पर उनके प्रशंसकों ने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की बात लिखी है। एक फालोवर ने लिखा कि ऐसे अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए।



## सीजीपीएससी परीक्षा की जांच होना तय

### भाजपा की पहली कैबिनेट बैठक में सीबीआई जांच का आ सकता है प्रस्ताव

**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु) प्रदेश में सीजीपीएससी परीक्षा को लेकर खूब घमासान मचा था अब भाजपा की सरकार बनते ही जांच होना तय है सरकार का गठन होते ही पहली कैबिनेट बैठक में सीबीआई जांच का प्रस्ताव लाने की तैयारी होने की जानकारी है भाजपा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के तत्कालीन चेरमैन टामन सोनवानी और कांग्रेस के कई नेताओं पर घोटाले का आरोप लगाया था भाजपा का कहना था किए अधिकारियों नेताओं और ओसडी के बच्चों को गड़बड़ी करके बड़े.बड़े पद दिए गए जिसको लेकर कोर्ट में याचिका भी लगाई गई थी उसके बाद कोर्ट ने नियुक्तियों पर रोक लगा दी है इस मामले में पूर्व मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था साथ ही एडवोकेट संजय कुमार अग्रवाल के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी कि सीजीपीएससी में अधिकारी और नेताओं के बेटे.बेटियों सहित रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर डीएसपी जैसे पद दिए गए है



# विधायकों की सुरक्षा के लिए 500 जवानों की तैनाती

**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ में सभी 90 नवनिर्वाचित विधायकों और पूर्व विधायकों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पीएसओ को तैनात किया गया है इसमें नक्सल प्रभावित बस्तर और सरगुजा से लेकर अन्य स्थानों से पहली बार निर्वाचित विधायक शामिल हैं। इसके लिए विशेष रुप से प्रशिक्षित जिला बल के 500 जवानों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के पहले ही निर्वाचित विधायकों को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिलों के एसपी को दिए गए थे। वहीं चुनाव में हारने वाले और पूर्व विधायकों की सुरक्षा को आगामी आदेश तक यथावत रखने कहा गया था। बता दें कि राज्य में नई सरकार के गठन के बाद जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध सुरक्षा का गृह विभाग रिव्यू करेगी।

### विधायक मूणत ने लौटाई सुरक्षा, कहा मेरी सुरक्षा करेंगे मेरे कार्यकर्ता

*प्रचंड मतों से चुनाव जीतने वाले पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के मंत्री और दिग्गज नेता राजेश मूणत फ़िलहाल पिछली सरकार से अब भी नाराज चले रहे है। इसकी बानगी तब देखें को मिली जब उन्होंने प्रशासन की तरफसे भेजे गए सुरक्षा कर्मियों को वापिस भेज दिया और सिक्युरिटी लेने से इंकार कर दिया। मूणत ने कहा कि फ़िलहाल उनकी सुरक्षा के लिए उनके कार्यकर्ता ही काफी है। अब उनकी सरकार बनेगी तब उन्हें खुद ही सुरक्षा मिल जाएगी। दरअसल तत्कालीन भूपेश बघेल की सरकार पर मूणत ने आरोप लगाया है कि उनकी सुरक्षा वापिस ले ली गई थी। इसी बात को लेकर वह संभवत: प्रशासन से नाराज चल रहे हैं। विधायक चुने जाने के बाद इंटेलिजेंस विभाग प्रदेश के सभी विधायकों और पूर्व मंत्रियों को सुरक्षा मुहैया करा रहा है। इसी सिलसिले में उनके यहाँ भी पुलिस के जवान भेजे गए थे। बता दे कि पूर्ववर्ती डॉ रमन सिंह की सरकार में राजेश मूणत अलग-अलग विभागों के मंत्री रह चुके है। 2018 में उन्हें विकास उपाध्याय के हाथों रायपुर पश्चिम सीट से हार का सामना करना पड़ा था। संभवत: इस नतीजे के बाद उनकी सुरक्षा वापिस ले ली गई थी। वही इस बार 2023 के चुनाव में राजेश मूणत ने शानदार वापसी की है। उन्होंने इस बार कांग्रेस के विकास उपाध्याय को 41 हजार से ज्यादा वोटों से पछाड़ते हुए फिर से अपने परंपरागत सीट पर कब्ज़ा जमाया है। तत्कालीन भाजपा सरकारों में मूणत हर बार मंत्री रहे है लिहाजा इस बार भी उन्हें मंत्री बनाये जाने की पूरी संभावना है। हालांकि अबतक सीएम कौन होगा यह तय नहीं हो सका है। नए सीएम की तरफसे मूणत को इस नई पारी में क्या जवाबदारी मिलती है देखना दिलचस्प होगा।*

**कद के अनुसार सुरक्षा**

गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों और विधायको को जरूरत के अनुसार सुरक्षा मिलेगी। मंत्रियों को 2 से 3 और विधायकों को 1 से 2 पीएसओ को दिया जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों को देखते हुए इसका निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि आईबी की रिपोर्ट पर गृहमंत्रालय ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के 24 नेताओं की अस्थाई रूप से सुरक्षा बढ़ाई गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री अमित जोगी को श्जेडश् श्रेणी की सुरक्षा और अन्य 23 नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। इसे दिसंबर तक यथावत रखने कहा गया था।

**पहली बार बने 38 नए विधायक**

प्रदेश में पहली बार करीब 38 विधायक पहली बार चुनकर आए है। इन सभी को निर्वाचित होते ही तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। 2023 में हुए चुनाव में भाजपा को 54ए कांग्रेस को 35 और अन्य को 1 सीट मिली हैं।

# सरकार बदलते ही जेल में मिलने वाली वीआइपी सुविधाएं बंद

**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु) मनी लांड्रिंग, कोयला, शराब घोटाला और महादेव एप के मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदियों की वीआइपी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। जेल प्रशासन ने सरकार बदलते ही सुविधाओं पर रोक लगा दी है। महिला और पुरुष दोनों सेल में विशेष सुविधाएं मिल रही थी। उन्हें अब सामान्य कैदियों की तरह रखा जा रहा है। उनके साथ ही खाना भी दिया जा रहा है। जेल सूत्रों की मानें तो यह सुविधाएं सोमवार से बंद कर दी गई हैं। अब तक सभी को अलग.अलग बैरक में रखा गया था। वहां उनके खाने से लेकर सोने तक की सुविधाएं अलग थीं। खबर यह भी है कि एसी भी हटवा दी गई है। जेल प्रशासन को अंदेशा है कि कभी भी औचक निरीक्षण हो सकता है। ऐसे में तैयारी कर ली गई है।




■ महिला और पुरुष सेल में दी जा रही थी विशेष सुविधाएं

■ जेल प्रशासन को अंदेशा है कि कभी भी हो सकता है औचक निरीक्षण

### वीआइपी कैदी कौन होते हैं

कैदियों को अपनी सामाजिक स्थिति और आर्थिक प्रोफाइल के आधार पर वीआइपी स्थिति के लिए आवेदन करने का अधिकार है। आम तौर पर वीआइपी कैदी के लिए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री राज्य मंत्री संसद सदस्य एमपी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उप.वक्ताओ मौजूदा सांसद विधायकों और न्यायिक मजिस्ट्रेट को चुना जाता है। ज्यादातर दोषी राजनेताओं के लिए यह विशेष स्थिति प्राप्त करना बेहतर रहने.खाने की व्यवस्था कर लेने का प्रवेश द्वार है।

### मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

## संविदा सचिव डीडी सिंह को हटाने की मांग को लेकर जमकर किया प्रदर्शन



**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सरकार बदलते ही पिछली सरकार के अधिकारियों और वर्षों से मंत्रालय में जमे अधिकारियों के विरूद्ध स्वर मुखर होने लगे हैं इसी कड़ी में आज मंत्रालय में कर्मचारियों की ओर से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह के विरूद्ध जबरदस्त प्रदर्शन और नारेबाजी की मिली जानकारी के अनुसारए बुधवार सुबह मंत्रालय में मंत्रालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की ओर से सचिव से मिलकर मंत्रालय में लम्बे समय से लंबित डीपीसी करवाने और विगत दो वर्षों से अटके पड़े सेटअप रिवीजन के संबंध में अपनी बात रखी गई पदाधिकारियों के अनुसार सचिव की ओर से नियमों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से डीपीसी को अगले साल के लिए टालने के साथ ही सेटअप रिवीजन की नस्ती को भी अगले वित्तीय वर्ष में सोचने की बात कही गई संघ पदाधिकारियों की ओर से उस स्थिति से कर्मचारियों को अवगत कराया गया जिससे कर्मचारी अधिकारी आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारियों सहित डीडी सिंह के कक्ष के सामने बैठ गए कर्मचारियों ने डीडी सिंह की संविदा समाप्त करने के साथ ही मंत्रालय में संविदा समाप्त करने के नारे भी लगाए मामला बिगड़ता देख मुख्य सुरक्षा अधिकारी और सामान्य प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारियों ने बीच बचाव किया और सभी उपस्थित कर्मचारियों के समक्ष पदाधिकारियों की बैठक सचिव के साथ हुई इसमें सचिव ने नियमानुसार तत्काल डीपीसी की बैठक आयोजित करने पर सहमति के बाद कर्मचारी वापस जाने पर राजी हुए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसारए कर्मचारियों के अंदर काफी समय से आक्रोश था जो आज मंत्रालय में इस रूप में परिलक्षित हुआ पिछली सरकार के उपकृत मंत्रालय में ऐसे और भी कुछ अधिकारी हैं जिनके ऊपर आने वाले दिनों में कर्मचारियों का गुस्सा फूटने की संभावना बताई जा रही है।

## कांग्रेस करेगी हार के कारणों की आज समीक्षा

**रायपुर**, 6 दिसंबर। प्रदेश में हार के कारणों की समीक्षा आठ दिसंबर को दिल्ली में होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में राहुल गांधी भी रहेंगे। प्रदेश से निवृतमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। सैलजा, दिल्ली में ही है,और बैज आज दिल्ली पहुंच रहे हैं। वहीं बघेल कब जाएंगे,इसकी कोई सूचना नहीं है। इन तीन के अलावा हाईकमान ने किसी भी अन्य नेता को नहीं बुलाया है। ये तीनों फीडबैक देने स्वतंत्र रहेंगे।इतनी करारी हार के बाद बैज के इस्तीफे या हटाए जाने की भी अटकले शुरू हो गई हैं। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष का भी चयन होना है।

इस पर बैज ने स्वयं कहा कि हाईकमान निर्णय लेगा। दीपक बैज ने कांग्रेस की हार पर कहा कि यह चुनाव सामूहिक नेतृत्व पर लड़ा गया था। इसलिए किसी के परफार्मेंस पर कुछ भी कहना जल्द बाजी होगी। सांसद बैज शीतकालीन सत्र के लिए दिल्ली जाने से पहले राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा हम मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। विपक्ष में रहकर जनता की आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा हमारे बड़े नेता हारे यह समीक्षा का विषय है। इस पर संगठन में चर्चा होगी।

## महिला सीएम के नाम पर विचार कर रहा है भाजपा हाईकमान : रेणुका सिंह

**रायपुर**, 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद को लेकर नवनिर्वाचित विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि पार्टी हाईकमान महिला मुख्यमंत्री पर विचार कर रहा है। इसके साथ ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि हम महिला को केंद्र बिंदु मानकर काम करेंगे। हमारी सरकार में महिलाओं के लिए बहुत अच्छे काम किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे चल रहीं भरतपुर सोनहत से नवनिर्वाचित प्रत्याशी रेणुका सिंह ने एक चर्चा में कहा कि पूर्ण बहुमत आ गया है, लिहाजा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कमल फूल छाप का ही विधायक बैठेगा। इसके साथ छत्तीसगढ़ को 5 साल में जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने के साथ-साथ हमारी पार्टी ने जितनी भी घोषणाएं की हैं, सारे संकल्पना को पूरा करेंगे।रेणुका सिंह ने कहा कि महिला सांसद हूं। सांसद होने के नाते प्रधानमंत्री की कैबिनेट में काम कर रही हूं। विधायक के रूप में जनता से आशीर्वाद मिला, मेरी पहली प्राथमिकता है कि मेरे क्षेत्र का विकास हो। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री में विजन 2047 में देश को सबसे सशक्त राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ इस संकल्प से वंचित न हो जाये, उसे पूरा करने का अधिकार जनता ने दिया है। बस उसे पूरा करने में लग जाएंगे।मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर रेणुका सिंह ने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं मालूम है। हमारी सरकार बन गई है, अब उद्देश्य को पूरा करेंगे। जनता को हर सेक्टर में ऊपर लाने का काम किया जाएगा। 2018 में कांग्रेस ने महिलाओं के साथ झूठ बोलकर वोट लिया था। जहां-जहां बीजेपी की सरकार है, वहां महिला को केंद्र बिंदु मानकर काम किया जाता है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को केंद्र बिंदु बनाकर काम किया है।



# आकस्मिक मृत्यु दर के मामले में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर

एनसीआरबी रिपोर्ट

**रायपुर**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी के अनुसार 2022 में आकस्मिक मौतों की सबसे अधिक दर छत्तीसगढ़ में दर्ज की गई। एनसीआरबी द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों में से आकस्मिक मौतों की सबसे अधिक दर छत्तीसगढ़ ;56.4 में दर्ज की गई। इसके बाद हरियाणा 53.5 और महाराष्ट्र .53.0 में दर्ज की गई। आकस्मिक मृत्यु की राष्ट्रीय दर एक लाख आबादी पर 31.2 है। रिपोर्ट के अनुसार दो केंद्र शासित प्रदेशों लद्दाख और पुडुचेरी में आकस्मिक मौतों की दर क्रमश: 78.7 और 65.7 थी जो छत्तीसगढ़ से अधिक है। देश में आठ केंद्र शासित प्रदेश हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 36 में से 19 राज्यो केंद्र शासित प्रदेशों में आकस्मिक मौतों की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक दर्ज की गई। रिपोर्ट में आकस्मिक मौतों को दो श्रेणियों में बांटा गया है जिनमें प्राकृतिक कारणों जैसे बिजली गिरने गमी धूप बाढ भूस्खलन आदि से होने वाली मौतें शामिल हैं। वहीं अन्य कारणों से होने वाली मौतों में यातायात दुर्घटनाएं जानवरों द्वारा मौत नकली शराब का सेवन और फैक्टरी में होने वाली दुर्घटनाओं को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 2022 में 16,893 आकस्मिक मौतें दर्ज की गईं जिनमें 248 प्राकृतिक कारणों से और 16,645 ष्अन्य कारणो से हुईं। 2021 में राज्य में 19,265 आकस्मिक मौतें दर्ज की गई थीं जिनमें 244 प्राकृतिक कारणों से और 19ए012 मौतें अन्य कारणों से हुई है। 2022 में इसमें 12.3 प्रतिशत की गिरावट आई। इसमें कहा गया है कि 2022 में देश में अन्य कारणों से हुई कुल 4,15,306 आकस्मिक मौतों में से 617 मौतें अवैध जहरीली शराब के सेवन के 507 घटनाओं के कारण हुईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों में ऐसी मौतें हुई हैं उनमें बिहार 134 मौतें कर्नाटक 98 मौतें, पंजाब 90 मौतें, छत्तीसगढ़,60 मौत, झारखंड 55 मौत और उत्तर प्रदेश 50 मौतें शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 28 राज्यों में से सिक्किम 43.1 और केरल 28.5 के बाद छत्तीसगढ़ में आत्महत्या की दर 28.2 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 के दौरान आत्महत्या की राष्ट्रीय दर ;प्रति एक लाख जनसंख्या पर आत्महत्या की संख्याद्ध 12.4 थी। केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 42.8 तथा पुडुचेरी 29.7 में आत्महत्या की दर छत्तीसगढ़ से अधिक दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 2022 में 8,446 आत्महत्या के मामले सामने आए जो 2021 में दर्ज संख्या 7,828 से 7,9 प्रतिशत अधिक है।

### दूसरे दिन भी जारी रही कार्रवाई

# राजधानी में अवैध चौपाटियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई





- विस मार्ग, बकरा मार्केट, संतोषी नगर मार्ग और सुंदर नगर समेत अन्य मार्गों पर हो रही कार्रवाई
- 57 अवैध ठेले गुमटियों को हटाकर कडाई के साथ मुख्य मार्ग को अवैध कब्ज से मुक्त किया

**रायपुर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज दूसरे दिन भी जिला कलेक्टर के आदेशानुसार रायपुर नगर निगम के आयुक्त मयंक अग्रवाल के निर्देश पर सघन अभियान चलाकर विभिन्न मार्गो में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका निगम के नगर निवेश विभाग मुख्यालय उड़न दस्ता और विभिन्न जोन की नगर निवेश विभाग की टीमों ने यातायात पुलिस, पुलिस प्रशासन बल की उपस्थिति में राजधानी के जी रोड एनआईटी के समीप साइंस कॉलेज के पास जोन क्रमांक 5 और 7 के क्षेत्र में अभियान चलाते हुए लगभग 57 अवैध ठेले गुमटियों को हटाकर कडाई के साथ मुख्य मार्ग को अवैध कब्ज से मुक्त किया।

नगर निगम की इस कार्यवाई से छोटे दुकानदार परेशान नजर आए। नगर निगम की कार्यवाही में अवैध गुमटिया निशाने पर रही। जिला कलेक्टर के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई और आगे भी यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ में जब से सरकार बदली है तब से इन अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई तेजी से की जा रही है, इन दिनों राजधानी रायपुर में रात 11.00 के बाद दुकानदारी बंद करने को निर्णय को काफी सराहा भी जा रहा है और इस तरह अवैध कब्जों से मुख्य मार्गो को मुक्त करने की भी तारीफ हो रही है।

# डेका लेज़र अकादमी का विजयपुर में उद्घाटन

### डॉ आलोक दीक्षित बने संस्था के उपदेशक





**रायपुर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। गत रविवार ,विजयपुर स्थित च्बी एम पाटिल मेडिकल कॉलेज व हस्पताल च्च में भारत की पहली लेज़र अकैडमी क्ल्छ का उद्घाटन , कर्नाटक के भारी एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री एम बी पाटिल के कर कमलों द्वारा किया गया ।

इटली स्थित लेज़र कंपनी डेका व क्ल्छश्व यूनिवर्सिटी के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ । माननीय मंत्री जी व यूनिवर्सिटी के चांसलर ने अपने भाषण में कहा कि इस से ना केवल त्वचा रोगों का बेहतरीन इलाज होगा , बल्कि चर्म रोगों के इलाज पर अनुसंधान व विकास पर भी अंतर राष्ट्रीय स्तर पर काम होगा ।

इटली से आये डॉ पॉलो साल्वेनियो ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र के बेहतरी के लिए यह एक सराहनीय कदम है । यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण ईनामदार ने देश विदेश से आये सभी अतिथियों का स्वागत किया , व बताया कि पिछले 3 दशकों की कड़ी मेहनत के बाद यह अकादमी स्थापित हो पाई है ।

इस अवसर पर दुर्ग के विख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक दीक्षित को आमंत्रित किया गया ।वहाँ उनका उपदेशक के रूप में सम्मान किया गया ।ज्ञात हो कि डॉ आलोक दीक्षित लगभग 25 वर्षों से इस खेत्र में अपनी सेवाये दे रहे हैं व लेज़र का उपयोग भी त्वचा रोगों के उपचार के लिए करते हैं ।इस अकैडमी में मध्य भारत के वे एकमात्र चर्म रोग विशेषज्ञ हैं ।

# अभा अग्रवाल सम्मेलन ने समाज के निर्वाचित विधायकों का किया सम्मान



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रदेश में निर्वाचित विधायकों का सम्मान किया गया। वर्तमान विधानसभा चुनाव में अग्रवाल समाज से चार विधायक निर्वाचित हुए हैं बृजमोहन अग्रवाल ,रायपुर दक्षिण से सर्वाधिक मतों से जीत कर आए हैं जो की लगातार आठवीं बार विधानसभा पहुंचे हैं। अमर अग्रवाल बिलासपुर से चुनकर आए हैं जो पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन में वरिष्ठ मंत्री भी रह चुके हैं। इसके साथ ही अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल एवं बसना विधानसभा से संपत अग्रवाल चुनकर आए हैं। बृजमोहन अग्रवाल पूर्व वरिष्ठ मंत्री एवं विधायक एवं संपत अग्रवाल विधायक बसना को अग्रवाल सम्मेलन के सभी पदाधिकारीयों ने गुलदस्ता, पुष्पहार एवं शाल दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज से ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल,सीताराम अग्रवाल ,विजय अग्रवाल, परमानंद जैन,मनमोहन अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल ,सतपाल जैन, रमेश चंद्र अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, कैलाश मुरारका व अन्य इत्यादि उपस्थित थे।

# अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए युवाओं को मिलेगी फ्री बस सुविधा

**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। जांजगीर में 15 से 23 दिसम्बर तक आयोजित अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में भाग लेने वाले जिले के अभ्यर्थियों जिला प्रशासन द्वारा निः शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के निर्देश पर रायपुर जिले के पात्र युवाओं के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।



अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा ;सीसीई का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता एवं चयन परीक्षा का आयोजन जांजगीर चांपा में 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाईन खोखराभाठा जांजगीर में निर्धारित है। इस दौरान 18 दिसम्बर की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र युवाओं के लिए 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे एवं 20 दिसम्बर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले युवाओं के लिए 19 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे जिला रोजगार कार्यालय रायपुरए पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध होगी। जो यहां से पुलिस लाईन खोखराभाठा जांजगीर के लिए रवाना होगी।

### अभ्यर्थी यहां करा सकते है अपना नामांकन

जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक ने बताया कि निःशुल्क बस सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र अभ्यर्थी अपना नामांकन जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में 14 दिसम्बर 2023 तक करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9406346840 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# एचडीएफसी बैंक रक्तदान अभियान का आयोजन करेगा

**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक शुक्रवार, 8 दिसंबर, 2023 से शुरू होने वाले अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 15वें संस्करण को आयोजित करने की योजना बना रहा है। अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत भारत के 1200+ शहरों में 6,000 केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन करेगा। इस वर्ष के रक्तदान अभियान में 4.5 लाख से अधिक रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, कॉरपोरेट्स, रक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के रक्त दानदाताओं को जुटाने के लिए तैयार है। इस साल एक अनोखे दृष्टिकोण में एचडीएफसी बैंक ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए फीलिंग ऑफ सेविंग समवन नामक एक फिल्म लॉन्च की है। फिल्म व्यक्तियों को इस जीवन रक्षक कार्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है और रक्तदान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देती है। यह फिल्म बैंक के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी, यह जनता के बीच उनके योगदान के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और अभियान में बड़े पैमाने पर रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। जो लोग रक्तदान करना चाहते हैं वे निम्नलिखित लिंक पर बैंक की वेबसाइट देखकर अपने निकटतम केंद्र का पता लगा सकते हैं. ।

## खेत में मिली युवक युवती की लाश

**अभनपुर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। रायपुर से लगे अभनपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है, अभनपुर ङ्क राजिम रोड धनश्री विहार के पीछे खेत में एक युवक और युवती की लाश मिली है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। प्रेमी जोड़े की लाश होने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों के शव करीब 7 से 8 दिन पुराने बताये जा रहे है, मृतिका की पहचान राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम तर्रीघाट की निवासी के रूप में हुई है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 17 मई 2023 को राजिम थाने में दर्ज कराई गई थी, वहीं मृतक युवक भी उसी गांव का निवासी होने की आशंका है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। नवा रायपुर सीएसपी भगवान सिंह राठौर भी मौके पर पहुंचे हुए है।



# राष्ट्र निर्माण में डॉ. अंबेडकर ने दिया सर्वोच्च योगदान

**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री महान समाज सुधारक भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज आंबेडकरअधिकार मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता भगवानू नायक के अगुवाई में सैकड़ों अंबेडकर अनुयायियों ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब के आदमकद कांस्य प्रतिमा में आज प्रात: 8 बजे माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बाबा साहब अंबेडकर को याद किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा देश के लाखों करोड़ो लोगों के भाग्यविधाता वंचितों के मसीहा बाबा साहब ने आजाद भारत का संविधान लिखकर देश की तकदीर और तस्वीर को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा संविधान का निर्माण कर बाबा साहब अंबेडकर ने राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च योगदान दिया है। बाबा आज हमारे बीच नहीं लेकिन हमारे विचारों में युगों युगों तक जिंदा रहेंगे उनके द्वारा देश और समाज के लिए किए गए त्याग तपस्या बलिदान और योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता ऐसे महामानव को कोटि कोटि नमन करता हूं। अंबेडकर मंच के जिला अध्यक्ष आशीष तांडी ने कहा आज हम जो कुछ भी बाबा साहब और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की वजह से है राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब के भागीदारी के लिए उन्हें युगों युगों तक याद किया जाएगा। अधिवक्ता आनंद मोंगरी ने कहा बाबा साहब ने कहा था शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। उनके इस सूत्र से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मांदी कुटुंब के अध्यक्ष जयलाल नायक ने कहा आज का दिन संकल्प लेने का दिन हैए बाबा साहब के द्वारा शिक्षित रहोए संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्र का पालन करते हुए आगे बढ़ने का दिन है। युवा नेता सनत क्षत्रि और शशि क्षत्रि ने कहा संविधान की वजह से हम सभी को एक नई पहचान मिली हैए संविधान हमें अधिकार देती हैए मजबूत बनाती है और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। महासचिव जितेंद्र नायक और अधिवक्ता पारस नायक ने कहा के नाम से विश्व विख्यात महान कानूनविद लेखक चिंतक महान समाज सुधारक जातिविहीन समाज के सूत्रधार महान विचारक बाबा साहब अम्बेडकर सर्वसमाज के प्रणेता।



### अंबेडकर अधिकार मंच ने पुण्य स्मरण किया

# मजाक में चाकूबाजी 2 आरोपी युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में विधानसभा थाने की पुलिस ने हंसी मजाक में हुए चाकूबाजी की घटना में दो आरोपी युवक को पकड़ा लिया है अन्य की तलाश जारी हैं बताया गया कि सजीत कुमार ने थाना विधानसभा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दोंदेकला हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में रहता है तथा ढाबा संचालित करता है। 3 दिसंबर की करीबन 09:00 बजे हाऊसिंग बोर्ड कालोनी स्थित काम्पलेक्स के सामने प्रार्थी का पुत्र आकाश दीपक, दीपक ऊंराव हेमंत साहू एवं उनके अन्य साथी आपस में हंसी मजाक कर रहे थे इसी दौरान किसी बात को लेकर दीपक ऊंराव हेमंत साहू एवं उनके अन्य साथी अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी के पुत्र आकाश दीप के पेट में चाकू से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर फरार हो गये। जिसे प्रार्थी द्वारा उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध में धारा 307 34 भादवि एवं 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी विधानसभा के नेतृत्व में थाना विधानसभा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी एवं पीड़ित सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी दीपक उरांव एवं हेमंत साहू उर्फदादू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

## निधन

### जय भगवान अग्रवाल



**पिथौरा,** 6 दिसंबर। नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं व्यवसाय जयभगवान अग्रवाल उम्र 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। वे अरविंद अग्रवाल (अरविंद हार्डवेयर), अनूप अग्रवाल (अध्यक्ष,व्यापारी एकता मंच) व संदीप के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रात: निकली गई अंतिम यात्रा में नगर के नागरिकों सहित व्यापारी वर्ग एवं समाज के लोग शामिल हुए व्यापारी संघ एवं नागरिकों ने श्री अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# जिले के खिलाड़ियों का नेशनल गेम्स गोवा में रहा वर्चस्व



### नीलसागर ने प्रदेश को दिलाया स्वर्ण पदक वहीं जिले के खिलाड़ी संजीव नायक व चैन कुमारी ने भी कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई

**पिथौरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों 37 वीं नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में संपन्न हुआ। उक्त आयोजन में प्रदेश से 27 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था । इस नेशनल गेम्स में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाड़ियों ने सहभागिता की था। छत्तीसगढ़ मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव भूपेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन व कुशल निर्देशन में प्रदेश टीम को कुल 5 पदक हासिल करने में में कामयाबी मिली ।जिसमें 1 स्वर्ण पदक,1 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल है।

प्रदेश टीम के मैनेजर हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि डबल इवेंट मेन्स में महासमुंद जिला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नीलसागर पटेल को स्वर्ण पदक ,विमेंस टीम इवेंट में चैनकुमारी निषाद को कांस्य तथा सिंगल इवेंट मेन में संजीव नायक को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। प्रदेश टीम में बतौर मैनेजर पिथौरा के हेमन्त खुटे के साथ महिला टीम की कोच कल्पना स्वामी तथा पुरुष टीम के कोच राणा अजय सिंह शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में जिले से हीना निषाद,नीलम निषाद व तिस्ता खुटे ने भी शिरकत की थी। महासमुंद जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# बुलडोजर कार्रवाई के साथ राजेश मूणत ने उठाया सवाल

### कहा- यह अधिकारियों की थी जिम्मेदारी, किसका था उन पर दबाव



**रायपुर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में हो रही बुलडोजर कार्रवाई पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि बीजेपी का मत स्पष्ट है कि शहर विकसित प्लानिंग के साथ बसना चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी थी, उन पर किसका दबाव था, कौन इस प्रकार के कामों को संरक्षण देता था? पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि हमने भय मुक्त प्रशासन की बात कही थी। जनता का सम्मान होना चाहिए। चौराहे पर, अड्डे पर, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। माता-बहनें जब निकलती तब किसी जाति समाज की नहीं होती। अलग-अलग कमेंट्स किए जाते थे। हमने विपक्ष में रहते हुए सरकार को सचेत करने का काम किया था। चौपाटी प्रदर्शन पर हाई कोर्ट के फैसले के बाद एक्शन लेने वाले सवाल पर राजेश मूणत ने कहा कि सरकार और निगम की तरफ से क्या जवाब दिया गया देखेंगे। किस चीज की जल्दी थी। इतने बड़े पद पर बैठे हैं। नियम, कानून-कायदे सबके लिए हैं। हमने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास। राजतिलक की तैयारी वाले पोस्टर पर राजेश मूणत ने कहा कि राजतिलक की तैयारी करनी है, सरकार आ गई है। हम गंगाजल की कसम खाने वाले नहीं, हम कर के दिखाने वाले लोग हैं। वहीं कांग्रेस के भविष्य को लेकर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बंटवारे को लेकर लड़ाई होगी।ज्ज

# राजधानी में गांजा के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

### ओडिशा से खरीदकर ले जा रहे थे हरियाणा

**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में गांजा तस्करी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार रात को टिकरापारा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस टर्मिनल के गेट नंबर एक के सामने सड़क पर संदिग्ध हालत में खड़े दो युवकों को पुलिस ने दबोचा। दोनों की बैग की तलाशी लेने पर 17 किलो 600 ग्राम गांजा मिला। जब्त गांजे की कीमत 1.80 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गए दोनों तस्कर मुलत: बिहार के रहने वाले हैं और गांजे को ओडिशा से खरीदकर हरियाणा ले जा रहे थे। टिकरापारा पुलिस थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे ने बताया कि मंगलवार देर शाम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओड़िशा से दो तस्कर गांजा खरीदकर उसे खपाने के लिए हरियाणा जाने के लिए भाठागांव बस टर्मिनल में किसी यात्री बस का इंतजार कर रहे है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंचकर गेट नंबर एक के सामने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में अपना नाम बिहार के मेदेपुर जिले के ग्राम बड़ाकुडवा थाना कुमार खंड निवासी जितेंद्र कुमार चौधरी 28 व नालंदा जिले के ग्राम सदहा थाना सरमेरा निवासी सचिन कुमार ढाड़ी 20 बताया। पूछताछ के बाद दोनों की बैग की तलाशी लेने पर 17 किलो 600 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने मामले में धारा 20 ;ख एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर दोनों को जेल भेज दिया हैं।

# अपराधियों पर नकेल कसने पुलिस ने चलाया अभियान



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले के नेतृत्व में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा बदमाशए निगरानी बदमाश संदिग्ध व्यक्ति असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने के साथ ही थाना क्षेत्रों में निवासरत् गुण्डा निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई। अभियान कार्यवाही के दौरान 26 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट 3 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्टए 09 आरोपियों के विरूद्ध जुआ सट्टा एक्ट तथा 52 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ ही विभिन्न अपराधों के 06 स्थायी वारंट एवं 13 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई। इस प्रकार कुल 109 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया।

**352 आरोपियों को भेजा गया जेल**

इसके साथ ही रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों सहितए क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सी.पी.पी व 112 की टीमों द्वारा थाना क्षेत्रो में पेट्रोलिंग कर भीड़.भाड़ वाले स्थानए सार्वजनिक स्थानध्सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों गुटबाजी अड्डेबाजी करने वालों संदिग्ध व्यक्तियों असमाजिक तत्वों संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने सार्वजनिक मैदान पार्कए चौक.चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की चेकिंग करने के साथ ही बस स्टैंडए रेलवे स्टेशनए रेलवे ट्रैक के आसपासए होटलए लॉज एवं ढाबों की भी चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही प्रतिदिन होटल ढाबा एवं अन्य दुकानों को निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से बंद कराया जा रहा हैं। पुलिस द्वारा 02 दिवस में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 352 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया। रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार रहेगा जारी।

# करणी सेना अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजधानी में राजपूत समाज का प्रदर्शन




**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ के राजपूत क्षत्रीय समाज ने विरोध प्रदर्शन किया इसके आक्रोश रैली निकालकर हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। राजस्थान के जयपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी गोगामेड़ी की हत्या को लेकर छत्तीसगढ़ में भी राजपूत समाज में आक्रोश नजर आ रहा है इस कड़ी में राजपूत क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने पहले तेलीबांधा में धरना.प्रदर्शन किया इसके बाद रैली निकालकर राजभवन पहुंचे जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्या के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई राजभवन से समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकाली। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि राजपूत सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामडी की दिन दहाड़े हत्या से देशभर में राजपूत समाज और सनातनी हिंदू समाज में आक्रोश है इसमें बड़ा षडयंत्र है मामले में पूरी जांच होनी चाहिए उन्होंने कहा कि समाज के लोगों की मांग है कि हत्यारों को तत्काल गिरफ़्तार कर कड़ी सजा दी सरकार हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं करती तो आगे समस्त हिन्दू समाज उग्र आंदोलन करेगा।

**हत्यारों को फांसी देने की मांग**

# पं. रविवि में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आगाज



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव.2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत आज छह दिसंबर से हो गई उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भातखंडे संस्कृति विश्विद्यालय लखनऊ ;यूपी के कुलपति प्रो मांडवी शामिल हुएवहीं विशिष्ट अतिथि पीआरएसयू के कुलसचिव डा शैलेंद्र कुमार पटेल थे कार्यक्रम की अध्यक्षता पीआरएसयू के कुलपति प्रो सच्चिदानंद शुक्ला ने किया। छह से आठ दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय युवा उत्सव में नृत्य, संगीत, रंगोली, स्पाट पेंटिंग, डिबेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेता प्रतिभागी 37वें साउथ ईस्ट जोन अंतर–विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में पीआरएसयू का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**विजेता प्रतिभागी साउथ ईस्ट जोन अंतर–विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में होंगे शामिल**

**इस प्रकार होगा आयोजनः** छह दिसंबर को नृत्य प्रतियोगिता विवि आडिटोरियम में सुबह 10 बजे सेए फाइन आर्ट कार्टून.रंगोली आडिटोरियम कारिडोर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। सात दिसंबर को संगीत कार्यक्रम विवि आडिटोरियम में सुबह 10 बजे से फाइन आर्ट ;पोस्टर मेकिंग और स्पाट पेंटिंग साहित्यिक कार्यक्रम में डिबेट कला ब्लाक के सेमिनार हाल में हुआ। अंतिम दिन आठ दिसंबर को थियेटर और एजुकेशन का आयोजन कला भवन में सुबह 10 से किया जाएगा।

# फर्जी तरीके से जीएसटी नंबर हासिल कर ठगी, गिरोह का अब तक पता नहीं

**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। फर्जी पैन कार्ड,आधार कार्ड के माध्यम से जीएसटी नंबर हासिल कर फेक कंपनी बनाकर ठगी करने वाले गिरोह अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। विधानसभा थाना क्षेत्र में सितंबर में ठगी के इस तरह के दो मामले सामने आए थे। ठगों ने एक डाक्टर और एक सीए के पैन कार्ड आधार कार्ड का दुरुपयोग कर जीएसटी नंबर हासिल कर लिया था फिर फेक कंपनी बनाकर लाखों की कर चोरी की थी। डाक्टर और सीए को ठगी की जानकारी तब मिली जब वे आइटी रिटर्म का फार्म जमा करने पहुंचे। इसके बाद दोनों ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। गौरतलब है कि राजधानी सहित प्रदेश के कई शहर के लोगों के आधार पैन कार्ड और अन्य निजी जानकारी हैक कर जालसाज जीएसटी नंबर हासिल करए फेक कंपनी बनाकर करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी कर रहे हैं। इस संबंध में जीएसटी के अफसर संदिग्ध कंपनियों को नोटिस भेजकर जानकारी हासिल कर रहे हैं। रायपुर में डाक्टर और सीए के नाम से जीएसटी नंबर हासिल कर फेक कंपनी बनाकर दूसरे राज्यों में कारोबार कर रहे थे। इन जालसाजों को साइबर सेल की टीम भी अब तक ट्रेस नहीं कर पाई है। पुलिस मामले में पड़ताल करने की बात कह रही है।



- डाक्टर और सीए के नाम पर बनाई करोड़ों की कंपनी
- जालसाजों को साइबर सेल की टीम भी अब तक ट्रेस नहीं कर पाई

**हैकर नंबरों का इस तरह से कर रहे दुरुपयोगः** पुलिस के मुताबिक हैकर लोगों के पैन तथा आधार कार्ड की कापी निकालकर फेक डिजिटल सिग्नेचर तक कर रहे हैं। इसके बाद उसके माध्यम से जीएसटी नंबर हासिल कर किसी दूसरे राज्य में कंपनी खोलकर जीएसटी चोरी कर रहे हैं। ठगी के शिकार को ठगी की जानकारी तब मिलती हैए जब उसके पास जीएसटी का नोटिस पहुंचता है।

**आधार प्राधिकरण भी अलर्ट जारी कर चुका हैः** देश की अलग.अलग सुरक्षा जांच एजेंसियों को जानकारी मिली है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआइ ने ऐसी डिवाइस तैयार की है जिसके माध्यम से इंसानों की उंगलियों के फर्जी निशान से बायोमीट्रिक सिस्टम में सेंधमारी किया जा सकता है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी यूआइडीएआइ ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि जहां बायोमेट्रिक कैप्चर किया जा सकता हैए वहां बायोमेट्रिक निशान चिन्हित न करें।

**आइटी रिटर्न जमा करने के समय ठगी की जानकारी**

पेशे से सीए और ट्रांसपोर्टिंग कारोबार से जुड़े अंकित बांगर को अपने नाम से कंपनी होने की जानकारी तब मिली जब उन्होंने आइटी रिटर्न जमा करने के लिए फार्म निकाला। इससे पता चला कि उनके पैन नंबर से हैदराबाद में कंपनी चल रही है। उनके जीएसटी नंबर पर करोड़ों रुपये का कारोबार किया जा रहा है।

**डाक्टर के नाम पर दिल्ली में कंपनी**

सड्डू निवासी डा दीपक जायसवाल मोवा स्थित एक निजी अस्पताल में सेवा दे रहे हैं। चिकित्सा के छोड़ वे और कोई कारोबार नहीं करते। डाक्टर को भी अपने नाम से जीएसटी नंबर हासिल कर कारोबार करने की जानकारी आइटी रिटर्न जमा करने के दौरान मिली। डाक्टर के नाम से जालसाज दिल्ली में फर्जी कंपनी खोलकर कारोबार कर रहे हैं।

# सूने मकान से लाखों की चोरी, 2 बालक गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में टिकरापारा थाने की पुलिस ने सूने मकान में हुए चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान अपचारी बालक पकड़े गए हैं बताया गया कि प्रार्थी सुरेश कुमार साहू ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह धरम नगर रायपुर में रहता है। 1 दिसबंर को शाम करीबन 7.30 बजे अपने परिवार के साथ ग्राम बुडेनी खरोरा गया था उसके पडोसी ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि उसके घर में चोरी हो गई है। जिस पर प्रार्थी अपने घर आकर देखा तो घर के ऊपर के कमरे के खिडकी में लगा हुआ कूलर कमरे के अंदर रखा हुआ था। कमरे का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो कमरे के अंदर में रखा आलमारी का ताला टुटा हुआ था एवं उसके अंदर का लॉकर भी खुला था तथा आलमारी में रखा सोनेए चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के उपर कमरे के खिड़की में लगे कूलर को हटाकर खिड़की के रास्ते घर के कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखें सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम को चोरी कर ले गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाने के साथ ही तरीका वारदात के आधार पर चोरी के प्रकरणों में हाल ही में जेल बाल सम्प्रेक्षण गृह से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात अरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को जानकारी प्राप्त हुई कि विधि के साथ संघर्षरत बालक जो पूर्व में भी थाना टिकरापारा एवं पुरानी बस्ती से चोरी सहित हत्या के प्रयास जैसे गंभीर प्रकरणों में बाल सम्प्रेक्षण गृह माना में निरूद्ध रह चुका है को 01 अन्य लड़के के साथ घटना स्थल के आस.पास देर रात्रि संदिग्ध अवस्था में देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत बालक की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने 01 अन्य साथी जो विधि के साथ संघर्षरत बालक है के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त अन्य बालक की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने चांदी के जेवरात जुमला कीमती लगभग 5,00,000 रूपये जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# सट्टा संचालित करते तीन आरोपी युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर ताबड़तोड़ रेड कार्यवाही कर सट्टा संचालित करते सटोरिया प्रदीप यादव पिता सुरेश यादव उम्र 39 साल पता गौरीगौरा चौक गली नंबर 1 ढीमर मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती रायपुर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 2,150 पये एवं सट्टा.पट्टी जप्त व सटोरिया लखन साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 34 साल पता महामायापारा थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 3,530 रूपये एवं सट्टा.पट्टी जप्त एवं सटोरिया मोहम्मद इकबाल पिता मोहम्मद सिद्धिक उम्र 50 साल चौरसिया कॉलोनी थाना टिकरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 3,000 रूपये एवं सट्टा.पट्टी जप्त कर सटोरियो के विरुद्ध थाना गोलबाजार में क्रमसः 324, 325, 326, 23 धारा 6 छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# पान सेंटर से हुक्का के सामानों की ब्रिकी संचालक गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में देवेन्द्र नगर थाने की पुलिस ने पान सेंटर में छापा मारकर हुक्का के सामानों की ब्रिकी करते संचालक को पकड़ा है बताया गया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को चोरी छिपे हुक्का पिलाने वालों सहित हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री करने वालों की पतासाजी कर इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित रंगरसिया पान सेंटर में हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री की जा रही है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर को आरोपी को हुक्का से संबंधित सामग्रियों के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त पान सेंटर पर पुलिस टीम द्वारा अपना पाईंटर भेजकर हुक्का से संबंधित सामग्री का टेस्ट पर्चेस कराया गया टेस्ट पर्चेस के दौरान पान सेंटर में उपस्थित व्यक्ति द्वारा हुक्का से संबंधित सामग्री की बिक्री करना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम संतोष झा होने के साथ ही स्वयं को रंगरसिया पान सेंटर का संचालक होना बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर संतोष झा द्वारा अपने पान सेंटर में हुक्का से संबंधित सामग्रियों को रखना व बिक्री करना बताया गया जिस पर पान सेंटर में रेड कार्यवाही करने पर हुक्का से संबंधित सामग्रियों का होना पाया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न प्रकार के हुक्का से संबंधित हुक्का फ्लेवर ई.सिगरेट तम्बाकू पैकेट एवं अन्य सामग्री जुमला कीमती लगभग 30,000ध. रूपये जप्त कर उसके विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में धारा 21;1द्धए 4 सिगरेट व तम्बाकू उत्पाद विमापन का प्रतिषेध व व्यापार तथा वाणिज्य उत्पाद का वितरण विनियमन कोटपा अधिनियम 2003 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला, 3 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से किए जानलेवा हमलें के मामलें में पुलिस ने 3 आरोपी युवक को गिरफ्तार किया हैं बताया गया कि प्रार्थी कमल कुमार कुर्रे ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गोंदवारा में रहता है तथा प्रायवेट नौकरी करता है। 3 दिसंबर की रात करीब 08:00 बजे प्रार्थी को जानकारी प्राप्त हुई कि उसके चाचा का लड़का अजय कुर्रे को रिंग रोड नंबर 02 गोंदवारा गेट साहू होटल के पास कुछ लोगों ने मारपीट किया है जो घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिस पर प्रार्थी उक्त स्थान पर जाकर देखा तो उसके चाचा का लड़का अजय कुर्रे घायल अवस्था में पड़ा हुआ था तथा अजय का दोस्त शिवा खुंटे वहीं पर खड़ा था जिसने घटना के सबंध में पूछताछ करने पर बताया कि आरोपियान पुरानी रंजिश को लेकर अजय कुर्रे को अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट कर अजय कुर्रे की हत्या करने की नियत से अपने पास रखें चाकू से पेट हाथ व जांघ पर वारकर चोट पहुंचाकर फरार हो गये कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 294,307 34 भादवि एवं 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी एवं पीड़ित सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी प्रवीण गिरी उर्फराज, अर्जुन नंदा एवं सोनू साहू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# हाईवे ढाबा में मारपीट, 3 आरोपी युवक हिरासत में



**रायपुर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने ढाबा में हुए मारपीट के मामले को सुलझा लिया है बताया गया कि प्रार्थी रसपाल सिंग ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर का रहने वाला है तथा ट्रांसपोर्ट नगर टाटीबंध में ट्रक मैकेनिक का काम करता है। 3 दिसबंर की रात करीबन 11.45 बजे प्रार्थी टाटीबंध रिंग रोड नं 02 स्थित हाईवे ढाबा में खाना खाने गया था। ढ़ाबा में खाना खा रहा था कि बाजू के टेबल में बैठे एक व्यक्ति ने प्रार्थी से पानी मांगा तो वह पानी का बॉटल उनको दिया कुछ देर बाद वह व्यक्ति प्रार्थी से शराब पीने के लिए जबरन रंगदारी करते हुए 500 रूपये मांग किया प्रार्थी द्वारा पैसा नहीं देने पर वह व्यक्ति प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच कर रहा था कि गाली गलौच करने से मना किया तो उसके अन्य 11 साथी मिलकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के एवं लोहे की रड से तथा कुर्सी से मारपीट कर चोट पहुंचायेए कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अरोपियों के विरूद्ध थाना आमानाका में धारा 147, 294, 506, 323, 327 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी आमानाका के नेतृत्व में थाना आमानाका पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी एवं ढ़ाबा के कर्मचारियों सहित वहां उपस्थित अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी अभिषेक गुप्ताए खलेश्वर उर्फसोनू गुप्ता एवं प्रेम सोना को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

उल्टा पुल्टा

गोलू- रात भर मुझे नींद नहीं आई।
मोलू- क्यों?
गोलू- रात भर मैंने सपने में देखा कि मैं जाग रहा हूं।

## संपादकीय

### महंत का आश्चर्य, समीक्षा हो

*छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीत चुकी है लेकिन बहुत से लोग इस निर्णय से अचंभित हैं। यह निर्णय निश्चित ही बेहद अप्रत्याशित है जिसके बारे में कोई भी पहले बिलकुल नहीं सोच रहा था। छग सहित जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए थे, उनमें से इसी राज्य के बारे में कहा जा रहा था कि यहां कांग्रेस की ही जीत होगी। परिणाम एकदम विपरीत आए और भारतीय जनता पार्टी जबर्दस्त तरीके से जीती है।*

*अब निवर्तमान सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे डॉ. चरणदास महंत ने भी कहा है कि ये निर्णय हतप्रभ करने वाले हैं। उनकी मानें तो भाजपा के नेता तक कहते थे कि कांग्रेस की ही सरकार आ रही है। अगर ऐसा है तो यह देखना होगा कि वे कौन से कारण हैं जिनके कारण कांग्रेस की ऐसी बुरी पराजय हुई है। सरगुजा और बस्तर में, जहां कांग्रेस की ही मजबूत पकड़ मानी जा रही थी, वहां कांग्रेस का पूर्ण सफाया तो हुआ ही, 12 में 9 मंत्रियों और अनेक संसदीय सचिवों का हारना भी आश्चर्यजनक है। महंत को एक संतुलित व संजीदा नेता माना जाता है और उनका व्यवहार भी हमेशा शालीन व संयमित रहता है। वे कभी गैरजिम्मेदाराना बयान नहीं देते और जो भी बोलते हैं वह नपा-तुला व सधा हुआ होता है। यदि उनके द्वारा इस तरह से निर्णय को लेकर आश्चर्य. व्यक्त किया जाता है तो उनकी पार्टी को चाहिये कि इसकी गहन समीक्षा करे। उसे सभी क्षेत्रों के उम्मीदवारों से बातचीत कर वस्तुस्थिति की तह तक जाना होगा और कोई भी गड़बड़ होने के चिन्ह मिलें तो उसकी और छानबीन अपने स्तर पर करनी चाहिये।*

*महंत का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब मध्यप्रदेश में निर्वाचन आयुक्त को 15 हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं जो दोषपूर्ण चुनाव कराये जाने को लेकर हैं। मप्र कांग्रेस कमेटी ने तो बाकायदे ईवीएम के जरिये गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। वहां मुख्यमंत्री का चेहरा रहे कमलनाथ ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि काउंटिंग के 10 घंटों के बाद भी ईवीएम 99 फीसदी चार्ज थीं। इसका अर्थ यह हुआ कि उनका वोटिंग के दौरान उपयोग ही नहीं हुआ था। उनका आशय यह था कि दोनों कामों (मतदान व मतगणना) के लिये अलग-अलग मशीनें इस्तेमाल में लाई गई हैं। कांग्रेसी नेताओं का यह भी आरोप है कि कई प्रत्याशियों के उनके अपने गांवों में उन्हें 50 वोट तक नहीं मिले। जहां कांग्रेस प्रत्याशी बड़े अंतरों से हारे हैं वहां 100-100 ईवीएम में गड़बड़ियां पाई गईं।*

*इन परिप्रेक्ष्य में भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस को सभी उम्मीदवारों से मिलकर खोज-बीन करनी चाहिये। कोई भी दल जीते या हारे लेकिन इस बात की अपेक्षा रहती है कि चुनाव निष्पक्ष हों और वैसे ही प्रतीत भी होने चाहिये।*

# सरकार बदलने के साथ ही शासन-प्रशासन के बदले तेवर

## शहरी क्षेत्रों से अवैध कब्जे, चखना सेंटर हटाने की कार्रवाई करें : कलेक्टर



■ नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

**दुर्ग**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही शासन प्रशासन के तेवर भी बदलने लगे है। नगरीय निकायों के अंतर्गत अवैध कब्जे, चखना सेंटर, सड़कों फुटपाथों के अवरोध अब निशाने पर है।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने अवैध छोटे-बड़े कब्जों पर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं। अवैध कब्जा एवं चखना सेंटरों को हटाने जिला प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को दिए निर्देश। बैठक में सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अवैध चौपाटियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर भी कार्रवाई करने कहा। कुछ लोग अवैध पक्के मकान व दुकानें बना बैठे हैं, जबकि कुछ लोगों ने अन्य जगह पर अवैध कब्जा किया हुआ है। जिला प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से उक्त स्थानों पर अभियान चलाकर बुल्डोजर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू करने को कहा। कलेक्टर ने चखना दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। शराब दुकानों के आसपास चखना दुकानों की वजह से राह चलने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चखना दुकानों को चिन्हित करके कार्रवाई करने को कहा।

सड़क किनारें स्थित सभी छोटे-बड़े कब्जों को हटाया जाएगा। यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा दुकान के बाहर साइन बोर्ड हटाकर सड़क को बाधा मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा रोड़ पूरी तरह खाली एवं व्यवस्थित दिखना चाहिए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों एवं सभी निकायों को अवैध कब्जों पर कार्रवाई करने कहा। फल व सब्जी ठेलों को हटाने को कहा। सड़कों के किनारे खड़े ठेलो और दुकानों के बाहर बोर्ड, बैनर पोस्टर को हटाने कहा, जिससे यातायात सुव्यवस्थित हो सके। फुटपाथ पर कब्जा जमाए हुए हैं उन सभी को हटवाकर दुबारा न लगाने की समझाईश दी जाए। सड़क के किनारे व्यवसाय कर रहे सर्विस रोड किनारे से अतिक्रमण कर सड़क पर से अवैध कब्जा हटाने को कहा, नही हटाए जाने पर जुर्माने एवं सामान जब्ती की कार्रवाई के आदेश दिए।

ठेलों को व्यवस्थित करने आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिए। उन्होंने आयुक्तों से जगह चिन्हांकित कर ठेलों को शिफ्ट करने को कहा।

उन्होंने कहा कि ठेलों को वेडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके उस स्थान पर ठेलों को व्यवस्थित करने को कहा। बैठक के दौरान सड़कों पर घुमंतु भिक्षुओं को चिन्हांकित करने एवं सड़क किनारे पड़ी कंडम गाड़ियों की भी समीक्षा की।

अधिकारियों ने बताया कि घुमंतु भिक्षुओं को चिन्हांकित किया गया है एवं कंडम गाड़ियों को व्यवस्थित किया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, नगर निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली आयुक्त आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन सहित नगरीय निकाय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध चखना सेंटरों पर चला बुलडोजर कार्रवाई शुरू



**दुर्ग,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही अब रायपुर, बिलासपुर की तर्ज पर दुर्ग में भी अवैध चखना सेंटर शासन प्रशासन के पहले निशाने पर है। आज शाम ही कलेक्टर द्वारा नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक लेकर अवैध चखना सेंचरो के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इसी के साथ ही गत रात्रि से ही कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसके तहत नगर निगम आयुक्त एवं नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरसते पानी में देर रात तक अवैध चखना सेंटर में कार्रवाई चलती रही। इस अचानक हुई कार्रवाई से संबंधित क्षेत्रों में हड़कंप मची रही।

इधर नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर व सीएसपी मणिशंकर चंद्रा के नेतृत्व में बरसते पानी में शहर की शराब भट्ठियों में नगर निगम अमला व पुलिस प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम टीम ने आज मैला गड्डों के निकट पोटियाचौक के आगे और शिवनाथ नदी महमरा मार्ग, नया पारा रोड से लगी भट्ठियों में जाकर अवैध चखना सेंटरों में बुलडोजर चला दिया। नगर में शराब दूकानों के पास संचालित अवैध चखना सेंटरों को नगर निगम द्वारा तोड़ जा रहा है। गत शाम 6 बजे को शुरू किया। नगर निगम व पुलिस अधिकारियों की टीम ने सबसे पहले मैला गड्डा स्थित शराब दूकान के पास संचालित अहाता पर बुलडोजर चलाया इसके बाद पुराना पोटिया स्थित अहाता को जमींदोज किया। इसी तरह महमरा नया पारा मार्ग नयापारा रोड किनारे में संचालित अवैध चखना सेंटर को भी हटाया गया। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या से रोष



■ युवा मंच ने की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**दुर्ग,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में गोली मारकर हत्या के विरोध में हिन्दू युवा मंच ने आज रैली निकालकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। रैली में जिला राजपूत करणी सेना, राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह, राजपूत क्षत्रिय चेतना विकास संघ के अलावा राजपूत समाज के लोगों ने शामिल होकर हत्या के खिलाफ विरोध जताया। हिन्दू युवा मंच के बैनरतले निकाली गई यह रैली पटेल चौक से शुरु हुई। जो कलेक्ट्रेट पहुंचकर ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## फ्रांस में होने वाले तलवारबाजी प्रतियोगिता में दुर्ग की वेदिका का चयन



**दुर्ग**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्रैंड प्रिक्स टूर्नामेंट के महिला तलवारबाजी प्रतियोगिता में दुर्ग शहर की बेटी कुमारी वेदिका खुशी रावना का चयन एकल सेबर में हुआ है। वे 7 दिसंबर से 9 दिसंबर तक फ्रांस के ओरलिएन्स शहर में रहकर तलवारबाजी प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएगी। छत्तीसगढ़ फेडरेशन के बशीरअहमद खान, निखिल जाभुलकर व सागर लागू के मार्गदर्शन में वेदिका केरला स्पोर्टस आर्छोरिटि ऑफ इंडिया में प्रेक्टिस करती है, उनकी बहन पुंजिका खुशी रावना भी केरला स्पोर्टस आर्थोरिटि ऑफ इंडिया में वेदिका खुशी रावना के साथ रहकर प्रेक्टिस करती है। वेदिका खुशी रावना के पिता जी.एस.रावना शासकीय पालीटेक्निक कालेज दुर्ग में कार्यरत है तथा माता कृतिका रावना नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में कार्यरत है। इसके पहले भी वेदिका खुशी रावना तलवारबाजी में कई अंतरार्ष्ट्रीय एंवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर भारत के लिये तथा छत्तीसगढ़ के लिये पदक प्राप्त कर चुकी है। छत्तीसगढ़ मंच व जिला शतरंज संघ ने वेदिका खुशी रावना के चयन पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## एनएसएस टीमों ने किया राष्ट्रीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अव्वल



**दुर्ग**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की दो पृथक-पृथक एनएसएस की टीमों ने क्रमश: नाडिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर तथा पोंगडेम हिमाचल प्रदेश में आयोजित नेषनल वॉटर एडवेंचर कैंप में अपनी सफलता प्रदर्षित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि नाडिया पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय एकता षिविर में वि.वि. के 10 सदस्यीय टीम का नेतृत्व स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने किया। विद्यार्थियों ने नाडिया पष्चिम बंगाल में छत्तीसगढ़ महतारी पर केन्द्रित सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान कर्मा नृत्य, गेड़ी नृत्य तथा पंथी नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि वि.वि. की दूसरी एनएसएस की टीम ने पोंग डेम, हिमाचल प्रदेष में आयोजित राष्ट्रीय वॉटर एडवेंचर कैंप में हिस्सा लेकर प्रतिदिन 8-10 घंटे पानी में रहकर विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों में हिस्सा लिया। टीम के सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस टीम की मैनेजर शासकीय इंदिरागांधी महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई की सहायक प्राध्यापक, डॉ. चांदनी मरकाम थीं। एनएसएस समन्वयक, डॉ. अग्रवाल के अनुसार आज वि.वि. की तीसरी एनएसएस की टीम साहसिक अभियान हेतु नरकंडा, हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुई। इस टीम का नेतृत्व, शासकीय महाविद्यालय, बोड़ला के प्रोफेसर उमेश पाठक कर रहे हैं।

## फसल बीमा रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी



**दुर्ग,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारम्भ किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग ने फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ललित मोहन भगत, उप संचालक कृषि दुर्ग, सुचित्रा दरबारी सहायक संचालक कृषि, दुर्ग एवं अन्य अधिकारीगण, बीमा कम्पनी एच.डी एफसी. अरगो जी आई सी. के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की प्रारम्भिक तिथि 6 दिसम्बर एवं अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। योजना में गेहूँ सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी।

**ऋणी किसान:** जो ऋणी कृषक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी विकल्प चयन (आउटपुट) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिये 24 दिसंबर तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा। साथ ही कृषकों को अपना आधार रबी के लिए अंतिम तिथि में अथवा उससे पूर्व अपडेट कराना होगा।

## डॉ आंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



■ बाबा साहेब की सोच और विचारधारा सामाजिक समानता की मिशाल : वोरा बैठक

**दुर्ग**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वोरा ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाते हुए संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहब का विजन अपने दौर से कोसों आगे था। उन्होंने सर्व समाज मे समानता एवं अस्पृश्यता को लेकर जो विचारधारा देश के सामने रखी वह अनुकरणीय है। एक समग्र सोच के साथ बनाया गया भारत देश का संविधान अपने आप मे विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास की मिसाल है। आने वाली पीढ़ी को बाबा साहब के जीवन से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। इस दौरान वरिष्ठ नेता आर एन वर्मा, जिला अध्यक्ष गया पटेल, समस्त पार्षद व एल्डरमैन गण उपस्थित थे।

## रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से मृदा का स्वास्थ्य हो रहा है खराब किसानों को जागरूक करने कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा में विश्व मृदा

■ अनिल कोषाध्यक्ष, मोनिका सिंह क्रीड़ा सचिव निर्वाचित

**दुर्ग,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व मृदा दिवस पर कृषि विज्ञान केंद, अंजोरा एवं पारादीप फास्फेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरआरबी सिंह कुलपति, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय थे। अध्यक्षता डॉ.संजय शाक्य, निदेशक विस्तार शिक्षा ने की। विशिष्ट अतिथि अतुल पांडे क्षेत्रीय मुख्य प्रबंधक पारादीप फास्फेट लिमिटेड थे।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करना आवश्यक है। आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से एक निश्चित सीमा तक की उपज बढ़ती है परंतु मृदा स्वास्थ्य खराब होता हैं। किसान जैविक एवं प्राकृतिक खेती के माध्यम से टिकाऊ खेती कर विषरहित अन्न उपजा सकते हैं। डॉ.संजय शाक्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषकों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करने वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने में सूक्ष्मजीवों के महत्व एवं उनके कार्यों के बारे में बताया। श्री पांडे ने बताया कि स्वस्थ मृदा में तीन से आठ प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा होनी चाहिए उन्होंने फसल उत्पादन के लिए सूक्ष्म एवं मुख्य पोषक तत्वों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी. के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर सुशील कुमार सिंह विपणन अधिकारी पारादीप फास्फेट लिमिटेड उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विकास खुणे एवं मृदा विशेषज्ञ डॉ.उमेश कुमार पटेल द्वारा मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु मृदा परीक्षण एवं संतुलित मात्रा में खाद एवं उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही विशेषज्ञ डॉ. रोशन लाल साहू ने प्राकृतिक खेती के घटक जीवामृत एवं बीजामृत बनाने की विधि का प्रयोगिक प्रदर्शन आमटी, आलबरस एवं अंजोरा से आए कृषक एवं कृषक महिलाओं के समक्ष किया गया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.एस.के थापक विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किया गया।

## डेका लेजर अकादमी का उद्घाटन, डॉ. आलोक दीक्षित का किया गया सम्मान



**दुर्ग**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। बीएम पाटिल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल विजयपुर कर्नाटक में भारत की पहली लेज़र अकादमी बीएलडीए का उद्घाटन कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने किया। इस अवसर पर इटली के लेज़र कंपनी डेका व बीएलडीए यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू भी हुआ।

समारोह में दुर्ग छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.आलोक दीक्षित भी शामिल हुए। उनका वहाँ उपदेशक के रूप में सम्मान किया गया। डॉ.आलोक दीक्षित लगभग 25 वर्षों से चर्मरोग के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे लेज़र का उपयोग भी त्वचा रोगों के उपचार के लिए करते हैं। इस अकादमी में मध्य भारत के डॉ.आलोक दीक्षित एकमात्र चर्म रोग विशेषज्ञ हैं। उद्घाटन समारोह में उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि डेका लेजर अकादमी में न केवल त्वचा रोगों का बेहतरीन इलाज होगा, बल्कि चर्म रोगों के इलाज पर अनुसंधान व विकास पर भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नए कार्य होंगे। इटली से आए डॉ.पॉलो साल्वेनियो ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र के बेहतरी के लिए यह एक सराहनीय कदम है। यूनिवर्सिटी के चांसलर व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ.अरुण ईनामदार ने बताया कि पिछले 3 दशकों की कड़ी मेहनत के बाद यह अकादमी स्थापित की गई है। जिसका लोगों को लाभ मिलेगा। डेका लेजर अकादमी के उद्घाटन समारोह में देश-विदेश के प्रसिद्ध चर्मरोग विशेषज्ञ बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## अरूण वोरा अपने वार्ड सहित महापौर, सभापति, कांग्रेस अध्यक्ष निगम के 9 एमआईसी सदस्यों के वार्डो से भी हारे

**दुर्ग**, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगमदुर्ग के कुल 60वार्डो में 40 पार्षदों का भारी बहुमत और दिग्गज नेताओं की फौज रखने वाली कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अरूण वोरा को मात्र 3 वार्डो में ही मामूली सी बढ़त मिल सकी। यहां तक कि पूर्व विधायक अरूण वोरा स्वयं अपने ही दो वार्डो पद्मनाभपुर एवं मोहन नगर से अपने प्रतिस्पर्धी भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव के हाथों पराजित हो गये। यहां तक कि महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, एवं 12 एमआईसी पदाधिकारियों में से 9 पदाधिकारियों के वार्डो में भी वे चुनाव हार गये। कांग्रेस के अन्य दिग्गज नेताओं आर.एन.वर्मा के संतराबाड़ी राजकुमार नारायणी के गायत्री मंदिर वार्ड से भी श्री वोरा को भारी मतों से पिछड़ना पड़ा। कांग्रेस के दो एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी के तकियापारा अब्दुल हमीद खोखर के वार्ड केलाबाड़ी एवं प्रकाश जोशी के गुरू घासीदास वार्ड से ही कांग्रेस को बढ़त मिली है। दिलचस्प यह भी है कि जितने दिग्गज कांग्रेसी विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकिट का दावा कर रहे थे ये दिग्गज भी अपने अपने वार्डो से ही कांग्रेस को मामूली बढ़त भी नहीं दिला पाये।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चुनाव में महापौर चुनाव के दौरान जो पार्षद महापौर की टिकिट का दावा कांग्रेस के भीतर कर रहे थे उन सभी के वार्डो में भी कांग्रेस को पराजय झेलनी पड़ी।

कांग्रेस के एमआईसी प्रभारियों में दीपक साहू के कसारीडीह पूर्व वार्ड में कांग्रेस 296 मतों से पिछड़ गयी। यहां कांग्रेस को मात्र 493 वोट मिले जबकि भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव को 12 सौ 89 वोट मिले।

महापौर धीरज बाकलीवाल के वार्ड ब्राम्हण पारा से कांग्रेस 499 मतों से पिछड़ गयी। यहां कांग्रेस को 842 व भाजपा प्रत्याशी को 1341 वोट मिले। इस मामले में सभापति राजेश यादव भी पीछे नहीं रहे। उनके ठेठवार पारा वार्ड में कांग्रेस 770 मतों से हारी। यहां पर भाजपा को 11 सौ 10 और कांग्रेस को 340 वोट मिले। कातुलबोड़ पश्चिम की पार्षद एमआईसी प्रभारी जयश्री जोशी भी अपने वार्ड से कांग्रेस को जिता नहीं पाई। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा को 12 सा 34 मतों से पटखनी मिली। यहां भाजपा को 23 सौ 81 व कांग्रेस को मात्र 11 सौ 47 वोट मिले। जयश्री जोशी एक लंबे समय तक ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# कंपनी से 600 किलो लोहा, मशीनरी पाट्‌र्स चोरी

**भिलाईनगर,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। जामुल थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में धावा बोल अज्ञात लोगो ने करीब 600 किलो लोहा पार कर दिया है। लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया स्थित अम्बा इस्पात प्रायवेट लिमिटेड में हुई घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराद दर्ज कर दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त कम्पनी में सुरक्षा गार्ड नही था। वीति रात्रि अज्ञात ने कम्पनी का ताला तोड़ चोर भीतर घुसे और आसानी से भीतर रखा लोहा चोरी कर निकल भागे हैं। सूचना मिलते ही जामुल पुलिस ने इस मामले में धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। जामुल थाना एएसआई कुलेश्वर चंद्राकर ने बताया कि लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया स्थित अंबा इस्पात कंपनी के 65 वर्षीय राजेन्द्र अग्रवाल निवासी कादंबरी नगर धमधा रोड ने पुलिस को इसकी सूचना दी कि वो अम्बा इस्पात प्रायवेट लिमिटेड में प्रबंधक हैं और विगत शाम कपंनी में निर्धारित समय क बाद कम्पनी में ताला लगाकर सभी कर्मचारी घर आ गए थे। कंपनी में गार्ड नहीं है। अगली सुबह 9 बजे कंपनी के कर्मचारी सुनील यादव पहुंचा तो उन्होनें देखा की कंपनी का गेट, गोदाम, वर्क्स शाप, आफिस का ताला टूटा तथा व शटर ऊपर की ओर उठा हुआ मिला। लोहे का कुछ जाब बाहर पड़ा हुआ था। उसने इसकी सूचना तत्काल कम्पनी के संचालक राजेंद्र को सूचना दी तो वो भी कंपनी पहुंचे। वर्क्स शाप से साफ्ट, नई पुल्ली, कुछ पुरानी पुल्ली, बेयरिंग व कुछ लोहे के आईटम, गोडाउन से मशीनरी पाट्‌र्स, स्क्रेप अज्ञात चोर ले गए हैं। श्री अग्रवाल की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आस-पास लगे सीसी कैमरे का भी सहारा ले रही है।

# चोरी के माल सहित आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने नेहरु नगर में सुने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आदर्श अग्रवाल नेहरू नगर निवासी अपने रिश्तेदार के घर दुर्ग गया था जब वह 11.30 बजे रात्रि वापस घर आया तो देखा कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़ कर सोने चांदी का जेवरात, इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे कम्प्यूटर हार्ड डिस्क, ईयर बड, टैप, लैपटॉप, मोबाईल आदि सामान चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों में शत प्रतिशत बरामद करते हुए धर पकड़ कार्यवाही करने के निर्देश दिया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की शीतला तलाबा इंदिरा नगर के पास दो लड़के मोबाईल बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 3 नग मोबाईल, 2 नग स्मार्ट वॉच एवं ईयर बड, साथ ही घटना प्रयुक्त स्कूटी वाहन प्लेजर जप्त किया गया था। उक्त प्रकरण के फरार अपचारी बालक को आज को पकड़ा गया जिसकें निशानदेही पर 2 लैपटाप, टेबलेट, नगदी जप्त किया गया है। प्रकरण में कुल 2,56,054 रूपये बरामद किया गया है। अपचारी बालको के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया। प्रकरण का एक आरोपी फरार हैं। जिसकी पता तलाश जारी हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, सउनि नरेन्द्र सोनी, राजेश सिंह, विशाल सिंह, कपिल चौधरी, अजीत सिंह, महात्मा साहू का विशेष योगदान रहा।

### अवैध चखना सेंटर पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

भिलाईनगर। प्रदेश में सरकार बदलते ही पुलिस की कार्यवाही तेज कर दी है। वीति रात्रि पुलिस ने दबिश देकर अवैध चखना सेंटर चलाने वालो संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की जिससे अवैध चखना सेंटर सचालकों में हड़कंप मच गया। इसके साथ ही पुलिस ने अड्डेबाजी करने वाले, खुले में शराब पीने वाले एवम अवैध चखना सेंटर चलाने वाले कुल 50 से अधिक लोगो पर सख्त कार्यवाही की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार के मार्गदर्शन में जिला दुर्ग में अपराध नियंत्रण हेतु समस्त थाना एवं चौकी में अवैध रूप संचालित चखना सेंटरों में कार्यवाही हेतु अभियान चलाया गया। अभियान में चाकूबाजी करने वाले, अड्डेबाजो करने वालो, खुले में शराब पीने वालो पर सख्त कार्रवाई की गई। सभी थाना क्षेत्र में शाम के समय एक साथ कार्यवाही से बदमाशो एवम संदिग्ध रूप से घूमने वालो में हड़कंप मच गया। संपूर्ण दुर्ग जिले के थाना क्षेत्र में कुल 50 से अधिक लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की गई। ये कार्यवाही खास तौर पर संवेदनशील इलाकों के आस-पास, अड्डेबाजी करने वाले एरिया में प्वाइंट लगाकर किया गया। नयापारा में अवैध रूप से संचालित चखना सेंटर पर दबिश देकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं इसी तरह थाना सुपेला के अवैध चखना सेंटर एवं खुले में शराब पीने वाले अड्डे बाजी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की गई। दुर्ग पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्यवाही के बाद अवैध चखना सेन्टर में उपस्थित लोग वहां से भागने का प्रयास करते देखे गये। जिन्हें समझाईश दी गई। पुलिस की इस कार्यवाही के बाद आज अवैध चखना सेन्टर में पुरी तरह से सन्नाटा देखा गया।

# शासकीय अस्पताल में नसबंदी शिविर



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में सीएमएचओ और डीएचओ के मार्गदर्शन में 5 पुरुषों ने नसबंदी ऑपरेशन करवाए हैं। ऑपरेशन सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. वाई.के शर्मा ने किया। इसमें शहरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पीयम सिंह, हितेंद्र कोसरे, राजेंद्र डाहरे के कुशल नेतृत्व में सेक्टर सुपरवाइजर विजय सेजुले, ललित साव, आरसी मूर्ति, सतविंदर सिंह, रोहित मंडले, अनिल नागदेवे का सहयोग रहा। 11 दिसंबर को पुरुष नसबंदी शिविर रखा गया है। पुरुष नसबंदी और स्त्री नसबंदी में किसी एक को चुनना हो, तो पुरुष नसबंदी को चुनना बेहतर होगा। पुरुष नसबंदी महिलाओं की अपेक्षा 90 फीसदी से भी ज्यादा आसान है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत नहीं पड़ती। ऑपरेशन के बाद पुरुष चलकर भी घर जाने की हालत में रहता है। पुरुष नसबंदी गर्भ रोकने का एक स्थायी तरीका भी है। इसमें पहले दोनों तरफ इंजेक्शन से लोकल एनेस्थिसिया दिया जाता है। उसका पुरुषत्व, जो हॉर्मोन पर आधारित है। वह जस.का.तस रहता है। महिलाओं की तुलना में पुरुष नसबंदी ज्यादा सरल एवं सुरक्षित है। अधिकांशतः पुरुष अभी भी इसे अपनाने में हिचकिचा रहे हैं। क्योंकि कहीं ना कहीं समुदाय में अभी भी पुरुष नसबंदी से संबंधित जानकारी का अभाव है। सिविल सर्जन डा. मीना कुमारी ने बताया कि महिलाओं में नसबंदी की प्रक्रिया पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा जटिल होती है। जबकि पुरुष नसबंदी से न ही शारीरिक कमजोरी आती है और ना ही संक्रमण का डर होता है। बल्कि इसके लिए बहुत सामान्य आपरेशन है जिसमें आधे घंटे से भी कम का समय लगता है। यहां तक कि लाभार्थी को अस्पताल में रहने की जरूरत भी नहीं पड़ती तथा वह आपरेशन के आधे घंटे के बाद अपने घर भी जा सकते हैं। उनमें किसी भी प्रकार की शारीरिक बदलाव या दिनचर्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है और ना ही नसबंदी से भविष्य में ही किसी तरह की स्वास्थ्य जनित समस्या होती है। जागरूकता व जानकारी के अभाव में आज भी पुरूष नसबंदी कराने से घबराते हैं।

# दो दिवसीय लर्निंग फ्रॉम इच अदर कार्यशाला उद्‌घाटित

**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। दो दिवसीय लर्निंग फ्रॉम इच अदर कार्यशाला का भिलाई निवास में उद्‌घाटन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन सिंटर प्लांट विभाग व मानव संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यशाला का विषय रिडक्शन ऑफ सिंटर रिटर्न फाइन्स.मुद्दे और अवसर है। कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि थे। निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने भी इस कार्यशाला के प्रथम दिन वर्चुअली उपस्थित होकर कार्यशाला के विषय पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग की प्रिंसिपल डॉ वर्षा पंड्‌या चौरसिया, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ताए मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक ए के घोष, मुख्य महाप्रबंधक , बी के बेहरा उपस्थित थे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में सेल की विभिन्न इकाई बीएसएल, डीएसपी, आईएसपी, आरएसपी, आरडीसीआईएस और माइन्स के साथ साथ निजी इस्पात संयंत्रों जेएसडब्ल्यूए आरआईएनएल, टाटा स्टील, नेको, टीएसके, टीएसएम तथा अन्य इस्पात संयंत्रों के सिंटर प्लांट विभाग के कई प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सीजीएम श्रीमती निशा सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा सीजीएम अनूप कुमार दत्ता ने लियो कार्यशाला के विषय और तकनीकी सत्रों के बारे में जानकारी दी। अंजनी कुमार ने कहा कि ब्लास्ट फर्नेस प्रक्रिया के लिए सिंटर बनाना सबसे महत्वपूर्ण है और प्रत्येक इस्पात संयंत्र अपने द्वारा उत्पादित सिंटर की गुणवत्ता और मात्रा से प्रभावित होता है। अंजनी कुमार ने प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अ हमारे इस्पात संयंत्रों में अधिक कुशल, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल सिंटर उत्पादन की प्रक्रिया का सृजन करने के लिए अपने समय और बुद्धि का उपयोग करके इस सिंडिकेट चर्चा में अपनी अंतर्दृष्टि साझा करें। अतनु भौमिक ने कहा कि सिंटर उत्पादनए इस्पात निर्माण में शामिल लोगों के लिए बहुत रुचिकर विषय है और सिंटर रिटर्न फाइन्स को कम करना व इस प्रक्रिया को और बेहतर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम अभी भी अधिक टिकाऊ सिंटरिंग प्रक्रिया का सृजन करने की राह पर हैं। यह कार्यशाला एक दूसरे के अनुभवों का सदुपयोग, सामूहिक चर्चा व विचार.विमर्श कर इस्पात उद्योग के लिए मौलिक, ब्लास्ट फर्नेस टेक्नोलॉजीस, के लिए एक अभिनव समाधान देने का अवसर है। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और डॉ. वर्षा पंड्‌या चौरसिया ने भी कार्यशाला के विषय पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक कार्मिक सुष्मिता पाटला द्वारा किया गया तथा उप महाप्रबंधक एचआरडी मुकुल कुमार सहारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नि:शुल्क कक्षा का आयोजन



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 के इतिहास विभाग के तत्वावधान में आगमी परीक्षा छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती एवं कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा जीडी और अन्य समकक्षीय परीक्षा को ध्यान रखते हुए प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी हेतु तीन माह के लिए ऑफ लाइन माध्यम में कक्षा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ किशोर कुमार अग्रवाल भूतपूर्व प्राध्यापक इतिहास एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रीना मजूमदार ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की आज के इस दौरान में युवाओं का रुझान उच्च शिक्षा के साथ प्रतियोगी शिक्षा के ओर बढ़ा है इसे देखते हुए स्टूडेंट्स के हित मे निरंतर ऐसे प्रायस होते रहना चाहिए साथ ही छात्र-छात्रों को इस कक्षा में जुड़कर इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ के.के. अग्रवाल ने ष्इतिहास का प्रतियोगी परीक्षा में महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताये कि छत्तीसगढ़ में आयोजित होंने वाली विभिन्न परीक्षा में 60 प्रतिशत प्रश्न लगभग इतिहास से ही जुड़े होते है। इसके अतरिक्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नों के प्रकारों की जानकारी दी। उन्होनें अपने चर्च के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रमुख ऐतिहासिक स्थल तररीघाट का भी उल्लेख किया उन्होंने यह भी बताया अगर आगे छत्तीसगढ़ में कुछ ऐतिहासिक स्थल उत्खनन किया जाता है तो ऐसे बहुत से रहस्य हमारे समक्ष आएंगे जिससे हम आज अछूते है। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी डॉ मनीष कालरा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नि:शुल्क कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है और पिछले वर्ष चयनित स्टूडेंट्स का नाम बताकर छात्र छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का समन्वयक कमुन कुमार वर्मा ने बताया कि इतिहास विभाग के इस कार्य से अब ऐसे विद्यार्थियों का अवलम्ब बन रही है जो सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। ऐसे छात्रा नि:शुल्क कोचिंग योजना के तहत लाभान्वित होकर अपने सपनों को सच कर सकते है। इस पहल से महाविद्यालय के ग्रामीण अंचल से आने वाले समस्त अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बंधित छात्र छात्रों के माता पिता या अभिभावक का वार्षिक आय कम होने के कारण कोचिंग का लाभ नही उठा पाते उन्हें सम्मिलित कर इसका लाभ देना मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग प्रभारी श्रीमती रेणु वर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी के मार्गदर्शन से कु. मनीषा साहू और तारणि देसदास ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ भारती सेठी, डॉ. शीला विजय, श्रीमती मंजू दांडेकर, डॉ. अल्पना दुबे, डॉ अल्पना देशपाण्डे, डॉ. शैलेंद्र ठाकुर, डॉ ममता सर्राफ श्रीमती उमा आडिल, डॉ. दीप्ति बघेल, दिनेश देवांगन, डॉ. चूड़ामणि वर्मा, डॉ. पूजा यादव, बलराम साहू एवं इतिहास परिषद के अध्यक्ष कु. सुमन चंद्रा, उपाध्यक्ष धर्मराज साहू सचिव सुमन यादव एवं उपसचिव श्रृंखला,संगीता साहू तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्रा कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# डॉ. अंबेडकर संविधान में सभी को समान्ता का अधिकार दिया



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अपने 32 बंगला में तैल्यचित्र पर माल्यअर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री कुरैशी ने कहा कि डॉ बी.आर.अंबेडकर ने 1955 में भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना किया और 14 अक्टूबर सन्‌ 1956 में लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने उनके पत्रों की लेखनी एवं योग्यता को देखकर सन्‌ 1947 में सविधान सभा का सदस्य चुने गए और भारतीय संविधान का प्रारूप डॉ बी.आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में तैयार हुई इसी कारण उन्हें आधुनिक भारत के मनु कि संज्ञा दी गई है। संविधान में उन्होंने अछुतों को समान्ता का अधिकार दिलाया भारत की एकता और अखण्डता के लिए इन्होंने कई महत्वपूर्ण बातों को संविधान में सम्मिलित किया उन्हीं के प्रयासों से सभी को कानून के समक्ष समान्ता का अधिकार मिला। देश को छुआछुत के अभिषाप से छुटकारा मिला। 14 अप्रैल 1990 को मरणोपरांत डॉ बी.आर. अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी श्रीमति लक्ष्मी सविता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में समयलाल साहू, जोगा राव, आर.एस शर्मा, सतपाल सिंह, अकिल, जमील, फारूख, बलदेव सिंह, नजमूनिश अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# घर घर सर्वे कर नल कनेक्शन की जांच होगी



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र के आवास एवं व्यवसायिक भवनों में अमृत मिशन योजना के तहत लगे वैध एवं अवैध नल कनेक्शन की घर घर सर्वे कर निगम जांच करेगी तथा अवैध कनेक्शन को वैध करने की कार्यवाही की जाएगी, वहीं लंबे समय से जलकर की राशि जमा नही करने वाले भवन मालिकों के विरूद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर जल प्रभारी अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने निगम सभागार में जलकार्य विभाग के अभियंताओं एवं जलकर वसूली करने वाली एजेंसी के साथ बैठक कर निर्देशित किए है कि संपूर्ण निगम क्षेत्र में 91129 नल कनेक्शन किए गए है। जिसमें से संपत्तिकर आईडी में 48 हजार नल कनेक्शन का ही उल्लेख है। जिसके कारण निगम को जलकर की राशि प्राप्त नहीं हो रही है। इसके अलावा जिनके यहां वैध कनेक्शन है ऐसे हितग्राही स्वयं का बोर होने, पानी कम आने के नाम पर जलकर की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है। उन्होंने निगम के अभियंताओं तथा एजेंसी के प्रतिनिधियों से बैठक में कहा कि जल्द ही जोनवार एवं वार्डवार घर घर सर्वे कर अवैध नल कनेक्शन व जलकर जमा नहीं करने वालों को चिन्हित किया जाना है। सर्वे के दौरान प्रपत्र में इस बात स्पष्ट उल्लेख करना होगा कि अमृत मिशन के तहत किए गए कनेक्शन वैध है अथवा अवैध। अवैध कनेक्शन पाए जाने पर उस मकान मालिक के विरूद्ध निगम द्वारा नोटिस जारी कर अर्थदण्ड के साथ कनेक्शन को वैध किए जाने की कार्यवाही किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि ऐसे मकान मालिकों को भी चिन्हित किया जाएगा जिनके यहां पूर्व से नल कनेक्शन होने के बाद भी जल आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने या फिर नल से पानी नहीं आने का बहाना बनाकर जलकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहे है। ऐसे हितग्राहियों को भी जलकर की बकाया राशि को जल्द ही जमा करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। सर्वे का कार्य नदक पालिक निगम के सभी 5 जोन के एक-एक वार्ड से प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं सहायक राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्नि की हत्या पति गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। मंशा देवी पति राजेश कुमार 28 वष सुन्दर नगर तालाब के पास कैम्प-1 भिलाई की संदिग्ध मौत की गुथ्थी पुलिस ने सुलझा ली है। छावनी पुलिस ने इसमें मृतका मंशा के पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसम्बर को मंशा के परिजन मशा को घायल अवस्था में सुपेला शासकीय अस्पताल लेकर आये। जहां डाँक्टर द्वारा चेक कर उसकी मृत्यु होना बताये थे । उसके पति ने पुलिस के बताया कि वे बच्चो को स्कूल से लेकर वापस घर आने पर पलंग पर बेहोश मिली ऐसा बताया था जिस पर सुपेला मे जीरो मे मर्ग कायम कर थाना छावनी मे सूचना देने पर धारा 174 का अपराध दर्ज कर जाँच मे लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक प्राथमिकता मे विवेचना करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा व नगर पुलिस अधीक्षक आशीष बंछोर के मार्ग दर्शन मे थाना छावनी पुलिस द्वारा जाँच किया गया। मृतिका के परिजनो द्वारा भी मृत्यु पर संदेह किया गया था जो उनके उत्तरप्रदेश से आने पर 4 दिसम्बर को घटना स्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण करते गवाहो से पूछताछ कर कथन लिया गया । डाँक्टर से शार्ट पी.एम.रिपोर्ट भी लिया गया सम्पूर्ण जाँच मे गवाहो द्वारा मृतिका मंशा को उसके पति राजेश कुमार द्वारा हमेशा शंका कर मारपीट करना तथा 1 दिसम्बर को भी सुबह करीब 9.30 बजे पडोस मे मंशा के जाने पर नाराज होकर वही पर मारपीट करते घर ले जाने की बात सामने आई तथा शार्ट पीएमण् रिपोर्ट मे हेड इंज्युरी के तथ्य सामने आने पर संदेही राजेश कुमार के विरूद्ध मर्ग जाँच पर से थाना छावनी ने धारा 302 कायम कर विवेचना मे लिया गया । राजेश कुमार ने पुछताछ करने पर उसके द्वारा अपनी पत्नी मंशा देवी को चरित्र संदेह पर हमेशा समझाता था लेकिन वो उसकी बात नही मानती थी झगडा होता रहता था। उस दिन भी झगडा होने पर उसके द्वारा मारपीट कर उसे जान से मारने की नियत से घर अंदर ही गला पकड कर दीवाल से सिर ठोक कर उसकी हत्या करना स्वीकर किया।

# तीन दिवसीय भव्य कंगला मांझी उत्सव 2023 बघमार में शुरू

**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। डौंडीलोहारा के पास स्थित गौरवग्राम बघमार में 5 से 7 दिसम्बर तक तीन दिवसीय मांझी उत्सव प्रारंभ हो गया है । पहले दिन देव पूजन, मांझी जी के योगदान पर चर्चा तथा दूसरे दिन 6 दिसम्बर को सम्मान समारोह है। 6 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे हेमंत ध्रुव जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेर के मुख्य आतिथ्य तथा लेखक तथा समाजसेवी जी.आर.राना की अध्यक्षता में सम्मान समारोह होगा। मुनीलाल निषाद, डॉ. सुधीर शर्मा, महेश वर्मा. बी.एल. ठाकुर, बी.एल. ध्रुव इस समारोह के विशेष अतिथि होंगे। कंगला मांझी सम्मान प्रफुल्ल ठाकुर. पुलिस अधीक्षक को तथा शहीद दुर्वाशालाल निषाद सम्मान, संयुक्त आयुक्त परिवहन छत्तीसगढ़ शासन वेदव्रत सिरमौर को प्रदान किया जायेगा । छत्तीसगढ़ की अस्मिता एवं स्वाभिमान के लिए समर्पित रहे संत पवन दीवान स्मृति सम्मान लेखिका डॉ.उर्मिला शुक्ल को प्रदान किया जायेगा। 7 दिसम्बर को सैनिक परेड. खेलकूद एवं पुरस्कार वितरण होगा। राजमाता फुलवादेवी कांगे, दुर्ग के मंडी अध्यक्ष अश्विनी साहू, समाजसेवी खड़ानंद वर्मा, इंजीनियर कौशल वर्मा पत्रकार पी.सी. रथ तथा संजय पराते अतिथि होंगे। महेश वर्मा तथा नारायण चंद्राकर समारोह में बालोद क्षेत्र के कवि अशोक आकाश, बुटूराम पूर्णे, भरत बुलंदी, देवनारायण नगरिहा, केशव साहू गुंडरदेही, गजपति साहू, गायत्री साहू, योगेश साहू काव्यपाठ करेंगे। सैनिक परेड का नेतृत्व कुंभदेव कांगे तथा आभार प्रदर्शन राजू उईके करेंगे। इस अवसर पर कंगला मांझी पर केन्द्रित विशेष अंक का विमोचन होगा। कंगला मांझी के अवदान पर सम्मान समारोह के संयोजक साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा व्याख्यान देंगे।

# कैमरा से चालान करेगी यातायात पुलिस



**भिलाईनगर,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। जीपीएस मैप कैमरे से लिये गये फोटो के आधार पर नोटिस वाहन चालक के घर या वाट्सअप नंबर पर भेजा जायेगा। यातायात पुलिस दुर्ग हमेशा से यातायात व्यवस्था बनाने के लिए आधुनिकरण का उपयोग करते आ रही है। जीपीएस मैप कैमरा के उपयोग से कार्यवाही स्थल पर वाद विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी एवं पारर्दिर्शता बने रहेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है इसी प्रकार कुछ ऐसे वाहन चालक जो नियमों के जानकार होकर भी जानबूझकर यातायात नियमों का उल्लंघन करते है उनके उपर कार्यवाही करने के दिये निर्देश पर सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा वर्तमान में मैनवली चालान बनाया जाता रहा है एव अब यातायात पुलिस दुर्ग आधुनिकरण का उपयोग करते हुए जीपीएस मैप कैमरा का उपयोग चालान के लिए करेगी। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, नाबालिक द्वारा वाहन चालन, मोडिफाईड सायलेंसर, गलत नंबर प्लेट, माल वाहक में सवारी ले जाना ऐसे वाहन चालको का जीपीएस मैप कैमरा के माध्यम से फोटो खीचकर वाहन मालिक को नोटिस जारी किया जावेगा। जिसे तीन दिवस के भीतर वाहन मालिक को नेहरू नगर यातायात मुख्यालय आकर उक्त संबंध में अपना पक्ष रख कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जीपीएस मैप कैमरा से कार्यवाही करने से जीपीएस कैमरा से फोटो लेने पर फोटो में लोकेशन, दिनांक, समय, वाहन नंबर एवं वाहन चालक द्वारा कौन से यातायात नियम का उल्लंघन किया है क्लीयर हो जाता है। वाहन चालक को कार्यवाही स्थल पर ज्यादा देर रोकने की आवश्यकता नहीं पडती। वाहन नंबर से वाहन मालिक का डिटेल निकालकर घर नोटिस भेजा जाता है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने नई सरकार को दी बधाई : गोपी वर्मा

**डोंगरगढ़,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएश जिला इकाई राजनांदगांव ने छत्तीसगढ़ के शिल्पकार डॉ रमन सिंह जी के ऐतिहासिक रिकार्ड मतों जीत व प्रदेश में नई सरकार बनने पर अपार हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कार्यरत कर्मचारियों के साथ तात्कालिक सरकार के द्वारा पूर्व में किए गए वादो से मुकरने, कर्मचारी के अधिकारों पर अतिक्रमण व कर्मचारी विरोधी रवैये सरकार के पतन के कारण बनी जिससे प्रदेश में कार्यरत 5 लाख से अधिक कर्मचारी व उनके परिजनो ने सरकार के विरोध में अपने मतों का प्रयोग किया, यहां तक देखा गया कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार कर्मचारियों को महंगाई भत्ता के लिए अनुशासित होकर लोकतान्त्रिक ढंग से कई दिनों तक रोड में बैठना पड़ा, परन्तु सरकार डंडा चलाकर कुचल दिया। कर्मचारियों को कभी भी केंद्र के सामान डीए नहीं दिए,आज भी राज्य के कर्मचारी को समान महंगाई भत्ता अप्राप्त है। इधर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के नाम पर छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूल में भ्रष्टाचार करने वाले दूसरे विभाग के सचिव को सेवा निवृत्त होने के बाद भी 5 सालों तक प्रतिनियुक्ति में प्रमुख सचिव शिक्षा बनाकर शिक्षा विभाग में पदोन्नति ,नियुक्ति ,स्थानांतरण, व आत्मानंद स्कूलों में संविदा भर्ती व प्रतिनियुक्ति में लाखो रुपयों का खेल नीचे स्तर के अधिकारी बीईओ डीईओ के साथ मिलकर जमकर करोड़ों रूपयो का भष्टाचार को अंजाम दिया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता मध्य प्रदेश महासचिव शैलेंद्र यादव प्रदेश शाह सचिव राकेश तिवारी जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा जिला जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव बृजेश वर्मा ईश्वर मांडवी सचिव जीवन वर्मा जिला कोषाध्यक्ष हंस कुमार मेश्राम जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू जिला महासचिव संदीप साहू रतिराम कन्नौजे आदित्य तिवारी जिला महामंत्री राजेश साहू ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुरैटी छुरिया गिरीश हिरवानी डोंगरगांव मनीष पसीने डोंगरगढ़ अनिल शर्मा राजनंदगांव शरद शुक्ला विद्यानंद डोंगरे संतोष टेमरे कृष्ण यादव सुकालू वर्मा दानेश्वर लिल्हारे भारती साहू पंचशील सहारे राजकुमारी जैन नीरज बाला डोंगरे किसन देशमुख फ्लेश साहू राजेश राजपूत चुम्मन देवांगन प्रदीप वर्मा बृजभूषण राजपूत लुकेश वर्मा ने नई सरकार बनने पर बधाई दी ।



# चुनाव में काम करने वाले कार्यकर्ताओं का नपा नेता प्रतिपक्ष छाबड़ा ने किया आभार



**डोंगरगढ़,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ विधानसभा के समस्त भाजपा संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का नपा नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा ने धन्यवाद दिया है कहा कि पूरी एकता ईमानदार कड़ी मेहनत से डोंगरगढ प्रत्यशी विनोद खाण्डेकर के पक्ष में सभी ने एकजुटता से चुनाव लड़ा जिसके लिए सहृदय धन्यवाद देता हूं चुनाव एक सामान्य प्रक्रिया हैं जिसमे जीत हार सिक्के के दो पहलू की तरह हैं हालांकि जनता का जनादेश डोंगरगढ विधनसभा में कांग्रेश के पक्ष में रहा जनता के जनादेश को हम स्वीकार करते हैं । प्रदेश में भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार बनी जिसके लिए प्रदेश के समस्त भाजपा पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत कर्तव्यनिष्ठा एकजुटता के लिए धन्यवाद । यह जीत प्रदेश की जनता की जीत हैं वही डोंगरगढ विधनसभा के विकास व जनहित के लिए हर सम्भव कार्य करने आम जनता को आस्वाशित करता हु निश्चित ही जनता ने प्रदेश से कांग्रेस के भष्टाचार कुशासन से प्रदेश को मुक्त कराया।

## जन्मदिन पर दी बधाई

**डोंगरगढ़,** 6 दिसंबर। प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे के जन्मदिन पर न्यू विश्राम गृह में कांग्रेस कार्यकर्तायो द्वारा केक काटकर बधाई दी गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल , ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता ,रामजी तराने, अनिल मेश्राम ,हरीश भंडारी, रूपचंद खोबरागड़े ,जितेंद्र सिंह भाटिया, प्रमोद टेंबुरकर, संजय यादव, प्रकाश महानदी, रेखा खोबरागड़े, मतीन खान,रजत देशपांडे सहित अन्य उपस्थित थे।



# जिले के चिन्हित क्षेत्र कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र किए गए घोषित

**गरियाबंद,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने गरियाबंद जिले में चिन्हित क्षेत्रों के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। जारी निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय तथा समस्त शासकीय कार्यालय चिन्हित क्षेत्रों में शामिल होंगे। इनके 100 मीटर के परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के हॉस्पीटल, शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालय शामिल होंगे। इस संबंध में जारी निर्देशों के परिपालन में सभी शासकीय कार्यालयों के बाहर ध्वनि प्रतिबंधित क्षेत्र का सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए है। अपर कलेक्टर ने इस तारतम्य में सभी विभाग प्रमुखों को सूचना बोर्ड लगाकर पालन प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए, कोलाहल नियम 1985 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों के तहत कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर ने सक्षम अधिकारी को कडाई से आदेश पालन कराने के निर्देश दिए है। विशिष्ट परिस्थितियों में किंतु स्थानीय विधि विद्यार्थियों की पढ़ाई, वृद्धाओं, निशक्त, रोगियों आदि की बाधा एवं परित्रास को ध्यान में रखते हुए आम सभाओं एवं जुलूसों तथा धार्मिक आयोजनों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। उक्त नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत अनुमति प्रदान किए जाने हेतु संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम को प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत अनुविभागीय दंडाधिकारी गरियाबंद, राजिम, छुरा, देवभोग एवं मैनपुर अपने सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनुमति देने के लिए प्राधिकृत है।



**बिना पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित**

# उपसंभाग को पूर्ण संभाग दर्जा के लिए सदन में उठाया मुद्दा

**डाक विभाग के पूर्ण संभाग की मांग रखी सांसद पाण्डेय ने**



**राजनांदगांव,** 6 दिसंबर। राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान डाक विभाग के उप संभाग से पूर्ण संभाग का दर्जा प्रदान करने का विषय लोकसभा में उठाया । सांसद ने कहा कि डाक विभाग का संभागीय कार्यालय भिलाई में होने से कई सारे विभागीय कार्य हेतु अनावश्यक आवागमन करना पड़ता है जबकि राजनांदगांव में सम्पूर्ण व्यवस्था होने के बावजूद कार्यो में विलम्ब होता है। सांसद पाण्डेय ने सदन में कहा कि संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चार जिलों व अन्य जिले की विकासखंड अंतर्गत स्थित डाक उपसंभागो को शामिल राजनांदगांव में शामिल करते हुए डाक विभाग का पूर्ण संभाग बनाया जाये। जिस हेतु केंद्रीय संचार मंत्री ने उक्त मांग पर आश्वासन प्रदान किया है।

# आरंग में अवैध चखना दुकानों और अवैध ठेलों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**आरंग,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। आरंग अनुभाग के शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना दुकानों पर प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्यवाई करते हुए दुकानों पर बुलडोजर चला दिया है। इसके अलावा आरंग के कॉलेज चौक पर यातायात को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से कॉलेज के बाउंड्रीवाल से लगे ठेलों गुमटियों को हटाया गया है।आपको बता दे कि मंगलवार को रायपुर कलेक्टर डॉ.भूरे के आदेश के तुरंत बाद प्रशासन एक्शन मोड़ पर आ गई है।आरंग सहित रायपुर जिले के सभी शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना दुकानों को हटाया जा रहा है।आरंग में हुई कार्यवाई के दौरान मौके पर आरंग तहसीलदार राममूर्ति दीवान, नायब तहसीलदार नीलम पिस्दा और नगर पालिका सीएमओ होरीसिंह ठाकुर की मौजूदगी में प्रशासन ने आरंग शराब दुकान रोड में लगे सभी अवैध चखना दुकानों को हटाने का काम किया गया।इसके बाद लंबे समय से शिकायत मिलने के बाद कॉलेज चौक में प्रशासनिक अमले ने यातायात को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से कॉलेज के बाउंड्रीवाल से लगे ठेले गुमटियों को हटाया। इस दौरान आरंग पुलिस की टीम भी मौजूद रही।कार्यवाई के बाद आरंग एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ये कार्यवाई लगातार जारी रहेगी। क्षेत्र में अवैध चखना दुकानों के बाद क्षेत्र में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने का काम किया जाएगा। साथ ही बिना लाइसेंस मांस-मटन बिक्री करने वालो पर भी कार्यवाई की जाएगी।



- शराब दुकान के आसपास व कॉलेज चौक के पास लगे अवैध दुकानों को हटाया गया
- आरंग एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने कहा- आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

# साहू समाज ने दलेश्वर साहू व भोलाराम साहू को जीत की बधाई दी



**डोंगरगांव,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। तहसील साहू संघ डोंगरगांव के पदाधिकारीयों ने वर्तमान विधानसभा चुनाव में डोंगरगांव से लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए विधायक दलेश्वर साहू व खुज्जी से निर्वाचित भोलाराम साहू को उनके निवास स्थान में जाकर जीत की बधाई दी। जिसमे -अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, मूलचंद साहू, धर्मेन्द्र साहू, लविंद्र साव, पुरुषोत्तम साहू, सुंदरलाल साहू, गिरीश साहू, बेलस साहू, गुमान साहू, युवराज साहू अमलीडीह से के डी साहू, तुमडीबोड इन्द्रसेन साहू, खुज्जी भुवाल साहू, महेश साहू दिवान भेडी दयाल दास साहू भागवत साहू, अमलीडीह बरातू राम साहू, बिजेलाल साहू, पोवादास साहू, हिरामन साहू, भगवान दास साहू, कीर्ति साहू, सत्यप्रभा साहू, लेखा साहू, भागवत साहू ने जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# ठंड से बचाने अलाव का सहारा

**खरोरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। शीतलहर के चलते ठिठुरन भरी ठंड ने लोगों को पूरी तरह से हलकान कर दिया है । इससे बचने लोग दिनभर अलावा का सहारा लेने के अलावा अन्य जतन करने में लगे रहे। मंगलवार को मौसम का मिजाज पुरी तरह से बदल गया । जिससे अल सुबह ही करने की कड़ाके की ठंड पड़ती रही इसे देखते हुए कुछ लोग दिन में भी अलाव का सहारा लेते नजर आये ठंड की वजह से लोगों की दिनचर्या में भी बदलाव देखने को मिला कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों के अलावा अन्य जतन कर रहे हैं।



# आरंग में सतनामी समाज ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस



**आरंग,** 6 दिसंबर। सतनाम भवन कॉलेज चैक आरंग में बुधवार को सतनामी समाज आरंग के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष घनश्याम टंडन व बेदराम खुटे ने मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर समाज के डम्बेश्वरी कोसले, संगीता पाटले, गोमती राजेत्री, सुशीला गिलहरे, राजकुमार बंजारे, बिनेश ढ़ीढ़ी, गणेश बांधे, खेमलाल खेलवार, टिकेश्वर गिलहरे, दिवाकर जांगडे, ललित ढ़ीढ़ी, धरम टंडन अनिल कोशले, सुनील सोनवानी, भीम मनहरे, भोला मनहरे, भोला जांगडे, बलराम सोनवानी, नंदकुमार ढ़ीढ़ी, रितेश कुमार, पी.सी. पाटले, जनकराम आवड़े, बुधेलाल सोनवानी आदि पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित रहे।

# छग से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया



**राजिम,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। इस बार की चुनाव ने ये साबित कर दिया कि आप कितने बड़े अंतर से चुनाव जीत जाएं अगर जनता की अपेक्षाओं पर खरा नही उतरेंगे तो वही जनता आपको नीचे उतार देंग , ये चरितार्थ हुआ है राजिम में, पिछले चुनाव 58000 से जीतकर सिर्फजीत का ढिंढोरा पीटते रह गये जनता से किये गये वादों का अनदेखा किया गया जिसका परिणाम रोहित साहू ने पिछले चुनाव के खाई को पाटकर 11911 मतों से शानदार जीत हासिल कर इतिहास रच दिये हैं । इसके अलावा कांग्रेस की तुष्टिकरण , भय , भ्रष्टाचार , महिलाओं के साथ अत्याचार , युवाओं के साथ छल आदि बहुत से कारणों ने राजिम सहित पूरे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया । राजिम क्षेत्र की जनता ने रोहित साहू के नाम की घोषणा के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित मान कर चल रहे थे , इसका सबसे बड़ा कारण उनकी सहज , मिलनसार छवि , आम जनता से सीधा जुड़ाव रहा है । इस चुनाव में मोदी जी गारंटी ने चुनाव समीकरण ही बदलकर रख दिया , राजिम सहित छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर पूरा विश्वास करते हुए मतदान किये हैं क्योंकि जनता जानती है कि मोदी जी जो बोलते हैं वो करते हैं । राजिम की जीत में मोदी जी का कुशल नेतृत्व , अमित शाह जी की रणनीति, रोहित साहू के व्यक्तित्व , भाजपा के सभी समर्पित कार्यकर्ता की मेहनत , क्षेत्र की वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन एवं हजारों हजार उन अदृश्य मतदाताओं का योगदान रहा है । इन सबका हार्दिक आभार एवं रोहित साहू को बहुत बहुत बधाई , उक्त बातें रोहित साहू के निर्वाचन अभिकर्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ने कहा ।

# जिले के खिलाड़ियों का नेशनल गेम्स गोवा में रहा वर्चस्व

**पिथौरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों 37 वीं नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में संपन्न हुआ। उक्त आयोजन में प्रदेश से 27 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था । इस नेशनल गेम्स में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाड़ियों ने सहभागिता की था। छत्तीसगढ़ मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव भूपेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन व कुशल निर्देशन में प्रदेश टीम को कुल 5 पदक हासिल करने में में कामयाबी मिली ।जिसमें 1 स्वर्ण पदक,1 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल है।

प्रदेश टीम के मैनेजर हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि डबल इवेंट मेन्स में महासमुंद जिला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नीलसागर पटेल को स्वर्ण पदक ,विमेंस टीम इवेंट में चैनकुमारी निषाद को कांस्य तथा सिंगल इवेंट मेन में संजीव नायक को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

प्रदेश टीम में बतौर मैनेजर पिथौरा के हेमन्त खुटे के साथ महिला टीम की कोच कल्पना स्वामी तथा पुरुष टीम के कोच राणा अजय सिंह शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में जिले से हीना निषाद,नीलम निषाद व तिस्ता खुटे ने भी शिरकत की थी। महासमुंद जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।



**नीलसागर ने प्रदेश को दिलाया स्वर्ण पदक वहीं जिले के खिलाड़ी संजीव नायक व चैन कुमारी ने भी कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई**

## निधन

### जय भगवान अग्रवाल



**पिथौरा,** 6 दिसंबर। नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं व्यवसाय जयभगवान अग्रवाल उम्र 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। वे अरविंद अग्रवाल (अरविंद हार्डवेयर), अनूप अग्रवाल (अध्यक्ष,व्यापारी एकता मंच) व संदीप के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रात: निकली गई अंतिम यात्रा में नगर के नागरिकों सहित व्यापारी वर्ग एवं समाज के लोग शामिल हुए व्यापारी संघ एवं नागरिकों ने श्री अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अवैध चखना सेंटरों पर...

विदित हो कि शहर के अंदर सार्वजनिक स्थानों के पास संचालित इन अवैध चखना सेंटरों की वजह से आसपास का माहौल खराब रहता था। इनके हट जाने से शराबखोरी व असामाजिक हरकतों पर लगाम लगेगी। यह कार्रवाई आगे भी जारी रखी जायेगी।

इस पूरी गतिविधि के दौरान पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहू, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव, सहित अनेक कर्मचारी व पुलिस बल तैनात रहा।

### राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की...

संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट में हिन्दू युवा मंच के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

रैली में हिन्दू युवा मंच के संयोजक गोविंदराज नायडु, पार्षद अरुण सिंह, मंगल राजपूत, कमलेश सिंह, विनोद बैस, एचके सिंह, अभिषेक सिंह, अशोक ठाकुर, आनंद गौतम, विनोद सिंह, करुणा सिंह के अलावा संगठन व समाज से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### अरूण वोरा अपने वार्ड सहित ...

भाजपा में रहने के बाद कांग्रेस में शामिल हुई थी। तकियापारा वार्ड में ही वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा को 13 सौ 8 मतों से जीता से। यहां पर भाजपा को मात्र 377 तथा कांग्रेस को 1685 वोट मिले। एमआईसी प्रभारी संजय कोहले के वार्ड मोहन नगर पूर्व से कांग्रेस 648 मतों से पराजित हो गई। गंजपारा वार्ड पार्षद ऋषभ जैन के वार्ड को भी कांग्रेस 749 मतों से हारी यहां भाजपा को 12 सौ 45 व कांग्रेस को 451 मत ही मिले। उल्लेखनीय है कि ऋषभ जैन नगर निगम में एमआईसी के प्रभारी होने के साथ ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकिट के दावेदार भी थे।

विधायक प्रत्याशी अरूण वोरा के बेहद करीबी भोला महोबिया एमआईसी प्रभारी के तमेर पारा वार्ड से भी कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा जीत दर्ज नहीं करा सके। तमेरपारा वार्ड में भाजपा को 1341 और कांग्रेस को मात्र 842 मत मिले। श्री वोरा इस वार्ड से 499 मतों से हार गये। एमआईसी प्रभारी शंकर सिंह ठाकुर भी कांग्रेस के वोरा को विजय नही दिला सके। सिकोलाभाठा वार्ड से भाजपा को 12 सौ 29 तो कांग्रेस के वोरा को मात्र 581 वोट मिले। कांग्रेस यहां 648 मतों से पराजित हुई। कांग्रेस की वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी जमुना साहू भी उरला पश्चिम वार्ड से वोरा को जिता नहीं पाई। इस वार्ड से भाजपा को 17 सौ 89 तथा कांग्रेस को मात्र 656 वोट मिले। यहां पर कांग्रेस 11 सौ 33 वोटों से हार गई। किल्ला मंदिर वार्ड के पार्षद मनदीप भाटिया भी एमआईसी प्रभारी है और यहां भी कांग्रेस हार गई। यहां कांग्रेस मात्र 10 वोटों से हार का सामना करना पड़ा।

वार्ड क्रमांक 25 संतरा बाड़ी वार्ड शहर का ऐसा महत्वपूर्ण वार्ड है जहां पिछले 25 वर्षो से कांग्रेस के पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा एवं उनकी पत्नी सत्यवती वर्मा पार्टी पार्षद है। श्रीमती वर्मा एमआईसी की प्रभारी है और श्री वर्मा वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष भी है। उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। वर्मा दंपत्ति भी अरूण वोरा को अपने वार्ड से जीत नहीं दिला सके। श्री वोरा यहां भी 222 मतों से हार गये। यहां पर कांग्रेस को 6 सौ वोट मिले व भाजपा को 822 वोट मिले। वार्ड 54 पोटियाकला दक्षिण वार्ड से एमआईसी प्रभारी अनूप चंदानिया के वार्ड से भी कांग्रेस 953 वोट से चुनाव हार गई। यहां पर भाजपा प्रत्याशी को 28 सौ 31व कांग्रेस 18 सौ 78 वोट मिले। केलाबाड़ी वार्ड से एमआईसी प्रभारी मो. हमीद खोखर ने अपने वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी को 1 हजार 37 मतों से विजय दिला सके। यहां पर कांग्रेस को 24 सौ 79 व भाजपा को 14 सौ 42 वोट मिले।

इनके अलावा शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल व उनके पुत्र वधु कांग्रेस पार्षद सत्यवती पटेल के मरार पारा वार्ड से कांग्रेस 11 सौ 6 वोट से हार गई। इनके अलावा वरिष्ठ पार्षद मदन जैन के आपापुरा वार्ड से भी कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाई। कांग्रेस के सारे दिग्गज नेता अपने अपने वार्डो से कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाने में असफल रहे। कसारीडीह वार्ड क्रमांक 42 जहां अभी 6 माह पूर्व ही पार्षद के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी 6 सौ से ज्यादा वोटों से जीती थी वहां से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा 6451 मतों से चुनाव हार गये। कांग्रेस पार्षद संगीता गीते, उनके पति प्रकाश गीते विगत 25 वर्षो से इस वार्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे है। कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव नही जीता सके। इन 26 वर्षो में गीते परिवार के 4 सदस्य पार्षद का चुनाव जीतते रहे है। इसी से लगे गुरू घासीदास वार्ड में पार्षद प्रकाश जोशी ने अरूण वोरा को 94 वोट से बढ़त दिलाई है। श्री जोशी अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश किया है।

# बेमौसम वर्षा से हुई फसल क्षति की सूचना किसान भाई 72 घंटे के भीतर दें : उप संचालक कृषि

**धमतरी,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में गत दो-तीन दिनों से हो रही असामयिक वर्षा से फसल कटाई के बाद खेतों में रखे गये करपा को जल भराव होने की स्थिति में नुकसान होने की संभावना है। इसके मद्देनजर उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों को सलाह दिया है कि वे खराब मौसम को देखते हुए फसल कटाई का कार्य रोक दें तथा खेतों में रखे गये करपा को मेड़ों पर अथवा खरही जमाकर रख दें, जिससे वर्षा के पानी से होने वाले नुकसान से फसल को बचाया जा सके। उप संचालक ने यह भी बताया कि यदि बेमौसम वर्षा से किसी भी किसान के खेत में रखे गये फसलों को नुकसान हुआ है, तो ऐसी स्थिति में वह बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18004190344 में क्षति होने के 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से सूचित करें अथवा लिखित में कृषि या राजस्व विभाग के मैदानी अमलों तथा संबंधित बैंक शाखा को भी अनिवार्य रूप से सूचित करें, ताकि बोई गई फसलों के क्षति का आंकलन मैदानी अमलों द्वारा किसानों के खेतों का मौका मुआयना कर शासन की निहीत प्रावधान अनुसार नियत समय में बीमा क्षतिपूर्ति की कार्यवाही किया जा सके।

# चखना दुकानों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**खरोरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर जिले के शहरी क्षेत्र में स्थित 59 तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित 19 कुल 78 अलग-अलग शराब दुकानो के आस-पास चखना दुकान संचालित करने वाले संचालको के विरुद्ध कार्यवाही कर दुकानों को हटाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके साथ ही अधिकांश चखना दुकान ठेला मुख्य मार्ग के ईर्द-गिर्द संचालित हो रहे थे, जिसमें कई व्यक्ति चखना दुकानों में शराब पीकर आपस में विवाद करते थे जिससे उस मार्ग में गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानी होती थी। जिन्हें मंगलवार को आबकारी विभाग एवं पुलिस के आला अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ऐसे स्थानों में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए शराब दुकानोखरोरा में भी विशेष अभियान चलाया गया व अवैध चखना दुकानों को हटाया गया।

# प्रेम प्रसंग बना हत्या का मुख्य कारण

## न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को भेजा गया ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर

**खैरागढ़,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। 4 दिसंबर को खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम टिंगामाली पानी खोल जंगल नाला के पास एक अज्ञात पुरूष का लाश 40- 45 वर्ष का शव मृत अवस्था में मिला था. जिसके सिर, मस्तक, चेहरे में गंभीर चोट आयी हुई थी. खून अधिक मात्रा में निकला हुआ था. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था. एसपी अंकिता शर्मा एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना गातापार में एक विशेष टीम गठित कर प्रकरण के हर पहलुओं पर बारिकी से जांच विवेचना प्रारंभ की गई विवेचना के दौरान अज्ञात शव का पहचान ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व.खूबसिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बिरासन पोस्ट करिया तहसील पवई थाना सेमरिया जिला पन्ना (मप्र) हाल निवास रश्मिदेवी नगर खैरागढ के रूप में पहचान हुआ है. पुलिस ने प्रकरण में घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य, गवाहों के कथन, तकनीकी साक्ष्य व मुखबीर के सूचना आधार पर संदेही हेमंत वर्मा व तोवेन्द्र देवागंन उर्फ लाला को



हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि आरोपी हेमंत वर्मा का प्रेम संबंध मृतक ब्रजेन्द्र सिंह की पत्नी से लगभग 3 माह पूर्व से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो कि मृतक ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत व उसके पत्नि के मध्य आपसी तालमेल सामंजस्य नही होने से पति - पत्नि के बीच आये दिन पारिवारिक लड़ाई हुआ करता था. जिसके चलते मृतक की पत्नि सोनम राजपूत अपने पति को रास्ते से हटाकर प्रेमी हेमंत वर्मा के साथ आगे जीवन जीना चाहती थी. इसलिए दोनो ने अपने योजना में हेमन्त के दोस्त तोवेन्द्र देवागंन उर्फ लाला को भी शामिल कर लिया यह मामला 3 दिसंबर को योजनाबद्ध तरीके से मृतक की पत्नी ने आरोपी हेमंत को घर बुलाई आरोपी पूर्व से परिचित होने का फायदा उठाकर मृतक के घर आकर पार्टी करने का बहाना बनाकर मृतक को घर से लेकर मुढ़ीपार गया जहां पूर्व से सह आरोपी लाला उपस्थित था, जहां योजना के मुताबिक मृतक को खूब शराब पिलाकर मृतक के नशे में होने पर उसे मोटर सायकल से रात्रि में ही सुनशान जगह ग्राम टिंगामाली सिवनी रोड में घटनास्थल पानी खोल जंगल नाला के पास ले जाकर हेमंत व लाला ने मृतक ब्रजेन्द्र सिंह के सिर में भारी पत्थर से गंभीर वार, हत्या कर दिया हत्या के बाद दोनों आरोपी सबूत मिटाने व पुलिस से बचने की नियत से हत्या में प्रयुक्त पत्थर को घटना स्थल से उठाकर टिंगामाली रोड किनारे जंगल में छिपा दिया घटना के समय पहने हुए खून से लगे कपडो को दोनों आरोपियों ने खैरागढ़ आकर आरोपी लाला के घर के पिछे सुनशान जगह पर जला दिया मृतक ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत के मोबाइल को दाउचौरा के आमनेर नदी में फेक दिया आरोपियों के निशानदेही पर घटना स्थल के पास टिंगामाली रोड किनारे से हत्या में प्रयुक्त दो नग पत्थर व घटना के समय पहने हुए कपडों का जला हुआ राख आरोपी लाला के घर के पीछे दाउचौरा खैरागढ से बरामद किया गया पुलिस ने मामले में धारा 120 बी, 201, 34 भादवि जोडी गई आरोपी हेमंत वर्मा पिता जागेशर वर्मा निवासी बैगाटोला थाना गातापार व तोवेन्द्र देवागंन उर्फ लाला पिता केजूराम देवांगन निवासी वार्ड नं. 16 दाउचौरा खैरागढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया प्रकरण की विवेचना जारी है उक्त कार्यवाही में थाना गातापार से सउनि के के राय, सायबर सेल प्रभारी टैलेश सिंह, प्रआर आशीष वर्मा, प्रआर राकेश काड़े, आर रामसेनही, वेद प्रकाश, हेमंत साहू, गजेन्द्र यदु, गोपेन्द्र चौहान, कांता कुसरे सहित सायबर टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# पीएम किसान सम्मान निधि अब सरपंच भी आएंगे दायरे में

**बेमेतरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16 वीं किश्त के संबंध में शासन की गाइड लाइन के आधार पर निर्देश जारी किए हैं। सात बिंदुओं की गाइड लाइन में कहा है कि अगर निर्धारित मापदंड पूर्ण करते हों, तो वर्तमान सरपंच पदधारी व पूर्व सरपंच पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र हैं। ऐसे में सरपंच या पूर्व सरपंच होने के कारण उन्हें अपात्र नहीं किए जायेंगे। उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डड़सेना इस योजना का प्रसार करने प्रशिक्षण, मेले, अभियान चलाने कहा है।

पीएम किसान योजना के मोबाइल एप व हितग्राही किसानों के लिए नवीन सुविधा किसान ई-मित्र चैटबॉट का सघन प्रचार करने कहा गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदाय नवीन निर्देशों की जानकारी के संबंध में जिले के सभी विकासखंड वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। उप संचालक कृषि, जिला बेमेतरा ने पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि योजना का लाभ प्रदान करने, पात्रता रखने वाले सभी हितग्राही किसानों की अधूरी प्रक्रिया को 30 दिन के भीतर पूर्ण कराया जाए। कृषि उप संचालक ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत आगामी 16वीं किश्त जारी किए जाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया तय समय में पूर्ण किए जाने शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराया है। सात बिंदुओं की गाइड लाइन में बताया गया है कि वर्तमान सरपंच पदधारी व पूर्व सरपंच प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पात्र हैं। यदि वे इस योजना के अंतर्गत सभी निर्धारित मापदंड पूर्ण करते हैं, तो सरपंच या पूर्व सरपंच होने के कारण योजनांतर्गत अपात्र नहीं किया जाना है। विभागीय प्रशिक्षण, मेले, अभियानों जैसे प्रचार-प्रसार कार्यकमों के माध्यम से पीएम किसान योजना के मोबाइल एप व हितग्राही किसानों के लिए नवीन सुविधा किसान ई-मित्र चैटबॉट का सघन प्रचार किया जाना है। आगामी 16 वीं किश्त के लिए लॉट ओपनिंग तिथि 20 दिसंबर व लॉट क्लोजर और आरएफटी साइनिंग तिथि 10 जनवरी, एफटीओ जनरेशन और स्वीकृति जारी करते 11 से 15 जनवरी के निर्धारित तिथियों में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शासन से जारी गाइड लाइन के अनुरूप कार्यवाही कर शासन की गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित करें।

# राज्य में सत्ता परिवर्तन से अवैध धन्धों में लिप्त लोगों पर पुलिस हुई सख्त

**■ अवैध शराब पिलाने की सुविधा देने वाले 2 आरोपी पर राजहरा पुलिस की कार्यवाही**



**दल्लीराजहरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद अवैध कार्यों में.लगाम लगाना शुरू हो गया है पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देश पर जिला के समस्त थानों में अवैध शराब जुआ सट्टा शराब भट्टी के समिप चखना व शराब पिलाने वालों पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी के तहत थाना राजहरा के प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में पूलिस स्टाफ अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा देने पर 2 आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही किया। साथ ही शासकीय शराब दुकान के समिप अवैध चखना दुकान को नष्ट किया गया। आरोपी अजीत राम पिता कार्तिक राम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत कारूटोला व आरोपी नूतन कुमार ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर उम्र 36 वर्ष कोण्डे पावर हाउस वार्ड क्र0 6 के विरूद्ध अपराध धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही अभियान पर थाना प्रभारी मुकेश सिंह उप निरिक्षक उमा ठाकुर ए एस आई कांता राम घिलेन्द्र आरक्षक शेरअलि का सराहनीय योगदान रहा।

# खेरथा कालेज में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन

**देवरी बंगला,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के निर्देशन में कालेज में संचालित यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा के डॉक्टर एवं नर्सों की टीम द्वारा किया गया इस दौरान लगभग 250 से अधिक कालेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का बीपी, हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर और दांत के रोगों का परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ .भूषण भोईर दंत सर्जन, डॉ. श्रेया लुनिया दंत सर्जन, दिनेश चंद्र खर्कवाल बीपीएम, एस एल गंधर्व बी ई टी ओ, डॉ. यशवंत वर्मा, डॉ .सादिया बानो, डॉ दीप्ति साहू, डॉ संजय साहू, डॉ देवेंद्र सारथी (चिकित्सा अधिकारी) श्रीमती दीपशिखा, विकास प्रजापति, तारुण्य शर्मा (फार्मासिस्ट) सचिन ठाकुर, लोकेंद्र वर्मा, तोष कुमारी, (लैब टेक्नीशियन) खेमलता, सीता जंघेल (एएनएम) गुलशन साहू, राकेश ठाकुर, हितेंद्र जामुलकर, मुमताज खान, राकेश साहू, रितेश साहू, जसवंत साहू, टुमनलाल मंडावी आदि अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।



# मोदी की गारंटी पर जनता का विश्वास: नीलू शर्मा



**राजनांदगांव,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगीञ्ज का नारा लेकर विधानसभा चुनाव में उतरी भाजपा के प्रचंड बहुमत से विजयी होने पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नीलू शर्मा ने प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन है, जिसे गत पांच वर्षो से कांग्रेस रूपी ग्रहण लगा हुआ था किन्तु मोदी जी द्वारा दी गयी गारंटी पर जनता ने विश्वास कर फिर से कमल खिलाया है जिस हेतु सभी का कोटि कोटि आभार है। भाजपा प्रवक्ता श्री शर्मा ने आगे कहा कि जिस प्रकार से पिछले पांच वर्षो से विकास कार्यो पर ग्रहण लगा हुआ था, जनता से झूठे वादे किये गए थे, प्रशासनिक आतंकवाद के रूप ब्युरोकेट्स जेल की सलाखों के पीछे थे उससे जनता का विश्वास पूरी तरह से कांग्रेस से उठ चूका था। सरकार की सारी योजनाएं धरातल में विफल होती नजर आ रही थी, नरवा घुरुवा बाड़ी के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाली सरकार की विदाई तय थी। प्रदेश भाजपा की चुनावी रणनीति पर श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा शुरू से ही जीत पर आश्वस्त थी, पुरे पांच वर्षो तक केंद्र सरकार की योजनाएं को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भाजपा की सरकार आनी तय थी साथ ही नेतृत्व में विश्वास, विभिन्न सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व, उम्मीदवारों का चतुराई भरा चयन, कारगर प्रचार, वैचारिक स्पष्टता और इन सबसे बढ़कर संगठनात्मक सामंजस्य से ही भाजपा ने पुन:सरकार बनाने में सफलता हासिल की है जिसे नयी दिशा प्रदान कर सुशासन की सरकार देने हेतु हम दृढ़ संकल्पित है।

# पंडित किशोरी लाल शुक्ला विधि महाविद्याल मे संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर की पुण्यतिथि अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। पंडित किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय मे आज परम पूज्य , युगपुरुष , भारतरत्न , शिल्पकार , विश्वरत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमे विधि के छात्रों द्वारा डा. बाबासाहेब आम्बेडकर पर अपने विचारों को प्रकट कर उन्हे आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।जिसमे विधि महाविद्यालय के छात्रों सहित कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित हुआ। भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों पर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा संक्षिप्त में महत्वपूर्ण जानकारी बताई गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान जन गण मन से हुई और उसके पश्चात कैंडल और पुष्प अर्पित कर बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित की गई यह स्मरण योग्य है कि विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसके माध्यम से विधि के छात्रों को महापुरुषों की प्रेरणा और उनके बताएं मार्ग और संघर्ष से अपने जीवन में एक बेहतर विधिवक्त्ता बनने की प्रेरणा साकार हो सकेगी। निश्चित रूप से डॉ बाबासाहेब अंबेडकर समता और बंधुत्व की बात करते थे और उन्होंने काफी संघर्ष खेलने के पश्चात आज मरणोपरांत भी पूरा विश्व उन्हें स्मरण कर श्रद्धांजलि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दे रहा है। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं सहायक प्रोफेसर अतुल सोनी सहायक प्रोफेसर प्रांजल ठाकुर और बड़ी संख्या में छात्रगण उपस्थित थे।





**बेमेतरा,** 6 दिसंबर। आज रायपुर से बेमेतरा पहुंचे बेमेतरा के विधायक भाई दीपेश साहू का दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड में रोशन दत्ता, हर्षवर्धन तिवारी सहित कई लोगों के द्वारा फूलमाला बैंड बजा फटाखे मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस आज

## सैनिकों के कल्याण के लिए दान की अपील

**बेमेतरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालक सैनिक कल्याण, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही. एस. एम (से.नि), द्वारा छत्तीसगढ के सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें।




गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है।

विदित हो कि दान की गई समस्त राशि, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी। उपरोक्त दान राशि, 'सचिव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए समामेलित विशेष निधि'' ए/सी नंबर-20246292607 ङ्कस्न्रस्ट ष्टश्स्रद्ग-ङ्कष्ठङ्क0000ऋ518 के नाम पर भेजी जा सकती है। इसके अलावा समीप के सैनिक कल्याण कार्यालय से सम्पर्क कर चेक/आरटीजीएस/ड्रॉफ्ट के माध्यम या बारकोड के व्दारा दिया जा सकता हैं।

# स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षको की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## स्काउटर गाइडर को समस्त गतिविधियों को सुदृढ़ करने किया

**डौण्डी,**6 दिसंबर (देशबन्धु)।भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के आदेशानुसार भारत स्काउट्स गाइड्स स्थानीय संघ डौंडी मे दिनाक 5 दिसंबर को स्काउटर गाइडर की एक दिवसीय कार्यशाला सह बैठक जनपद पंचायत डौंडी के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई , इस कार्यशाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी जे एस भारद्वाज, बीआरसी डौंडी एसएन शर्मा , डी ओ सी गाइड जिला संघ बालोद प्रेमलता चंद्राकर, विकासखंड सचिव डौंडी नेमसिंह साहू ,संयुक्त सचिव डौंडी तनुजा बंजारे, सहित विकासखंड डौंडी के विभिन्न शासकीय/ अशासकीय विद्यालयों से कुल 53 सक्रिय स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे कार्यशाला में अंशदान , राज्यपाल पुरस्कार जांच ,चार्टर वारंट,नवीनीकरण बेसिक प्रशिक्षण, बीएसजी यूआईडी सहित आदि विषयों पर चर्चा हुई। कार्यशाला में बीईओ जय सिंह भारद्वाज ने संबोधन करते हुए सभी स्काउटर गाइडर को अपने संस्था में स्काउटिंग की समस्त गतिविधियों सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किए ,एवं डीओसी चंद्राकर ने स्काउट एवं गाइड के बच्चो के लिए जो शिविर राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय पर आयोजित होती है उसके संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए ,साथ ही वाई पी गांगुली सर एलटी कब मास्टर की गरिमामई उपस्थिति इस कार्यशाला में रही , अंत में आभार व्यक्त के साथ कार्यशाला संपन्न हुई,इस कार्यशाला के सफल आयोजन पर जिला संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।



# लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**■ लालबाग पुलिस की कार्यवाही**

**■ फरहद ओव्हर ब्रीज के पास की घटना**

**■विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना आधार पर, किया गया आरोपियों को गिरफ्तार**



**राजनांदगांव,** 6 दिसम्बर (देशबन्धु)। मामले का विस्तृत विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी कृष्णा कुमार देवांगन पिता अशोक कुमार देवांगन उम्र 33 साल साकिन वार्ड नं 50 सिंगदई थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पत्र पेश किया दिनांक 05.12.2023 के दोपहर करीबन 03ः00 बजे वह अपने ट्रक को ट्रांसपोर्ट नगर मे खड़ा कर लिफ्ट लेकर अपने घर सिंगदई जा रहा था रास्ते मे उसने लिफ्ट लिया और फरहद चौक के पास उतरा फिर वहां से वह पैदल जा रहा था कि मेन रोड फरहद चौक फ्लाई ओवर आगे पहुंचा था कि पीछे से दो मोटर सायकल मे कुछ अज्ञात लोग आये और उसे रोकर उसके साथ मारपीट किये और उसका मोबाईल ओप्पो ए-3 जिसका आईएमईआई नंबर-1-867196053084974 नंबर -2-867196053084966 जिसमे सीम नंबर 9131390060, 9752991028 लगा था तथा उसके पर्स मे 1500 रूपये था आधार कार्डड्रायविंग लाईसेस एवं ब्लूटूथ ईयर फोन को लुट लिये जिस पर थाना लालबाग में अपराध कमांक 489/23 धारा 394 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुये रात्रि में ही टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश हर पहलू पर किया गयामुखबीर सूचना के आधार पर पांच आरोपियों को पकड़ा गया जिसमें से 03 आरोपी विधि से संघर्षरत बालक हैतथा 02 आरोपी परमानंद गोंड़ पिता मेमसिंग गोंड़ उम्र 23 साल साकिन वार्ड नंबर 18 रेवाडीह, 02. मिथलेश ओटी पिता नरेश ओटी उम्र 18 साल 11 माह साकिन रेवाडीह थाना लालबाग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर लूट करना स्वीकार किया एवं लूट किया गया मशरूका मोबाईल कीमती 14000/रू. व नगदी रकम 1500/ रू. व घटना में इस्तेमाल 02 नग मोटर सायकल कीमती 1,00,000 रू. पेश करने पर विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नदंकिशोर गौतम, उनि0 हृदय शंकर पटेल, उनि0 गीतांजली सिन्हा, सउनि राजू मेश्राम, आर0 1371 राकेश ध्रुव, आर0 583 राजेश श्रीवास्तव, आर0 88 राकेश ठावरे, आर. 1142 रवि वर्मा, आर. 1272 सुनील बैरागी की सराहनीय भूमिका रही।

# बेमौसम बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान

## खरीदी केन्द्रों में रखे धान बारिश में भीगने से हो रहे खराब

**बागबाहरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा अंचल में बदली के बाद दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश से किसानों के खड़ी धान की फसल भीगने से खराब हो रही है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकती है। किसानों के धान की खड़ी फसल लगातार पानी गिरने एवं तेज हवाएं चलने से खेतो में धान की पौधे गिर गई है। वही फसल तहस – नहस हो गई है। धान की बालियां खेतो में नीचे गिर कर पानी में भीग रहे हैं। किसानों के खरीफ धान फसल की कटाई अभी पूरी नहीं हो पाई है। क्षेत्र में लगातार दो दिनों से बारिश होने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकती है। वही फसल कटाई का कार्य बाधित हो गया है। अभी मौसम खुलने के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। चक्रवाती तूफान के चलते बागबाहरा, कोमाखान, नर्रा, खट्टी, गांजर,



मुनगासेर, रेवा, तेंदूकोना, भुरकोनी, बुंदेली, खल्लारी, भीमखोज, तुसदा, तमोरा, खम्हरिया आदि गांवों में दो दिनों से निरंतर बेमौसम बारिश हो रही है। जिससे किसानों की खड़ी धान फसल को भारी नुक़सान हो रहा है। लोग

**क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश किसानों के विभिन्न फसलों को भारी नुक़सान**

घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। किसानों के मवेशी कोठे में ?बंधे ? हुए है। सभी लोग मौसम खुलने के इंतजार कर रहे हैं। बारिश के चलते खरीदी केन्द्रों में धान की खरीदी नहीं हो पा रही है। वही बारिश के चलते खरीदी केन्द्र नर्रा, परसूली, कछारडीह, घोटियापानी, बकमा, साल्हेभांठा, पटपरपाली, झारा, बोडराबांधा, बाघामुडा, मोगरापाली केन्द्र के फड में रखे धान बारिश के चलते केप कवहर नहीं लगाने से भीग रही है। धान को सुरक्षित रखने में सोसाइटी प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। भीगे हुए धान में अंकुरण आ सकता है। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे किसान ? जिन्होंने ने फसल कटाई के बाद धान खेतो से नहीं उठाया है। उन्हें बारिश से फसल नुकसान होने का डर ?सता रहा है। खेतो में पहले से ही नमी है। वही साग–सब्जी की फसल भी बारिश से भारी नुक़सान हो सकती है। समाचार लिखे जाने तक पूरे अंचल के गांवों में ?लगातार बारिश जारी है। जिससे सभी प्रकार के फसलो को नुकसान होगी

# बेमौसम बारिश, ठंड से बचने अलाव का सहारा



**पिथौरा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल में इन दिनों चक्रवाती तूफान मिचौन्ग के चलते बेमौसम बदली, बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त है। स्कूली विद्यार्थी हो या खेतिहर किसान बारिश के कारण परेशान है।

चक्रवाती तूफान मिचौन्ग के कारण बेमौसम बारिश हो रही है जिसके चलते किसान ज्यादा परेशान है। इन दिनों अधिकांश किसान फसल धान काट रहे हैं, जो काट चुके है, जो सूखा रहे हैं उन्हें इस मौसम की मार सहनी पड़ रही है। बेमौसम बारिश, बदली के कारण स्कूली बच्चों पर भी इसका दुष्प्रभाव है बच्चों में सर्दी, खाँसी की बीमारी है। बारिश के चलते वातावरण में ठंडकता बढ़ सी गई है। लोग ठंड से बचने गरम कपड़े, शॉल, स्वेटर सहित अलाव का सहारा ले रहे हैं। चौक चौराहों में, घरों में लोग आग जलाकर ठंड से बचाव कर रहे है। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दिनों में भी ऐसे ही मौसम होने की बात कही है।

# जन भावनाओं के अनुरूप छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए : ध्रुव



**पलारी,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। छ.ग. राज्य में सन 2011 के जनगणना अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 2,55,45,198 है। जिसमें कुल आदिवासियों की जनसंख्या 78,22,902 है। छ.ग. में कुल आदिवासी जनसंख्या का 55 प्रतिशत आदिवासी गोंड़ समाज की है अर्थात आदिवासी गोंड़ समाज की जनसंख्या 42,94,404 है। छ.ग. का प्रत्येक तीसरा मतदाता आदिवासी है। छ.ग. पुर्णत: आदिवासी बाहुल्य राज्य है। विधानसभा चुनाव 2023 में आदिवासी समाज ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी का परिणाम है कि आज छ.ग. में भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही है।

नरेंद्र मोदी जी, प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को ईमेल के माध्यम से पत्र लिखकर अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव आर एन ध्रुव द्वारा समाज की ओर से निवेदन किए हैं की छ.ग. में सबसे बड़ा समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री बनाकर ऐतिहासिक निर्णय लिया जावे। समाज आपका सदैव आभारी रहेगा।

# 63,800 रुपए प्रति 10 ग्राम, साल के उच्चतम शिखर पर सोना

**भाटापारा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। शांत है सोना और चांदी लेकिन संकेत, बढ़त के मिलने लगे हैं। ऐसे में निवेशकों का रुझान, दोनों में बनता नजर आ रहा है। इधर शादी–ब्याह की तारीखों को लेकर सराफा बाजार ने जरूरी तैयारी चालू कर दी है लेकिन बेहतरी की संभावना कम ही है।

दीपावली और चुनाव के दिन जा चुके हैं। अब बारी है मुहूर्त की तारीखों के। वैवाहिक शुभ मुहूर्त कम ही बताए जा रहे हैं। इसे देखते हुए सराफा बाजार, अंतर्राष्ट्रीय बाजार और कच्चे तेल की कीमत पर कड़ी नजर रखे हुए हैं क्योंकि यह दोनों इस बाजार पर विशेष प्रभाव डालते हैं। कच्चे तेल की कीमत लगातार बढ़ रही है। इसलिए दोनों कीमती धातुएं भी आसमान छूने के लिए बेताब हैं।

**साल के उच्चतम शिखर पर:** 24 कैरेट सोना 63 हजार 800 रुपए प्रति 10 ग्राम। सोना की यह कीमत, चल रहे बरस की उच्चतम कीमत मानी जा रही है। संकेत से सराफा बाजार मानकर चल रहा है कि कमजोर खरीदी के बावजूद मजबूती बनी रहेगी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की स्थिति मजबूत बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर मांग के दिन, मुहूर्त की तारीखों के आसपास ही आएंगे लेकिन जोरदार खरीदी की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है।



**चमक रही चांदी भी**

**रुझान चांदी में:** 750 रुपए प्रति 10 ग्राम कच्ची चांदी। 760 रुपए प्रति 10 ग्राम पक्की चांदी। दोनों में यह भाव अभी भी क्रय शक्ति के भीतर ही माना जा रहा है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र का रुझान चांदी की खरीदी को लेकर बना हुआ है। यह आगे बढ़ सकता है क्योंकि फसल, न केवल तैयार हो चुकी है बल्कि मंडियों में पहुंचने भी लगी है। ऐसे में नगद का प्रवाह बढ़ चला है। असर चांदी की खरीदी के रूप में देखा जा रहा है।

**प्रतीक्षा निवेशकों की:** पीली और सफेद धातु में जैसी मजबूती देखी जा रही है, उसे देखकर निवेशकों की प्रतीक्षा कर रहा है सराफा बाजार। यह इसलिए क्योंकि भविष्य तेजी का ही संकेत दे रहा है। इधर बेहद छोटी मात्रा में निवेश के लिए खरीदी चालू हो चली है, तो पहली बार ग्रामीण क्षेत्र का रुझान भी बन रहा है। सराफा बाजार इसे नए बदलाव के रूप में देख रहा है।

# छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज का बाबा बैधनाथ यात्रा



**भाटापारा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। भाटापारा के 54 सदस्यों द्वारा 4 दिवसीय बाबा धाम देवघर की यात्रा सम्पन्न की गई, इस यात्रा का उद्देश्य समाजिक एकता एवम धर्मिक यात्रा रही ! इस यात्रा में भाटापारा, बलौदाबाजार, खरोरा, रायपुर, हथबन्द, बिलासपुर, इंदौर से भी सदस्य सम्मिलित हुए।

यह यात्रा 1 ता: साऊथ बिहार ट्रेन से प्रारंभ हुइ, प्रथम दिन सुल्तान गंज से गंगा जल भरकर देवधर बाबा धाम में चढ़ाया गया, तत पश्चातसभी मंदिरो का दर्शन कर मां पार्वती एवं बाबा बैधनाथ जी के मंदिर में गठबंधन कार्य किया गया, दूसरे दिन बाबा वासुकी नाथ एवं मां पार्वती के दर्शन का पुन्य लाभ लिये, रास्ते में नौलखा मंदिर का दर्शन किये, सभी दर्शन लाभ वहां के राजू पंडा, एवं बैधनाथ में मुकेश पंडा जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, 54 यात्रिओं को एक ही बड़े हाल में ठहराया गया था लगभग 60 घंटे एक साथ सोने बैढने खाने पीने से पूरा माहौल किसी बरात में ढहरे जैसा लग रहा था, बीच बीच में सदस्यों द्वारा अपने अपने घरों से लाये व्यंजनों का मनुहार भरे वितरण से माहौल खुशनुमा हो गया ! अंत में सभी यात्रीयों ने बोल बम जय धोस के साथ अपने बड़ों का आर्शिवाद लेकर यात्रा की समाप्ति की !

आयोजक प्रदीप, मुकेश, नीतीश, नीतू, विंध्या अग्रवाल एवं सभी सदस्यों अशोक सुशीला संध्या, सरोज, सरस्वती, अंजू, मिथिला, रेखा, श्रुति, उत्तम, मुक्ति, सूर्यकांत, शोभा, शुभम, वीणा, विजय शंकर, अरुणा, पूजा, ज्योति, इंद्रसेन, अनिल, लक्ष्मी, संध्या, संगीता, रविकांत संतोषी, मीना, रेनू, अवनी, अर्चित, प्रीति, कंचन, प्रमिला, कंचन, रिपु सूदन, शिप्रा, मुक्ता, ललिता, दीप्ति, रविकांत, उमा, खुशी, आकाश, शिल्पा, दिव्या, और लालाजी आप सभी विन्ध्या अग्रवाल केन्द्रीय महिला प्रतिनिधी रायपुर अध्यक्षा छग. अग्रवाल भाटापारा का बहुत बहुत धन्यवाद।

# विधानसभा के चुनाव परिणाम लोकसभा को करेंगे प्रभावित



**राजिम,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में कुल आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिनमें बसना, महासमुंद, राजिम और कुरूद से भाजपा को जीत मिली है तो सरायपाली, खल्लारी, बिंद्रानवागढ़, धमतरी विधानसभा से कांग्रेस विजयी हुए हैं। इस तरह से चार विधानसभा पर बीजेपी तथा चार विधानसभा पर कांग्रेस के विधायक है ऐसे में महासमुंद लोकसभा चुनाव भी कांटे के टक्कर हो सकते हैं। किसी भी उम्मीदवार की कमजोरी, मेहनत करने वाले को जीत दिलाने में रामबाण होगा। विधानसभा वार मतों की बात करें तो बसना में भाजपा को 1,08,871मत मिलें। कांग्रेस 72, 078 मत पर सिमटीं और बीजेपी को जीत मिली। इसी तरह से महासमुंद से भाजपा 84, 594, कांग्रेस 68,422, राजिम भाजपा 96,423 कांग्रेस 84,512, कुरूद भाजपा 94712 कांग्रेस 86622। कांग्रेस की जीत वाली सीट जिनमें सरायपाली 1,00,503 मत भाजपा 58,675, खल्लारी कांग्रेस 1,04,052 भाजपा 66,933 मत, बिंद्रा नवागढ़ कांग्रेस 92,639 मत, भाजपा 91,830 मत, धमतरी कांग्रेस 88,544 मत, भाजपा 85938 मत मिले। इस तरह से आठ विधानसभा के कुल भाजपा को मिले मत को जोड़ा जाए तो योग 6,87,969 होता है। कांग्रेस को मिले मत 6,97, 392 है। इस तरह से भाजपा से कांग्रेस की बढ़त 9360 मत से हैं। वर्तमान में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद है। लगातार पिछले तीन कार्यकाल से भाजपा के सांसद चुनकर आ रहे हैं। सन 2009 और 2014 में भाजपा के चंदूलाल साहू करारी मत से जीते थे। सन् 2019 में भाजपा के ही चुन्नीलाल साहू ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद बनाए गए हैं। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से ही भाजपा के चंद्रशेखर साहू, कांग्रेस के विद्या चरण शुक्ला, कांग्रेस से ही संत कवि पवन दीवान, पंडित श्यामाचरण शुक्ला, जनता पार्टी से बृजलाल वर्मा सांसद रह चुके हैं। लगातार तीन बार भाजपा से सांसद बने रहना और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में क्या इस बार भी मोदी मैजिक चलेगा। कुछ भी हो, जीतने वाले उम्मीदवार को खूब मेहनत करनी पड़ेगी, तब कहीं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से विजय श्री प्राप्त किया जा सकता है। महासमुंद लोकसभा सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। कांग्रेस, बीजेपी तथा जनता दल के अलावा अभी तक और कोई दल ने जीत का इतिहास नहीं बनाया है। वैसे भी दोनों तक लोकसभा चुनाव की तैयारी अभी से करना शुरू कर दिए हैं। यहां से जनता किसे अपना आशीर्वाद देते हैं वह समय की गर्त पर छिपा हुआ है।

# भागवत कथा का तीसरा दिन भगवान पर करें विश्वास और आराधना

**सिमगा,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। दामाखेडा मे चल रहें श्रीमद् भागवत मे कथा व्यास आचार्य श्री रामप्रताप शास्त्री जी महाराज ने कथा के दौरान घ्रुव, प्रहलाद व भरत चारित्र के प्रसंग की कथा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, भक्ति और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। दोनों ने माया–मोह छोड़कर भगवान विष्णु को अपना आराध्य माना। उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि उनकी रक्षा के लिए स्वयं श्रीहरि विष्णु ने मृत्युलोक में कदम रखा था। वह हरि के सच्चे भक्त हैं। प्रभु की भक्ति करनी है तो इन दोनों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए सुनायें ध्रुव और प्रह्लाद की कथा:** उन्होंने कहा कि प्रह्लाद और ध्रुव ने प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों ही कठोरतम दंडों और यातनाओं से भी नहीं डरे और ईश्वर की आराधना करते रहे। ठीक उसी प्रकार हमें भी जीवन के संकटों से नहीं डरना चाहिए और भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना में लीन होना चाहिए। भगवान भक्तों की सच्ची पुकार सुनकर निश्चित ही उन पर कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भक्त ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं।



श्री शास्त्री जी ने कहा कि भरत का अर्थ जीवन में त्याग है, जिस राज के लिए केकैई ने दुनिया का अपयश अपने सिर पर लिया। वो राज भरत ने मन की भांति त्याग दिया। अपने हक का त्याग करना ही रामायण है और दूसरे का हक छीनना ही महाभारत है। भरत, श्रीराम को लाने के लिए गुरु वशिष्ट सहित समस्त प्रजा माता कौशल्या, सुमित्रा सहित वन में जाते हैं, लेकिन श्रीराम ने मर्यादा का आभास कराकर चरण पादुका को देकर अयोध्या में वापस भेजा।

उन्होंने कहा कि इस संसार में प्राणी दो रस्सियों में बंधा है, ये अहमता व ममता है। अहमता शरीर को मैं मान लेती है और ममता शरीर के संबंधियों को मानती है। कारण है मन, जब इस मन को संसार की तरफ ले जाओगे तो मोह का कारण बनेगा और जब इसे भगवान की तरफ ले जाओगे तो मुक्ति का साधन बनेगा। इस दौरान श्रद्धालु भाव–विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे।

# जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण



**महासमुंद,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषदए बजरंगदल द्वारा कंबल वितरण के तीन दिवशीय अभियान के प्रथम दिन नगर में विश्व हिंदू परिषदए बजरंगदल के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा घूम घूम कर ऐसे परिवार के सदस्य जो घर से बेघर है। जिनके सिर पर छत नही है। इस कड़कती ठंड में आसमान के नीचे रहने को मजबूर है ऐसे लोगो को आज विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे चिन्हांकित जगहों में जा जा कर कंबल वितरण किया। हम ऐसे सक्षम लोगो से भी अपील करते है जो संपन्न है सामर्थ्य वान है जो ऐसे बेबस और मजबूर लोगो के लिए कुछ कर सकते है वे आगे आएं। किसी को भी कही भी कोई जरूरत मंद के लिए कंबल चाहिए तो संपर्क करें 9977664467 918962768464 इस नंबर में तथा जिला मंत्री अखिलेश लूनिया जिला मंत्री धरेंद्र चंद्राकारए जिला विद्यार्थी प्रमुख नरेश नायक, राहिल भाई, नवीन यादव, आदि से संपर्क कर सकते है।

# बाबा साहब अंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर बौद्ध महासभा ने मौन प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी



**महासमुंद,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। छग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन अजाक्स जिला इकाई महासमुन्द एवं भारतीय बौद्ध महासभा महासमुन्द के संयुक्त आयोजन में 6 दिसम्बर डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नगर के मध्य अम्बेडकर चौक में बोधिसत्व, संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा भारतीय जनमानस में किये गए कार्यों यथा आधुनिक भारत के निर्माता, नारी के मुक्तिदाता, बोधिसत्व, भारत रत्न, संविधान निर्माता, शोषित. दलित, पिछड़ों के मसीहा, कुशल राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, महानायक बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित करने वाले, महिलाओं के लिए हिंदू कोड बिल लिखने वाले, नारी को अधिकार दिलाने वाले, विश्व के 6 विद्वान व्यक्तियों में गिने जाने वालेए विश्व के 8 प्रतिष्ठित विद्वान वकीलों में गिने जाने, भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना करने वाले, दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफइंडिया की स्थापना करने वालेए हिंदू धर्म के सारे ग्रंथों का अध्ययन करने वाले, विश्व के आधा से ज्यादा देशों के संविधान का अध्ययन करने वाले, 9 भाषाओं का ज्ञान रखने वाले, भारत में सबसे ज्यादा 32 डिग्रियां हासिल करने वाले, संविधान लिखने वाले बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को शत शत नमन करते हुए 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिए। इस अवसर पर छ ग अजाक्स जिला महासमुन्द से एस पी ध्रुव, प्रांतीय सचिव, रेखराज बघेल सम्भागीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति समाज, शंकर नंदेश्वर जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, अनिल ढीढी जिला उपाध्यक्ष, तुलेन्द्र सागर जिला सचिव, बी पी मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी, प्रोफेसर जे पी खटकर, एम एल ध्रुव, जिला संगठन सचिव, महेश ध्रुव, राजेश रात्रे, कन्हैया धृतलहरे एवं भारतीय बौद्ध महासभा जिला महासमुंद के जिला अध्यक्ष शंकर नंदेश्वर, बी पी मेश्राम, बी आर घोडेश्वर, राजेश भालेराव, राजेश गजभिये, रतन कामड़े, मुकेश नागदेव, देवा बंसोड़, जय शंकर घोडेश्वर, शालिनी गायगौरे, सोनू टण्डन आदि ने बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन बी पी मेश्राम एवं आभार प्रदर्शन तुलेन्द्र सागर ने किया।

# पीजी कॉलेज में एमएससी गणित की सेमेस्टर आंतरिक परीक्षा संपन्न



**महासमुंद,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा महासमुंद में एमएससी गणित प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के छात्र –छात्राओं की सेमेस्टर आंतरिक परीक्षा 6 दिसंबर को संपन्न हुई। यह परीक्षा 28 नवंबर से शुरु हुई थी। विद्यार्थियों ने कुल 5 पेपर दिए। गौरतलब है कि पंडित रविशंकर शुक्ल से जुड़े कॉलेज में विद्यार्थियों को सेमेस्टर परीक्षा के पहले आंतरिक परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य होती है।

आंतरिक परीक्षा संपन्न होने के साथ ही आज 7 दिसंबर को गणित परिषद का गठन किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष इत्यादि पदों पर विद्यार्थियों को पदाधिकारी नियुक्त किया जाएगा। साथ ही आगामी 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के याद में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाए जाने के सम्बन्ध में चर्चा व इसकी तैयारी की गई। इसके उपलक्ष्य में इस दिन छात्र–छात्राओं के लिए विविध प्रतियोगिताएं भी रखी जाएंगी। साथ ही महाविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा 29 दिसंबर से शुरु हो होगी। इसके लिए विभाग के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दी गई। यह जानकारी गणित विभाग से गौरव कुमार सोनी ने दी।

# अवैध शराब ब्रिकी करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 दिसंबर (देशबन्धु)। कसडोल पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबारी के खिलाफकार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार भाटापारा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी कसडोल के द्वारा थाना कसडोल के समस्त अधिकारी कर्मचारी को थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब जुआ, सट्टा पर सक्त कार्यवाही करने का दिशा निर्देश दिया गया था जिसके तारतम्य में 6 दिसम्बर को उक्त कार्यवाही की गयी।

जानकारी के अनुसार थाना कसडोल के उनि नायक व थाना स्टाफद्वारा मुखबीर से सूचना मिलने पर इंदिरा कालोनी कसडोल मे विनोद कुमार उर्फगोलु मिरी के घर रेड कार्यवाही की गयी। जहां विनोद कुमार उर्फ गोलु मिरी के घर आगन मे एक सफेद लाल रंग के थैला मे 60 पाउच हाथ भटठी महुआ शराब किमती 3000 रू तथा 10 पाव जम्मु व्हीस्की किमती 1200 रू तथा 500रू ब्रिकी रकम मिला कुल जुमला किमती 4700 रू जिसे समक्ष गवाहों के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। अवैध शराब रखने को लेकर उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2) आब. एक्ट का घटित करना पाये जाने से समय सदर में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के द्वारा न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। सम्पुर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी लखेश केवट, उपनिरीक्षक सुखेन नायक, आरक्षक 921, 804 म.आर 788 व थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।